# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, सोमवार 14 जुलाई 2025







## खबर संक्षेप

### पलामू में बनेगा टाइगर सफारी 'राजगीर मॉडल'

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य के पहले टाइगर सफारी की स्थापना के लिए बिहार के राजगीर



मॉडल को अपनाने का निर्णय लिया है। कभी माओवाद से प्रभावित रहे पलामू क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कदम उठाया जा रहा है। पलामू बाघ अभयारण्य में टाइगर सफारी विकसित करने के लिए राजगीर मॉडल को अपनाने का निर्णय लिया गया है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर चार श्रद्धालुओं की मौत

**कुशीनगर।** कुशीनगर जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़त की वजह से कार सवार चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य घायल हो गए। कार सवार श्रद्धालु बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित थावे दुर्गा मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। कार चालक की आंख लगने की वजह से गाड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से पीछे से टकरा गई। कार सवार श्रद्धालुओं ने झारखंड के बाबा धाम की आध्यात्मिक यात्रा की थी।

### मांडवी नदी में पहली 'रो-रो' फेरी सेवा आज से

**पणजी।** गोवा के नदी नौवहन मामलों के मंत्री सुभाष देसाई ने कहा कि सरकार मांडवी नदी पर



चोराओ द्वीप को राजधानी पणजी से जोड़ने वाली पहली 'रोल-ऑन, रोल-ऑफ' (रो-रो) फेरी सेवा की 14 जुलाई से शुरुआत करने जा रही है। यह सेवा पारंपरिक नौकाओं की जगह लेगी। इस नयी 'रो-रो' सेवा के माध्यम से द्वीप से मुख्य भूमि तक की यात्रा महज 12 मिनट में पूरी हो जाएगी।

### केरल की नर्स को यमन में बचाने आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें केंद्र को एक भारतीय नर्स को बचाने के लिए राजनयिक माध्यमों का इस्तेमाल करने के वास्ते निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। नर्स को हत्या के जुर्म में 16 जुलाई को यमन में फांसी दिए जाने की संभावना है।

---

**हरिभूमि न्यूज/रायपुर।** अस्पताल, डीकेएस और डेंटल कालेज के रेस्पांस टाइम की खबर प्रकाशित की गई थी। रायपुर के चार बड़े अस्पतालों में हरिभूमि के चार रिपोर्टर मरीज बनकर पहुंचे थे। रायपुर के बाद हरिभूमि रिपोर्टर्स ने राजनांदगांव, दुर्ग-भिलाई, कांकेर, महासमुंद और जगदलपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में पड़ताल की। चारों जगह पंजीयन आसानी से हुआ। लेकिन डॉक्टरों के लेट पहुंचने और दवाएं न मिलने की समस्या का सामना किया। डॉक्टर मरीजों को बिना पर्याप्त जांच किए ही दवाएं लिख रहे हैं। हमने दूसरे मरीजों की दिक्कतें भी समझीं।

## रायपुर के बाद चार जिलों में मरीज बनकर पहुंचे हरिभूमि के चार रिपोर्टर... जानीं मरीजों की दिक्कतें

# पंजीयन सिस्टम ठीक... इलाज भी पर डॉक्टर और दवाओं की कमी से परेशान हो रहे मरीज



महेंद्र विश्वकर्मा

जगदलपुर

### इलाज मिला लेकिन दवाएं नहीं रातभर तड़पता रहा मरीज

#### कर्मचारी ने कहा- दवा बाहर मिलेगी



हरिभूमि लाइव

हरिभूमि के रिपोर्टर शनिवार सुबह डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज के अस्पताल पहुंचा। पर्ची के लिए टोकन लिया। रिपोर्टर ने बताया कि उसे सिरदर्द की समस्या है। पर्ची आसानी से बन गई। हमें तीसरी मंजिल पर भेजा गया। मेडिसिन विभाग में डॉक्टरों के लिए तीन कमरे, जिसमें से एक कमरे में एमबीबीएस डॉ. नवले जूनियर के साथ मरीजों की जांच कर रहे थे। वहां बीपी जांच करने के बाद तीन दवाई लिखी, दवाई वितरण काउंटर में कर्मचारी ने एक दवाई दी और कहा कि दो दवाइयां बाहर से ले लीजिए। मेकाज में ही रेडक्रास के मेडिकल स्टोर में पता चला कि दोनों दवाइयां लगभग 500 रुपए की हैं। हम जब अपनी जांच करा रहे थे तब वहां एक ग्रामीण पहुंचा। उसका यूरीन पास नहीं हो रहा था। वह जैसे ही केबिन में घुसा डॉक्टर नाराज हो गए। डॉक्टर ने कहा कि मरीज को इस कमरे नहीं आना था, केवल रिपोर्ट देनी थी। उस मरीज के परिजनों ने कहा कि पेशाब नहीं होने से मरीज परेशान है, इसलिए डॉक्टर पास लाए हैं, जिससे उपचार हो सके। ▶▶|शेष पेज 7 पर



### ओपीडी के बाहर घंटों स्ट्रेचर में लेटा रहा मरीज

सुकमा जिले मुख्यालय से 7 किमी दूर गांव मुरतुंडा निवासी 47 वर्षीय चीतू नाग 8 जुलाई को बाइक से गिर जाने से कमर एवं जांघ में अंदरूनी क्षेत्र दर्द से उठ नहीं पा रहा था। उसे पुत्र विशाल ने सुकमा अस्पताल में उसी दिन भर्ती कराया, लेकिन वहां उपचार नहीं होने से उसे रेफर कर डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज में रात को भर्ती कराया। मेकाज में डॉक्टर ने इंजेक्शन एवं दवाई देकर अस्थिरोग वार्ड में रखा और तीसरे दिन 10 जुलाई की सुबह बिना उपचार किए ही डिस्चार्ज कर दिया। अधीक्षक अनुरूप साहू के अवकाश में होने के चलते मेकाज के प्रशासनिक अधिकारी विजय देवांगन ने बताया कि मेकाज में न्यरो डॉक्टर नहीं होने के चलते मरीज चीतू को रायपर रेफर किया गया है।





हफीज खान

राजनांदगांव

#### मरीज की बातें गंभीरता से नहीं सुनी

### ओपीडी में फॉर्मेलिटी समय पर डॉक्टर नहीं



*राजनंदगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शनिवार की सुबह हरिभूमि के रिपोर्टर सुबह 9:30 पहुंचे तो मेडिकल कॉलेज के सामने बीच सड़क पर खड़े मवेशियों का झुंड नजर आया, एंबुलेंस झुंड के बगल से बामुश्किल निकल रही थी। मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में पहुंचकर रिपोर्टर ने वाहन स्टैंड में बाइक रखी। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के भीतर पहुंचकर पर्ची काउंटर* ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### बिना जांच लिख दीं दवाएं

*ओपीडी में लाइन लगाने के बाद डॉक्टर के टेबल तक पहुंच कर उन्हें समस्या बताने पर भी डॉक्टर ने न आला लगाया, ना बीपी चेक की और न ही पल्स देखा। डॉक्टर ने मरीज की बातें भी गंभीरता से नहीं सुनी और दवाइयां लिखने लगे। यहां पहुंचकर ऐसा लगा कि सब कुछ औपचारिक हो रहा है।*



### पंजीयन आसानी से पर डॉक्टरों की कमी



विजय पाण्डेय

कांकेर




हरिभूमि के रिपोर्टर मौसमी बीमारी से परेशान होकर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचे और पर्ची कटाकर मेडिसन विभाग पहुंचे। उस समय चिकित्सक संदीप नाग नहीं थे, पंरतु थोड़ी देर में पहुंच गए। संदीप नाग ने मरीज को देखा और दवा पर्ची में लिखकर काउंटर से दवाई लेने के लिए कहा। दवा लेने के लिए गए तो उस समय भीड़ नहीं होने के कारण जल्द दवा मिल गई, परंतु उसके बाद देखा कि धीरे धीरे भीड़ बढ़ने ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### जिले अस्पताल सहारे चल रहा मेडिकल कॉलेज

मेडिकल कॉलेज कांकेर में प्रारंभ हुए कई साल हो गया है। परंतु आज तक मेडिकल कॉलेज का अस्पताल अलग से नहीं बन पाया है। मेडिकल कॉलेज के हिसाब से सभी विभागों के चिकित्सक होने चाहिए, परंतु कई ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पेट दर्द से परेशान मरीज को डॉक्टर ने लिखी सिरप, फिर कहा- यहां नहीं मिलेगी बाहर से ले लेना



नोहर साहू

महासमुंद



पेट दर्द की शिकायत लेकर पहुंचे मरीज को डॉक्टर ने दवा तो लिखी लेकिन, 12 नंबर काउंटर में लिखी गई दवाई नहीं मिली। दवाई काउंटर पर मौजूद कर्मी ने दूसरी दवा दे दी। बताया गया कि लिखी गई सिरप भी बाहर के मेडिकल से लेनी होगी। इसके बाद जनऔषधि केंद्र बंद मिला। स्टाफ नहीं तो जनऔषधि केंद्र पर ताला लगा रहेगा। वहीं जेनेरिक मेडिकल ▶▶|शेष पेज 7 पर



देवी लाल साहू

भिलाई

#### पर्ची कट रही आसानी से

### चंदूलाल मेडिकल कॉलेज में बीपी की दवाई नहीं

चंदूलाल चंद्राकर सरकारी मेडिकल कॉलेज कुरूद। समय सुबह 11.15 बजे। ओपीडी में लाइन लगी तो सामने 9 मरीज और पर्ची कटवाने खड़े थे। हर मरीज की पर्ची एक-एक मिनट में कट रही थी। पर्ची काटने वाले ने बीमारी पूछी और फिर उसके हिसाब से मेडिसिन विभाग के लिए 11.26 बजे पर्ची थमा दी। विभाग में पहुंचने से पहले ही पांच महिला नर्सेस स्टॉफ ने पर्ची के नंबर ▶▶|शेष पेज 7 पर



#### एनेथेस्टिक के इस्तीफे से डिलीवरी घटी

मेडिकल कॉलेज सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे एक एक समय चलती है। शनिवार को दोपहर 12 बजे तक 258 मरीज अपनी जांच करवा चुके थे। इनमें से 8 मरीजों को भर्ती किया गया था। जब डिलीवरी वार्ड की जानकारी लेने पहुंचे तो यह पता चला कि यहां पहले ▶▶|शेष पेज 7 पर

---

## चार दशक में 750 फिल्में, 47 साल पहले किया डेब्यू, अमिताभ से स्क्रीन पर भिड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अभिनेता कोटा श्रीनिवास राव का निधन हो गया है। उन्होंने 83 साल की उम्र में अपनी अंतिम सांस ली। उनके निधन की वजह से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर है। श्रीनिवास ने तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और हिंदी फिल्मों में काम किया और अपने अभिनय से फैंस को खूब एंटरटेन किया। उन्होंने 47 साल लंबे करियर में 750 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया। इस दौरान वे फिल्मों में अहम रोल प्ले करते नजर आए। उन्होंने रक्त चरित्र, रेड्डी, लीडर, छत्रपति, माल्लिश्वरी, गायम और हैलो ब्रदर समेत कई सारी फिल्में की। उन्होंने साउथ और बॉलीवुड के बड़े स्टार्स के साथ काम किया। उनके निधन पर

■ अभिनेता कोटा श्रीनिवास राव का निधन



चिरंजीवी और एसएस राजामौली ने भी शोक व्यक्त किया। उनकी मौत पर आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू तक ने शोक व्यक्त किया है। बताया जा रहा है कि वो लंबे समये से उम्र से संबंधित बीमारी से जूझ रहे थे। श्रीनिवास राव फिल्मों में विलेन से लेकर कॉमेडियन तक हर तरह के किरदार निभा चुके हैं और अभिनय का लोहा मनवा चुके हैं। किरदारों और अभिनय से दर्शकों की जीत लिया, जिसकी वजह से साल 2015 में उन्हें सिनेमा में योगदान के लिए पद्म श्री से नवाजा गया।

### 'प्राणम खरीदु' से अभिनय की शुरुआत

वे साउथ फिल्म इंडस्ट्री के बड़े नाम थे। उन्होंने साल 1978 में एक्टिंग में कदम रखा था। उन्होंने अभिनय की शुरुआत फिल्म 'प्राणम खरीदु' से की थी। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा था। उन्होंने अपने 40 साल यानी कि 4 दशक के करियर में करीब 750 फिल्मों में काम शानदार काम किया है।

### बॉलीवुड में किया काम

श्रीनिवास ने सिर्फ साउथ ही नहीं, बल्कि हिंदी फिल्मों में भी काम किया। उन्होंने प्रतिघात, सरकार, रक्त चरित्र, डार्लिंग, लक और बागी जैसी फिल्मों में काम किया था। सरकार फिल्म में वे अमिताभ बच्चन के अपोजिट नजर आए थे और उनके खिलाफ साजिश रचते नजर आए थे। वहीं, उनकी आखिरी बॉलीवुड फिल्म टाइगर श्रॉफ की बागी है।

---

#### विक्रम उसेंडी ने केवल तीन, भूलेश्वरी और भूलन ने पूछे सात सवाल

## सवाल पूछने में अजय, भावना, धर्मजीत, भोलाराम, धरमलाल टॉप पर, इधर, रेणुका ने अब तक नहीं पूछा एक भी सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। अब तक सबसे ज्यादा सवाल पूछने वालों में कांग्रेसी और भाजपा के विधायक हैं। षष्ठम विधानसभा का पांचवा सत्र है। पहले चार सत्रों में अधिकतम 196 सवाल पूछे जा सकते थे। ऐसे छह विधायक हैं जिन्होंने अधिकतम सवाल पूछे हैं। इनमें अजय चंद्राकर, भावना वोहरा, धर्मजीत सिंह, धरमलाल कौशिक, भोलाराम साहू शामिल हैं। ▶▶|शेष पेज 7 पर



### इन्होंने लगाए सबसे ज्यादा सवाल

| | | |
|---|---|---|
| अजय चंद्राकर | भाजपा | 196 |
| भावना वोहरा | भाजपा | 196 |
| धर्मजीत सिंह | भाजपा | 196 |
| भोलाराम साहू | कांग्रेस | 196 |
| धरमलाल कौशिक | भाजपा | 196 |
| बालेश्वर साहू | भाजपा | 195 |
| पुन्नूलाल मोहले | भाजपा | 192 |
| अंबिका मरकाम | कांग्रेस | 192 |
| दलेश्वर साहू | कांग्रेस | 192 |



### समिति के स्वीकृति के बाद लगते हैं सवाल

वर्तमान विधानसभा में इस बार आधे विधायक नए हैं, विधानसभा में सवाल लगने के बाद विधानसभा सचिवालय की समिति उन सवालों की वैधानिकता के आधार पर उनकी स्वीकृति ▶▶|शेष पेज 7 पर

### जिनका काम नहीं होता वो उठाते हैं सवाल

सत्ता पक्ष के विधायकों का मानना है कि शासन से जो काम कराना है, वह हो जाता है तो सवाल उठाने का कोई अर्थ नहीं रह जाता। वे इसके कारण सवाल लगाने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं लेते। वहीं विपक्ष के विधायकों को शासन की योजनाओं की कमियां बताने और अपने क्षेत्र के विकास कार्यों को कराने के लिए सवाल लगाने पढ़ते हैं। कहीं पर ▶▶|शेष पेज 7 पर

### इन्होंने पूछे कम सवाल

पांच सत्र में जिन विधायकों ने सबसे कम सवाल किए हैं उनमें अधिकांश सत्ता पक्ष के हैं। इन विधायकों में रेणुका सिंह, अमर अग्रवाल ने अब तक एक भी सवाल नहीं पूछे हैं। वहीं विक्रम उसेंडी ने अब तक केवल 3 सवाल ही लगाए हैं। अन्य विधायकों में भूलन सिंह मरावी ▶▶|शेष पेज 7 पर



# सड़क पार करते दिखा हाथियों का बड़ा दल, रोकना पड़ा ट्रैफिक



जिले के छाल रेंज अंतर्गत एक दुर्लभ दृश्य सामने आया जब हाथियों का एक बड़ा दल सड़क क्रॉस करते नजर आया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें साफ देखा जा सकता है कि वन विभाग के कर्मचारियों और हाथी मित्र दल ने तत्काल मुस्तैदी दिखाते हुए दोनों ओर से आ रहे वाहनों को रोक दिया, ताकि हाथियों को बिना किसी बाधा के जंगल पार जाने दिया जा सके।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शनिवार की शाम वन विभाग को सूचना मिली थी कि छाल से धर्मजयगढ़ मार्ग के सितरा इलाके में हाथियों का एक बड़ा झुंड सड़क किनारे खड़ा है। खबर मिलते ही विभागीय टीम और हाथी मित्र दल सक्रिय हो गए। उन्होंने मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक को नियंत्रित किया और हाथियों के लिए सुरक्षित क्रॉसिंग सुनिश्चित की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करीब 18 हाथियों का यह दल, जिसमें छोटे-छोटे शावक भी शामिल थे, एक के बाद एक करके सड़क पार करता नजर आया। बड़े हाथियों के बीच चलते हुए शावकों ने भी सहजता से सड़क पार की। हाथियों के जंगल के भीतर सुरक्षित पहुंचने के बाद ही सड़क पर यातायात पुनः शुरू किया गया। हाथियों का दल, जिसमें छोटे शावक भी शामिल थे, सुरक्षित रूप से जंगल की ओर चला गया। हाथियों के पूरी तरह जंगल में जाने के बाद ही यातायात बहाल किया गया।

### छाल रेंज में नजर आया काफिला, शावक भी दिखे



### रेलवे ट्रैक के पास नजर आए 17 हाथी

रविवार सुबह ड्रोन कैमरे में 17 हाथियों का दल एएयू परिसर के बंधानीपतर्रा क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के पास देखा गया। इस पर हाथी मित्र दल ने तत्काल बोजिया और पुसुल्दा गांव के ग्रामीणों को सतर्क किया और कच्चे रास्तों पर आवागमन से रोका। साथ ही लोगों से जंगल की ओर न जाने की अपील की गई।

### वन विभाग की निगरानी जारी

छाल रेंजर चंद्रविजय सिंह सिदार ने जानकारी दी कि हाथियों का दल अब जंगल के भीतर विचरण कर रहा है और उनकी लगातार निगरानी की जा रही है। वन विभाग और हाथी मित्र दल की सक्रियता से अब तक कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है। वन विभाग ने आसपास के ग्रामीणों से अपील की है कि वे सतर्क रहें, किसी भी परिस्थिति में जंगल की ओर न जाएं और हाथियों को देखने या वीडियो बनाने की कोशिश न करें। विभाग की टीम मौके पर लगातार मौजूद है और हाथियों की लोकेशन पर नजर बनाए हुए है।

## खबर संक्षेप



### करोड़ों की ठगी मामले में अब तक हुए 12 गिरफ्तार

**कसडोल।** शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर 2 वर्ष में रकम का दुगना कर वापस करने का झांसा देते हुए आरोपी रामनारायण साहू एवं अन्य द्वारा विभिन्न लोगों से करोड़ रूपयों की धोखाधड़ी की घटना को अंजाम दिया गया है, जिस पर थाना कसडोल में आरोपियों के विरुद्ध अब तक 4 अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों द्वारा कसडोल, लवन, गिधौरी, शिवरीनारायण, महासमुंद, रायगढ़ आदि के भी कई लोगो के साथ भी शेयर ट्रेडिंग में पैसे लगाकर कम समय मे पैसा दुगुना करने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने के संबंध में जानकारी मिल रही है, जिसके संबंध में जांच तस्दीक कार्यवाही की जा रही है। प्रकरणों में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा गहन जांच तस्दीक एवं विवेचना करते हुए ठगी करने वाले सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित करते हुए प्रकरण में संपूर्ण जांच, पीड़ितों से आवेदन लेने, आरोपियों की पता तलाश करने, संबंधित आरोपियों 8 की संपत्ति जप्ती/कुर्की की कार्यवाही करने एवं उच्चतम विवेचना हेतु एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया है। प्रकरण में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी दिवाकर अवसरिया को हिरासत में लिया गया।

### तालाब में मछली पकड़ने गया ग्रामीण डूबा, मौत

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत 45 वर्षीय चैतुराम आंचला की तालाब में डूबने से मौत हो गया। कटगांव निवासी अशोक आंचला ने पुलिस को बताया कि मृतक चैतुराम 12 जुलाई को सुबह 11 बजे मछली पकड़ने के लिए गरी लेकर तालाब कि ओर गया था। शाम तक घर वापस नहीं आया तो उसका बेटा उसे बुलाने के लिए तालाब के की ओर गया। वहां पर देखा तो उसका पिता तालाब में डूबा हुआ मिला। अन्य ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### पार्षद के भाई से हुई मारपीट, अपराध दर्ज

**महासमुंद।** पार्षद के भाई के साथ मारपीट के मामले में बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को मोहम्मद कादरी पार्षद व निवासी वार्ड नंबर 15 बसना ने पुलिस को बताया कि 12 जुलाई की सुबह लगभग 4 बजे उसके छोटे भाई अफसर कादरी ने फोन कर बताया कि टेलीफोन आफिस के सामने उसके साथ बंसुलाडीपा के वीरेंद्र मिश्रा के द्वारा गाली गलौज कर मारपीट किया गया है। जब उसने जाकर देखा तो उसका भाई टेलीफोन आफिस के पास पड़ा था तथा पूछने पर अज्ञात कारण से आरोपी वीरेंद्र मिश्रा द्वारा उसके साथ गाली गलौज कर अज्ञात वस्तु से मारपीट करना बताया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### सभी विभाग प्रमुखों को पत्र लिखकर प्रमाण पत्रों की जांच करने और प्रतिवेदन देने कहा गया

# फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी 27 कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**मुंगेली जिले में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी नौकरी कर रहे 27 कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। अतिरिक्त कलेक्टर की ओर से सभी विभाग प्रमुखों को पत्र लिखकर प्रमाण पत्रों की जांच करने और प्रतिवेदन देने कहा गया है। सभी ने श्रवण बाधित के फर्जी प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर नियुक्ति प्राप्त की थी। सबसे अधिक शिक्षा विभाग में इस तरह के लोग नौकरी कर रहे हैं।**

कलेक्टर ने इन कर्मचारियों की लिस्ट भी जारी की है। अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा जारी पत्र के मुताबिक मेडिकल जांच कराने कई कर्मचारी नहीं पहुंच रहे हैं तो कुछ लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। दिव्यांग संघ के प्रदेश अध्यक्ष बोहित राम चन्द्राकर ने बताया कि वर्तमान में पीएससी से सलेक्ट होकर 7 डिप्टी कलेक्टर, 3 नायब तहसीलदार, 3 लेखा अधिकारी, 3 पशु चिकित्सक, 2 सहकारिता निरीक्षक सहित 21 लोग फर्जी दिव्यांग प्रमाण-पत्र लगाकर सरकारी नौकरी कर रहे हैं। मुंगेली जिले के लोरमी ब्लाक के सारधा, लोरमी, सुकली, झाफल, फुलझर, विचारपुर, बोड़तरा गांव सभी दिव्यांग प्रमाण-पत्रों पर सवाल उठ रहे हैं। 53 लोग ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। वहीं तीन लोग कृषि शिक्षक के पद पर काबिज हैं। सबसे पहले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पद के लिए भर्ती हुई। इसमें 50 ऐसे लोगों की नियुक्ति हुई है जिन्होंने श्रवण बाधित होने का फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र पेश किया है।

### मुंगेली में पदस्थ दो डाक्टरों के हस्ताक्षर से जारी हुए

2016 और 2018 में हुई भर्ती की सूची का अवलोकन करने पर एक बात जो देखने में आ रही है कि अधिकांश चयनित उम्मीदवार राजपूत, सिंह और राठौर सरनेम के हैं। यह सभी बिलासपुर, मुंगेली और जांजगीर-चांपा जिले के निवासी हैं। अधिकांश फर्जी प्रमाण पत्र भी लोरमी और जांजगीर-चांपा जिले से बनाए गए है। छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ के मुताबिक अधिकांश प्रमाण पत्रों में बिलासपुर और मुंगेली में पदस्थ दो डाक्टरों के हस्ताक्षर से जारी हुए हैं। इनमें से एक डाक्टर बिलासपुर में स्वास्थ्य विभाग में महत्वपूर्ण पद पर पदस्थ हैं। संघ ने सभी विकलांग प्रमाण पत्रों की राज्य मेडिकल बोर्ड से जांच कराने की मांग की है।


हरिभूमि

लोरमी के 7 ऐसे गांव, जहां 10 सालों में 300 से अधिक बहरे, दूसरे गांव से आई बहुओं के कान भी हुए 'सुन्न'

हरिभूमि

हरिभूमि के खुलासे से हड़कंप, आनन-फानन में बुलाई गई ज्वाइंट कमेटी की बैठक, अब राज्य मेडिकल बोर्ड में होगा टेस्ट

10 सालों में 300 से अधिक लोगों ने बनाया फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र

### प्रतिवेदन के आधार पर होगी कार्रवाई

अभी किसी भी कर्मचारी को बर्खास्त नहीं किया गया है, जो भी बातें सामने आ रहीं वह गलत हैं। फिलहाल विकलांग संघ की शिकायतों के आधार पर सभी विभाग प्रमुखों को पत्र जारी करते हुए संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ प्रतिवेदन मांगा गया है। इसमें से कई कर्मचारी मेडिकल बोर्ड के सामने भी उपस्थित नहीं हुए हैं। प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई होगी। - निष्ठा पांडे तिवारी, अतिरिक्त कलेक्टर, मुंगेली

### इनकी नियुक्ति पर उठे हैं सवाल

व्याख्याता मनीषा कश्यप, टेक सिंह राठौर, रवीन्द्र गुप्ता, पवन सिंह राजपूत, विकास सोनी, अक्षय सिंह राजपूत, गोपाल सिंह राजपूत, योगेन्द्र सिंह राजपूत शामिल हैं। इनके अलावा शिक्षक मनीष राजपूत, सहायक शिक्षक नरहरी सिंह राठौर, राकेश सिंह राजपूत तथा श्रम विभाग के सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी नरेन्द्र सिंह राजपूत के साथ कृषि विभाग में कार्यरत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों प्रभा भास्कर, अमित राज राठौर, धर्मराज पोर्ते, नितेश गुप्ता, विजेन्द्र नार्गव, टेकचंद रात्रे, निलेश राठौर, सुरेन्द्र कश्यप, गुलाब सिंह राजपूत, बृजेश राजपूत सहित प्रयोगशाला सहायक भीष्मराव भोसले को भी सेवा से पृथक कर दिया गया है। इसके अलावा जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग के सहायक ग्रेड-2 सत्यप्रकाश राठौर, उद्यान विभाग की ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी पूजा पहारे और सतीश नवरंग, तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विकास विस्तार अधिकारी राजीव कुमार तिवारी भी इस सूची में शामिल हैं।

### धर्मगुरु बालदास साहेब ने उठाए सवाल

## खुशवंत की सुरक्षा में चूक या राजनीतिक षड्यंत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब की गाड़ी पर हुए पत्थरबाजी को लेकर रविवार बेमेतरा में राजनीतिक और सामाजिक हलचल तेज हो गई। सतनामी समाज के धर्मगुरु और विधायक के पिता बालदास साहेब सैंकड़ों की संख्या में समर्थकों व समाज के लोगों के साथ जिला मुख्यालय आए और दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे। मौका मुआयना करते वक्त धर्मगुरु बालदास साहेब से पुलिस अधीक्षक ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क पर बिजली खंबे के गिरने की वजह से उसमें लगी पत्थर नुमा चीनी छिटककर विधायक गाड़ी के कांच पर लग गई और यह हादसा हुआ। वजह बताते ही धर्मगुरु बालदास साहेब ने जमकर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सीधा हमला था, जिसे हादसे का रूप देकर साजिश को दबाने की कोशिश की जा रही है। बालदास साहेब ने घोषणा की है कि वे जल्द ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात करेंगे और हमले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच, दोषियों की गिरफ्तारी, और पुलिस की भूमिका की समीक्षा की मांग करेंगे।

### एसपी पर नाराजगी जाहिर की

धर्मगुरु बालदास ने पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू पर सवाल दागते हुए कहा कि जब एक विधायक सामाजिक कार्यक्रम से लौट रहा था, तो उसे रास्ते में सुरक्षा क्यों नहीं दी गई। क्या जानबूझकर उनकी सुरक्षा में चूक की गई।

### पिटाई कर पैसे छीने, शहर में तनाव

# आरएसएस बालसेवकों पर हमला, गुंडागर्दी से सनसनी

### बंटी सिंह सहित सात गिरफ्तार, गुरुपूजन करके लौट रहे थे बच्चे



हरिभूमि न्यूज : रायगढ़

रायगढ़ शहर में शनिवार की रात एक निंदनीय और चौंका देने वाली घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। आरएसएस के मासूम बालसेवकों पर उस वक्त हमला किया गया जब वे गुरुपूजन कार्यक्रम से लौट रहे थे। घटना चक्रधरनगर चौक के पास की है, जहां कुछ बदमाशों ने सेवकों को बीच सड़क पर घेरकर न केवल बर्बर मारपीट की, बल्कि उनके पैसे भी लूट लिए। घटना के पीछे मुख्य आरोपी बंटी सिंह समेत 7 लोगों को पुलिस ने देर रात गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ गंभीर गैर-जमानती धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार बालसेवकों की टोली गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम से लौट रही थी। तभी अचानक तीन-चार गाड़ियों में सवार होकर पहुंचे बंटी सिंह और उसके साथी जिनकी संख्या 10 से अधिक बताई जा रही है। बालसेवकों के वाहन को रोककर गाली-गलौज करने लगे। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। मासूम सेवकों को घेरकर बेरहमी से पीटा गया, कुछ को जमीन पर गिराकर लात-घूंसे मारे गए।

### राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर उबाल

भाजपा के जिला अध्यक्ष, संघ पदाधिकारी और कई सामाजिक संगठनों ने घटना को संघ विचारधारा पर हमला करार देते हुए कहा है कि यह केवल बाल सेवकों पर नहीं, बल्कि राष्ट्र की भावी पीढ़ी और संस्कृति पर हमला है। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग उठ रही है। घटना के बाद शहर के कई हिस्सों में तनाव की स्थिति है। पुलिस ने एहतियातन संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी है और थानों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

### वीडियो आया सामने, आक्रोश

हमले का वीडियो रातोंरात सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि कैसे कुछ युवक मासूम सेवकों पर टूट पड़ते हैं और उन्हें बचाने वाला कोई नहीं है। इस वीडियो ने आम जनता और संघ कार्यकर्ताओं के बीच भारी आक्रोश भड़का दिया है।

### थाने का घेराव तब हुई कार्रवाई

घटना की खबर मिलते ही आरएसएस और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी जूटमिल थाने पहुंचे। वहां आक्रोशित कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जमा हो गई। तत्काल कार्रवाई की मांग के बीच पुलिस ने रातोंरात दबिश देकर बंटी सिंह सहित 7 लोगों को हिरासत में लिया। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम, सीएसपी, नगर पुलिस अधीक्षक सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे।

### गंभीर धाराओं में केस दर्ज, और गिरफ्तारी संभव

पुलिस ने घटना को सुनियोजित हमला मानते हुए लूट, मारपीट, जानलेवा हमले और बलवा जैसी धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक की निगरानी में जांच जारी है। सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो के आधार पर और आरोपियों की पहचान की जा रही है। आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# एडवोकेट ने हाईकोर्ट में कहा-मुझे पता था कि इस पीठ से न्याय नहीं मिलेगा

### डीबी बेंच ने इसे अवमानना माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने एकलपीठ के आदेश पर टिप्पणी करने वाले एक अधिवक्ता को अवमानना नोटिस जारी कर 18 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से हाईकोर्ट तलब किया है। चीफ जस्टिस की डीबी ने अपने सामने प्रस्तुत हुए इस मामले को गंभीरता से लिया है। एडवोकेट ने खुली अदालत में कहा कि मुझे पता था कि मुझे इस पीठ से न्याय नहीं मिलेगा। श्यामलाल मलिक बनाम ममता दास मामले में जस्टिस राकेश मोहन पाण्डेय की एकल पीठ द्वारा 3 जुलाई के आदेश में की गई टिप्पणी के आधार पर यह याचिका डीबी में पंजीकृत की गई। उक्त



याचिका 3 जुलाई 2025 को एक विस्तृत आदेश द्वारा खारिज कर दी गई। हालांकि, विद्वान एकल न्यायाधीश ने उक्त तिथि को एक और आदेश पारित किया। इसके अनुसार सैमसन सैमुअल मसीह याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. निर्मल शुक्ला तथा प्रतिवादियों के अधिवक्ता वरुण वत्स की इस मामले में अंतिम दलीलें सुनीं गईं और आदेश का 'ऑपरेटिव पैरा ' पारित कर मामला खारिज कर दिया।

### शब्द अस्वीकार्य, इससे न्यायालय की छवि धूमिल हुई

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस विभुदत्त गुरु की डीबी ने इस मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि, रिट याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे एडवोकेट सैमसन सैमुअल मसीह ने वर्तमान न्यायाधीश के विरुद्ध खुली अदालत में अपमानजनक टिप्पणी की है, जो एक ऐसे अधिवक्ता के लिए अनुचित है, जो न केवल अपने मुवक्किल के प्रति उत्तरदायी है, बल्कि न्यायालय का एक अधिकारी होने के नाते, नियमों और पेशेवर नैतिकता से भी उतना ही बंधा हुआ है। अधिवक्ता द्वारा कहे गए शब्द अस्वीकार्य हैं और न्यायालय की छवि को धूमिल करते हैं। डीबी ने रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से नोटिस जारी कर आगामी 18 जुलाई को सुनवाई में अवमाननाकर्ता को व्यक्तिगत रूप से तलब किया है।

### अवमानना याचिका दर्ज करने का निर्देश दिया

इस न्यायालय ने इस आधार पर याचिका खारिज कर दी कि, इससे पहले, पारिवारिक न्यायालय के अधिकार क्षेत्र की कमी का मुद्दा उठाया गया था। और इसे 8 अप्रैल 2024 के आदेश द्वारा खारिज कर दिया गया था। वह आदेश अंतिम बहस के दौरान इस न्यायालय के समक्ष रखा गया था। आदेश पारित होने के बाद, याचिकाकर्ता के अधिवक्ता, सैमसन मसीह ने खुली अदालत में कहा कि मुझे पता था कि मुझे इस पीठ से न्याय नहीं मिलेगा। कोर्ट ने इस कथन को अवमाननापूर्ण माना। इसे उचित आदेश के लिए मुख्य न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके अनुसार गत 10 जुलाई को, प्रशासनिक पक्ष से मामला चीफ जस्टिस के समक्ष प्रस्तुत किया गया और उन्होंने रजिस्ट्री को नियमों के अनुसार अवमानना याचिका दर्ज करने का निर्देश दिया।

### मौजूदा विधानसभा का आखिरी सत्र सोमवार से, नवा रायपुर में होगा शीत सत्र

# 52 एकड़ में 324 करोड़ से बन रही नई विधानसभा

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का सोमवार से शुरू होने वाला मानसून सत्र मौजूदा विधानसभा भवन का आखिरी सत्र होगा। उधर नवा रायपुर में नया विधानसभा भवन तैयार किया जा रहा है। इसका निर्माण लगभग पूरा हो गया है, इंटीरियर का काम अंतिम दौर में है। माना जा रहा है कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र दिसंबर में होगा, इससे पहले 1 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों नई विधानसभा का लोकार्पण होगा। छत्तीसगढ़ की नई विधानसभा भवन परियोजना नवा रायपुर के सेक्टर-19 में 52 एकड़ के विशाल क्षेत्र में तेजी से निर्माणाधीन है। यह भवन न केवल राज्य की लोकतांत्रिक चेतना और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक होगा, बल्कि यह पर्यावरणीय और तकनीकी दृष्टिकोण से भी एक आदर्श उदाहरण बनेगा, ऐसा माना जा रहा है। इसे सितंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि 1 नवंबर 2025 को छत्तीसगढ़ के 25वें स्थापना दिवस पर इसे जनता को समर्पित किया जा सके।



### ये हैं प्रमुख सुविधाएं

500 दर्शकों की क्षमता वाला एक अत्याधुनिक ऑडिटोरियम होगा। 700 कारों की पार्किंग सुविधा। परिसर में दो 1.5-1.5 एकड़ के सरोवरों का निर्माण प्रस्तावित है। सांस्कृतिक संग्रहालय, छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक-संस्कृति को प्रदर्शित करने वाला एक संग्रहालय बनाया जा रहा है। साथ ही हरित ऊर्जा के लिए 300 किलोवाट सौर पैनल की स्थापना की जा रही है। फायर फाइटिंग सिस्टम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और अत्याधुनिक ऑडियो-वीडियो प्रणाली स्थापित की जा रही है।

## इस तरह होगा नजारा

नए विधानसभा भवन का क्षेत्रफल 52 एकड़ और लागत प्रारंभ में 273 करोड़ रुपए बताई गई थी, लेकिन अब प्रस्तावित लागत 324 करोड़ के आसपास अनुमानित है। नए विधानसभा भवन को तीन प्रमुख विंग में विभाजित किया गया है, प्रत्येक का विशिष्ट कार्य है।

**विंग-ए (विधानसभा सचिवालय)**
इस विंग में विधानसभा सचिवालय के कार्यालय होंगे। प्रशासनिक कार्यों के लिए डिजाइन किया गया है।

**विंग-बी (सदन और सेंट्रल हॉल)**
इसमें विधानसभा का मुख्य सदन, सेंट्रल हॉल, मुख्यमंत्री कार्यालय और विधानसभा अध्यक्ष का कार्यालय शामिल हैं। सदन की बैठक क्षमता 200 सदस्य है, यानी 200 विधायक सदन में बैठ सकेंगे। हालांकि राज्य में 90 विधायक होते हैं, लेकिन आने वाले समय में परिसीमन के बाद विधायकों की संख्या बढ़ना तय है।

**विंग-सी (मंत्रियों के कार्यालय)**
उपमुख्यमंत्रियों और मंत्रियों के कार्यालय इस विंग में होंगे। प्रदेश में मुख्यमंत्री सहित कुल 13 मंत्री होते हैं। नए विधानसभा में भविष्य को ध्यान में रखते हुए 24 मंत्रियों के लिए कक्ष बनाए जा रहे हैं।

रायपुर

सोमवार, 14 जुलाई 2025

श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्थी

वर्ष : 23, अंक : 357

पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम

अधि. 34.0

न्यून. 25.9

# हाइटेक नकल: जशपुर से कार से पहुंची थी युवतियां, गिरोह ने की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हरिभूमि तत्काल

लोक निर्माण विभाग में उप अभियंता के पदों पर ली गई भर्ती परीक्षा में हाइटेक नकल का मामला सामने आने पर बिलासपुर से लेकर रायपुर और प्रदेश भर में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने सरकंडा थाने पहुंचकर मामले की जानकारी ली और पुलिस अधिकारियों को गंभीरता से जांच करने कहा है। दोनों युवतियां जशपुर से परीक्षा देने आई थीं। परीक्षा देने वाली छात्रा की उत्तर पुस्तिका पर लाल निशान लगाकर उसे अलग रख लिया गया है। इस पूरे मामले में बिलासपुर के आटो चालक और जशपुर के ▶▶|शेष पेज 7 पर

## महंगे और आधुनिक इलेक्ट्रानिक डिवाइस कैसे और कहां से आए इसकी जांच जरूरी

### परीक्षा रद्द करने की उठी मांग

नकल प्रकरण का यह मामला व्यापम की ओर से आयोजित की जा रही परीक्षा व्यवस्था को सवालों के घेरे में ला दिया है। लिहाजा एनएसयूआई ने परीक्षा प्रभारी और नकल करने वाले अभ्यर्थियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष एनएसयूआई नीरज पांडे का कहना है कि परीक्षा में इस तरह की टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल बेहद खतरनाक संकेत है। इस दौरान छात्र नेताओं ने परीक्षा केंद्र में जमकर हंगामा किया और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्र नेताओं का कहना है परीक्षा में बड़े स्तर पर गड़बड़ी हुई है। लिहाजा, व्यापम को इस परीक्षा को रद्द करनी होगी। साथ ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई ▶▶|शेष पेज 7 पर



### युवतियों ने की भागने की कोशिश

परीक्षा दे रही लड़की अंदर कैमरा लेकर बाहर आई। अपनी दोस्त को छात्र नेताओं से घिरा देख वह घबरा गई और डर के मारे भागने लगी। उसने चिल्लाकर अपनी दोस्त को भी भागने को कहा। छात्र नेताओं ने वहां मौजूद अन्य लड़कियों और छात्राओं की मदद से परीक्षा दे रही लड़की को पकड़ लिया। उसे वापस परीक्षा केंद्र लाया गया और केंद्राध्यक्ष और परीक्षा ड्यूटी पर मौजूद लोगों को सूचित कर लड़की की तलाशी लेने को कहा गया। महिला परीक्षकों द्वारा की गई तलाशी में लड़की के अंतर्वस्त्रों पर टेप से चिपका हुआ एक कैमरा और एक माइक मिला।

### गिरोह के कुछ सदस्यों ने मदद की

नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर एके खलको के मुताबिक परीक्षा केन्द्र क्र. 1309 - शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरकंडा में इस तरह का मामला पकड़ा गया। कक्ष क्रमांक 7 में परीक्षार्थी रोल नंबर 13091014, कु. अन्नु सूर्या, पिता - कलेश्वर राम द्वारा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए परीक्षा कक्ष में तलाशी ली गई। इस पूरे मामले में पूरी जानकारी जो निकल कर सामने आ रही उसके मुताबिक दोनों युवतियां जशपुर की हैं। बिलासपुर आने के लिए कार स्विफ्ट डिजाइर बुक किया। इसी के सहारे वे बिलासपुर पहुंची। यह भी जानकारी मिल रही है कि एक गिरोह के कुछ सदस्यों ने उनकी मदद की। कार चालक को इस दौरान नहीं मालूम था कि युवतियां इस तरह का कोई नकल करने वाली हैं।

### कार से उतारा तो आटो किराए पर लिया

सुबह 10:00 बजे जैसे ही परीक्षा शुरू हुई नकल करने का सिलसिला शुरू हो गया। परीक्षा केंद्र में बैठी हुई थी प्रश्न पत्र की फोटो कैमरे के सहारे बाहर भेज रही थी और बाहर बैठी युवती आईपैड और गूगल के माध्यम से उसका उत्तर बता रही थी। जैसे ही इसकी जानकारी काल चालक को मिली उसने आपत्ति की और कार से उतार दिया। कार में बैठी युवती अनुराधा बाई ने इसके बाद ऑटो चालक को रुकवाया और परीक्षा के बाद अपनी सहेली के साथ स्टेशन जाने की बात कही। आटो चालक मान गया। इस दौरान आटो चालक ने ग्रामीण परिवेश की युवती को वॉकी-टॉकी से बात करते हुए देखा तो संदेह हुआ। उसने इसकी जानकारी अपने पहचान वाले एनएसयूआई के कार्यकर्ता विकास ठाकुर और मयंक गौतम को दी। इससे पहले कार चालक भी इसी बारे में बता चुका था। पूछताछ में आटो में बैठी युवती हड़बड़ाने लगी। इसके बाद जांच करने पर युवती के पास से एक लैपटॉप, आईपैड, मोबाइल के साथ ही कैमरे, प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें भी मिली हैं।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## परीक्षा में पकड़ी गईं दो युवतियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

# सब इंजीनियर परीक्षा में नकल, स्पाई कैमरे से बहन को भेजा पेपर, वॉकी-टॉकी से मिले जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

बिलासपुर के सरकंडा इलाके में स्थित राम दुलारे स्कूल में पीडब्ल्यूडी सिविल सब-इंजीनियर की परीक्षा में नकल करते हुए दो लड़कियां पकड़ी गईं हैं। परीक्षार्थी ने कॉलर में माइक्रो कॉलर कैमरा और वॉकी-टॉकी छुपा रखा था। परीक्षा में बैठी युवती कॉलर कैमरे से सवाल बाहर भेज रही थी और बाहर ऑटो में बैठी उसकी साथी आईपैड पर गूगल की मदद से हल ढूंढकर वॉकी-टॉकी से जवाब भेज रही थी।

परीक्षा में खुलेआम हाईटेक नकल चल रही थी। इस पूरे खेल की भनक लगते ही एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने बाहर बैठी युवती को रंगे हाथों पकड़ लिया। उसके बाद परीक्षा केंद्र में जाकर पर्यवेक्षक को जानकारी दी और नकल कर रही युवती को माइक्रो कैमरे और वाकी टाकी के साथ पकड़ा गया। दोनों युवतियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। आटो में बैठी युवती का नाम अन्नू सूर्या तो परीक्षा दे रही युवती का नाम अनुराधा बाई है।

- पीडब्ल्यूडी सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा रविवार को जिले के 17 केन्द्रों में ली गई

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा पीडब्ल्यूडी सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा रविवार को जिले के 17 केन्द्रों में ली जा रही थी। परीक्षा का समय सुबह 10 से बजे से दोपहर 12.15 बजे के करीब था। इसी दौरान एनएसयुआई के कार्यकर्ताओं को जानकारी मिली की सरकंडा स्थित रामदुलारे शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल परीक्षा केंद्र मेंपरीक्षा में बाहर से नकल कराया जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने अपने स्तर पर छानबीन की तो पाया कि आटो में बैठी एक लड़की वाकी ▶▶|शेष पेज 7 पर



### युवतियां जशपुर की, बड़े गिरोह की आशंका

पकड़ी गई दोनों युवतियां जशपुर जिले की बताई जा रही हैं। आशंका इस बात की भी है कि इनके पीछे कोई बड़ा गैंग भी काम कर रहा होगा। फिलहाल मामले की जांच चल रही है। हालांकि प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। इस तकनीकी नकल ने न केवल प्रशासन को हैरान कर दिया, बल्कि परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।

### सब इंजीनियर के 113 पदों के लिए परीक्षा

दरअसल, पीडब्ल्यूडी सब इंजीनियर के 113 पदों के लिए रविवार को व्यवसायिक परीक्षा मंडल की ओर से भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। सरकंडा के उच्चतर माध्यमिक शाला में परीक्षा सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक चली। इसी परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थी अनुसूर्या परीक्षा देने आई थी।

### खामियां उजागर, कई सवाल भी

परीक्षा आयोजन प्रक्रिया की खामियां भी इससे उजागर हुई हैं। सवाल है कि परीक्षा केन्द्र में सभी परीक्षार्थियों को जांच के बाद प्रवेश दिया जाता है। तो फिर आखिर सुरक्षा जांच में ऐसे उपकरणों का प्रवेश कैसे हुआ? निगरानी में लगी टीमों की सतर्कता पर भी गंभीर सवाल उठते हैं।

### कपड़े में लगा रखा था माइक्रो कैमरा

एनएसयूआई के प्रदेश सचिव विकास सिंह ने साथियों के साथ इसकी जानकारी केन्द्राध्यक्ष को दी। पूछताछ में मालूम पड़ा कि आटो में बैठी युवती सेंटर में परीक्षा दे रही अपनी सहेली को आंसर बता रही थी। सूचना पर तत्काल हरकत में आए केंद्र प्रभारी और पुलिस ने पहले बाहर बैठी युवती को पकड़ा, फिर पूछताछ के आधार पर परीक्षा दे रही युवती को भी हिरासत में लिया गया। जांच में दोनों के पास से एक लैपटॉप, अत्याधुनिक माइक्रो डिवाइस और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट बरामद हुए हैं। परीक्षा दे रही युवती ने अपनी सलवार समीज के कालर में बड़ी चालाकी से एक कैमरा लगा रखा था। बेहद बारीकी से छिपाए गए माइक्रो कैमरे और वॉकी-टॉकी ईयरपीस के साथ परीक्षा दे रही युवती को पकड़ा गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि युवती परीक्षार्थी कैमरे की मदद से प्रश्नपत्र की तस्वीरें बाहर भेज रही थी। वहीं, परीक्षा केंद्र के बाहर एक ऑटो में बैठी उसकी सहयोगी प्रश्न हल कर वायरलेस डिवाइस के जरिए उसे उत्तर बता रही थी।

## खबर संक्षेप

### खुद को आग लगाने वाली छात्रा गंभीर

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर स्थित कॉलेज परिसर में कथित यौन उत्पीड़न के बाद खुद को आग लगाने वाली 20 वर्षीय कॉलेज



छात्रा की हालत 'बेहद गंभीर' है और वह लगभग 95 प्रतिशत तक झुलस गई है। भुवनेश्वर स्थित एम्स के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। छात्रा को शनिवार को एम्स में भर्ती कराया गया था।

### 'शहीदों' के कब्रिस्तान की तरफ जाने वाली सड़कें सील

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों ने रविवार को शहर के नौहट्टा इलाके में 'शहीदों' के कब्रिस्तान की ओर जाने वाली सभी सड़कों को सील कर दिया। सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) ने दावा किया कि उसके कई नेताओं को नजरबंद कर दिया गया है। केवल अधिकारियों और सुरक्षाबलों के वाहनों को ही प्रवेश मार्गों पर लगाए गए अवरोधक को पार करने की अनुमति दी गई है।

### सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, पांच घायल

**राजगढ़।** मप्र के राजगढ़ जिले में एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पचोर के




देहरी जोड़ के पास ओवरब्रिज पर एक कार के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा जाने से यह हादसा हुआ। कार देहरी जोड़ ओवरब्रिज पर पहुंची ही थी कि चालक को झपकी आ गई और गाड़ी डिवाइडर से जा टकराई।

### प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**मिर्जापुर।** जिगना थाना क्षेत्र में ट्रेन के सामने कूदकर एक युवक-युवती ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। प्रेमी जोड़े की पहचान शिवम सोनकर (21) और उसी जिले के चकडीहा की निवासी अंजली धरिकार (20) के रूप में हुई है। यह घटना शुक्रवार और शनिवार की मध्य रात्रि को गांव चडेरू चौकठा के पास की है। युगल विवाह करना चाहते थे, लेकिन परिजन उसका विरोध कर रहे थे।

### कालीसिंध नदी में गिरी कार, दो की मौत

**देवास।** मप्र के देवास जिले में एक पुलिया पर एक कार के अनियंत्रित होकर कालीसिंध नदी



में गिर जाने से उसमें सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा जिले के बागली तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोखापीपल्या के पास इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ।

## मतदाता पुनरीक्षण में बड़ी संख्या में मिले विदेशी नागरिक




# बिहार वोटर लिस्ट में नेपाल, बांग्लादेश व म्यांमार के घुसपैठिए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए चुनाव आयोग की ओर से घर-घर जाकर चलाए जा रहे विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान के दौरान बड़ी संख्या में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के लोग के पाए जाने की जानकारी सामने आई है। ऐसे लोगों की संख्या लाखों में बताई जा रही है। घर-घर सत्यापन में जुटे बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की इस रिपोर्ट के बाद हरकत में आए ▶▶|शेष पेज 7 पर

- लोगों ने राशन कार्ड तक बनवाए

### घर-घर जाकर होगी जांच

1 अगस्त से 30 अगस्त के बीच इनकी घर-घर जाकर जांच की जाएगी। यदि इनके दस्तावेज गलत पाए गए तो 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची से इनके नाम हटा दिए जाएंगे। सूत्रों की मानें तो शत-प्रतिशत गणना फार्म जमा होने के बाद इनकी संख्या और बढ़ सकती है।

**क्यों हो रहा है मतदाता पुनरीक्षण?:** चुनाव आयोग के जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक संविधान के अनुच्छेद -326 के तहत सिर्फ भारतीय ▶▶|शेष पेज 7 पर

### तेजस्वी ने चुनाव आयोग को घेरा



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार में 7 करोड़ 90 लाख मतदाता हैं। अगर एक फीसदी वोटर्स का भी नाम कट जाए तो सात लाख 90 हजार मतदाताओं का नाम कट जाएगा। यानी हर विधानसभा में 3 हजार 251 मतदाताओं का नाम कट जाएगा। उन्होने कहा कि 2020 में 35 सीटों पर जीत-हार का यह अंतर था। एक विधानसभा में औसतन 320 बूथ हैं। अगर एक बूथ पर 10 का नाम कटे तो 3200 मतदाताओं का नाम कटेगा। और यह बिहार के नतीजों पर अंतर डालेगा। तेजस्वी ने आरोप लगाया है कि आयोग हमारी शंकाओं का समाधान नहीं कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने लचीलापन कार्यशैली अपनाने को कहा लेकिन उस पर भी अमल नहीं किया गया।

## डीजल ले जा रही थी मालगाड़ी

# मालगाड़ी में आग लगने से 18 डिब्बे जलकर खाक



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

उत्तरी तमिलनाडु के तिरुवल्लूर में रविवार को डीजल ले जा रही एक मालगाड़ी में आग लग गई जिससे 18 डिब्बे जलकर खाक हो गए, जबकि चेन्नई-अरक्कोनम खंड पर ट्रेन सेवाएं बाधित हो गईं। मालगाड़ी के कुछ मध्यवर्ती डिब्बों में लगभग साढ़े पांच बजे तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन को पार करते समय आग लग गई तथा कई अन्य डिब्बे (इंजन से तीसरे डिब्बे के बाद) पटरी से उतर गए। मालगाड़ी चेन्नई हार्बर से वालाजा रोड साइडिंग जा रही थी।

### 11 मेल-एक्सप्रेस रद्द कई ट्रेनें डायवर्ट

रेलवे की आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार,चेन्नई सेंट्रल से चलने वाली या वहीं समाप्त होने वाली 11 मेल-एक्सप्रेस ट्रेन को रद्द कर दिया गया, जबकि कई अन्य ट्रेन के मार्ग को परिवर्तित किया गया या उनके गंतव्य स्थान से पहले ही रोक दिया गया है। रेलवे के शीर्ष अधिकारियों ने जिला प्रशासन, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और अग्नि एवं बचाव सेवाओं के समन्वय में राहत और पुनर्स्थापन कार्यों की निगरानी की।

**इंजन और डिब्बे को अलग किया :** रेलवे ने कहा, कुल 30 डिब्बों और इंजन को सुरक्षित रूप से हादसे वाली जगह से अलग कर दिया गया। इन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। 18 डिब्बे पूरी तरह जलकर खाक हो गए। एहतियाती उपाय के तौर पर चेन्नई-अरक्कोनम खंड में ईएमयू लोकल ट्रेन सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा आठ एक्सप्रेस ट्रेन को रद्द कर दिया गया है और पांच अन्य ट्रेन के मार्ग बदल दिए गए हैं तथा आठ ट्रेन को उनके गंतव्य स्थान से पहले ही रोक दिया गया है।

# सीसीटीवी से लैस होंगे रेलवे कोच-इंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए एक बड़ा फैसला किया है। अब देशभर के सभी पैसेंजर कोचों और इंजनों में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। यह फैसला कुछ कोचों में किए गए सफल परीक्षणों के बाद लिया गया है। रेल यात्रा के दौरान कई बार शरारती तत्व और गिरोह यात्रियों को निशाना बनाते हैं। इन घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे ने कोचों में निगरानी बढ़ाने का निर्णय लिया है। सीसीटीवी कैमरे इन घटनाओं की पहचान और रोकथाम में मदद करेंगे। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि उत्तर रेलवे के लोको इंजन और कोचों में सफल परीक्षण किए जा चुके हैं।

### यात्रियों की सुरक्षा को मिलेगी नई ताकत



### आधुनिक तरीके से होगी समस्याओं की निगरानी

अधिकारियों के अनुसार, सीसीटीवी कैमरे नवीनतम मानकों वाले होंगे और एसटीक्यूसी प्रमाणित होंगे। केंद्रीय रेल मंत्री ने सर्वश्रेष्ठ उपकरणों की तैनाती पर जोर दिया। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि 100 किमी प्रति घंटे से अधिक गति से चलने वाली ट्रेनों और कम रोशनी की स्थिति में भी उच्च गुणवत्ता वाली फुटेज उपलब्ध हो। मंत्री ने अधिकारियों को इंडिया एआई मिशन के सहयोग से सीसीटीवी कैमरों द्वारा कैप्चर किए गए डेटा पर एआई के उपयोग की संभावना तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया।

## बाबा बर्फानी के दर्शन कर लौट रहे थे श्रद्धालु

# तीन बसें आपस में टकराईं 10 अमरनाथ यात्री घायल

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में आधार शिविर लौटते समय रविवार को अमरनाथ यात्रियों के काफिले की तीन बसें आपस में टकरा गईं, जिससे कम से कम 10 तीर्थयात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायल तीर्थयात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। ये सभी तीर्थयात्री मंदिर में दर्शन करने के बाद काफिले में लौट रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

### 7,000 से अधिक तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना


दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रविवार को 7,049 तीर्थयात्रियों का 12वां जत्था जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। 1,423 महिलाओं, 31 बच्चों और 136 साधुओं व साध्वियों सहित तीर्थयात्री तड़के कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अलग-अलग काफिलों में अनंतनाग के नुनवान-पहलगाम और गांदरबल के बालटाल आधार शिविरों के लिए रवाना हुए। अमरनाथ की 38 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा तीन जुलाई को दोनों मार्गों से शुरू हुई। यह नौ अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगी।

## केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना, पीएम मोदी ने की सराहना

# चार हस्तियां जाएंगी राज्यसभा, राष्ट्रपति ने किया मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मामले में विशेष लोक अभियोजक रहे उज्ज्वल निकम, केरल से भाजपा नेता सी सदानंदन मास्टर और इतिहासकार मीनाक्षी जैन को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार देर रात जारी एक अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रपति ने इन चार व्यक्तियों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। अधिसूचना में कहा गया, भारत के संविधान के अनुच्छेद 80 के खंड (1) के उप-खंड (ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के साथ-साथ उस अनुच्छेद के खंड (3) के तहत राष्ट्रपति मनोनीत सदस्यों की सेवानिवृत्ति के कारण उत्पन्न रिक्तियों को भरने के लिए उज्ज्वल देवराव ▶▶|शेष पेज 7 पर




**उज्ज्वल निकम**

एक प्रसिद्ध वकील हैं। मुंबई आतंकवादी हमलों के मामले में सरकारी वकील के रूप में काम कर चुके हैं। भाजपा ने उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में मुंबई उत्तर मध्य सीट से पार्टी उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा था।




**हर्षवर्धन श्रृंगला**

भारतीय विदेश सेवा के 1984 बैच के अधिकारी हर्षवर्धन श्रृंगला एक राजनयिक, बुद्धिजीवी और रणनीतिक विचारक के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वे अमेरिका और थाईलैंड में भारत के राजदूत रहे।



**मीनाक्षी जैन**

एक विद्वान, शोधकर्ता और इतिहासकार के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। शिक्षा, साहित्य, इतिहास और राजनीति विज्ञान के क्षेत्र में उनके कार्यों ने अकादमिक विमर्श को महत्वपूर्ण रूप से समृद्ध किया है।



**सदानंदन मास्टर**

एक शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी इनके प्रयास सराहनीय हैं। युवा सशक्तीकरण के प्रति उनकी गहरी आस्था है। उनका जीवन साहस और अन्याय के आगे न झुकने की भावना का प्रतीक है।

# शुभांशु समेत चारों यात्रियों की आईएसएस से विदाई, आज शुरू होगी वापसी की यात्रा

## अंतरिक्ष स्टेशन में बिताए 18 दिन, प्रतिदिन 16 बार सूर्योदय और सूर्यास्त देखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अंतरिक्ष में 18 दिनों तक वैज्ञानिक प्रयोग करने के बाद अब भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और उनके तीन अन्य साथी अंतरिक्षयात्रियों के लिए विदाई और भोज का समय आ गया है। एक्सिओम-4 मिशन का यह दल सोमवार को पृथ्वी पर वापसी की तैयारी कर रहा है। एक्सिओम-4 मिशन के तहत शुक्ला व तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री कमांडर पैगी व्हिटसन, पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और हंगरी के टिबोर कापू इस यात्रा में शामिल हैं। सभी 26 जून को अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे। लौटने के बाद शुक्ला को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल होने के लिए फ्लाइट सर्जन की देखरेख में सात दिन गुजारने होंगे, ताकि उनकी सेहत की देखरेख की जा सके।

### मिशन में कौन-कौन हैं शामिल, कब होगी रवानगी

एक्सिओम-4 मिशन में कुल चार अंतरिक्ष यात्री हैं। जिसमें क्रू- कमांडर पेगी व्हिटसन, पायलट शुभांशु शुक्ला, पोलैंड के निवासी और मिशन विशेषज्ञ स्लावोस्ज उज्नांस्की-विस्निवस्की, हंगरी के निवासी और मिशन विशेषज्ञ टिबोर कापु शामिल हैं। ये दल सोमवार को भारतीय समयानुसार शाम 4:35 बजे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना होगा।

### पृथ्वी पर वापसी का समय और तैयारी

भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि एक्सिओम-4 दल 15 जुलाई को दोपहर 3 बजे (भारतीय समयानुसार) पर समुद्र में उतरेगा। शुक्रवार और शनिवार को सभी अंतरिक्षयात्रियों ने मिलकर विदाई से पहले एक विशेष भोज का आयोजन किया। अंतरिक्ष में फिलहाल कुल 11 यात्री हैं - 7 एक्सपीडिशन 73 मिशन के और 4 एक्सिओम-4 मिशन के हैं।



### अंतरिक्ष में अंतरराष्ट्रीय भोज

अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री जॉनी किम ने एक्स पर लिखा कि उन्होंने एक्सिओम-4 दल के साथ जो भोजन किया, वह सबसे यादगार शामों में से एक थी। इस भोज में रिहाइड्रेटेड झींगा कॉकटेल और क्रैकर्स स्टार्टर के तौर पर था, वहीं मुख्य व्यंजन में चिकन और बीफ फजिटास, जबकि मिठाई के तौर पर ब्रेड, गाढ़ा दूध और अखरोट से बनी केक दी गई थी। बता दें कि, भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अपने साथ आमरस और गाजर का हलवा ले गए थे, वहीं पोलिश यात्री स्लावोस्ज ने पिएरोगी (मशरूम और पत्तागोभी से भरी डिश) साझा की।

### अंतरिक्ष में किए गए वैज्ञानिक प्रयोग

शुभांशु ने अंतरिक्ष में माइक्रोएल्गी प्रयोग किया। माइक्रोएल्गी (सूक्ष्म शैवाल) भविष्य में अंतरिक्ष यात्राओं के लिए खाद्य, ऑक्सीजन और बायोफ्यूल का स्रोत बन सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने कई शोधों में भाग लिया, जिसमें स्पेससूट की जांच और मरम्मत, एक्सरसाइज अनुसंधान, आंखों की गतिविधि और समन्वय, मस्तिष्क पर अंतरिक्ष के असर, संज्ञानात्मक क्षमता और सीखने की जांच, मस्तिष्क की तरंगों और रक्त प्रवाह की निगरानी और रेडिएशन डोज की गणना शामिल है।

### अंतरिक्ष यान की वापसी प्रक्रिया

एक्सिओम-4 के अंतरिक्ष यात्री सोमवार दोपहर 2:25 बजे (भारतीय समयानुसार) पर अपने स्पेससूट पहनकर ड्रैगन अंतरिक्ष यान में बैठेंगे। फिर यान आईएसएस से स्वतः अलग होकर धीरे-धीरे पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करेगा और अंत में अमेरिका के कैलिफोर्निया तट पर समुद्र में उतरेगा। नासा ने बताया कि ड्रैगन यान में 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों के डेटा और लगभग 580 पाउंड सामग्री के साथ वापसी होगी।

### वापसी के बाद क्या होगा?

इसरो के अनुसार, शुभांशु शुक्ला की वापसी के बाद उन्हें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में फिर से ढलने के लिए लगभग 7 दिन का पुनर्वास कार्यक्रम दिया जाएगा, जिसे फ्लाइट सर्जन की देखरेख में किया जाएगा। इस मिशन के लिए इसरो ने करीब 550 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह अनुभव भारत के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' (2027 में प्रस्तावित) की योजना और तैयारी में मदद करेगा।

---

## खबर संक्षेप

### पुरी में बर्ड फ्लू, 6700 पक्षियों को मारा गया



भुवनेश्वर। ओडिशा के पुरी जिले के एक कुक्कुट पालन केंद्र में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद राज्य सरकार ने आपातकालीन रोकथाम उपाय के तहत 6,700 से अधिक पक्षियों को सामूहिक रूप से मारने की कार्रवाई की है। बताया गया कि राज्य सरकार ने पक्षियों को बड़े पैमाने पर मारने का फैसला जिले के देलंगा ब्लॉक के बड़ा अंकुला गांव से एकत्र किए गए नमूनों में एच5एन1 मिलने की पुष्टि के बाद लिया गया।

### तंत्र-मंत्र के नाम पर महिलाओं से छेड़छाड़

**सोनभद्र**। सोनभद्र जिले के म्योरपुर थाना क्षेत्र में तंत्र-मंत्र के नाम पर महिलाओं को सम्मोहित करने के आरोप में सत्येंद्र और अवधेश नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एएसपी त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से सार्वजनिक हुआ, जिसमें हरहोरी का निवासी सत्येंद्र कुमार (33) अपने क्षेत्र की एक महिला से पूजा पाठ, शुद्धिकरण और तंत्र-मंत्र के लिए लड़की की व्यवस्था करने के लिये कह रहा है। उन्होंने बताया कि वीडियो सामने आने के बाद संबंधित महिला की शिकायत पर म्योरपुर थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों सत्येंद्र और अवधेश को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी की गोली मारकर हत्या



**पटना**। बिहार की राजधानी पटना के पिपरा इलाके में 50 वर्षीय एक ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सुरेंद्र कुमार (50) के रूप में हुई है। घटना शनिवार रात शेखपुरा गांव में तब हुई, जब कुमार खेत में काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार, उन्होंने खेत से गोलियों की आवाज सुनी और जब वे वहां गए, तो अधिकारी अचेत हालत में मिले, जिन्हें गोली लगी हुई थी। सिंह ने कहा कि कुमार को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

---

महाराष्ट्र में भाषा को लेकर बढ़ता जा रहा विवाद

# मुंबई में मराठी न बोलने पर ऑटो चालक से मारपीट, मंगवाई सार्वजनिक माफी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र में भाषा को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। शनिवार को पालघर जिले के विरार क्षेत्र में उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना कार्यकर्ताओं ने एक प्रवासी ऑटो रिक्शा चालक के साथ मराठी में बात न करने को लेकर जमकर मारपीट की और उसे सार्वजनिक रूप से कैमरे पर माफी मांगने के लिए मजबूर भी किया। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। वीडियो में दिख रहा है कि शिवसेना (यूबीटी) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ता ऑटो ड्राइवर के साथ मारपीट कर रहे हैं। इतना ही नहीं कथित 'आपत्तिजनक' टिप्पणी करने को लेकर उससे माफी भी मंगवाई।

### कुछ दिन पहले वीडियो हुआ था वायरल

दरअसल, इस ऑटो ड्राइवर का कुछ दिन पहले भावेश पडोडिया नाम के शख्स से झगड़ा हुआ था। इसका वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में भावेश, ऑटो ड्राइवर से कह रहा है कि तुम मराठी क्यों नहीं बोल रहे हो। चालक ने कहा, 'मैं हिंदी बोलूंगा, भोजपुरी बोलूंगा लेकिन मराठी नहीं।' बताया जा रहा है कि इसी को लेकर शिवसेना-एमएनएस समर्थकों ने ऑटो ड्राइवर को घेर लिया और जमकर धुनाई कर दी।



### महिलाओं ने भी की मारपीट, माफी मंगवाई

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि काफी लोगों की भीड़ ने ऑटो ड्राइवर को पकड़ रखा है। वह लगातार कान पकड़कर माफी मांग रहा है, लेकिन वह उसको बख्शने के मूड में नहीं हैं। समूह में कुछ महिलाएं भी शामिल हैं। महिलाओं ने भी चालक को थप्पड़ पर थप्पड़ जड़े और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के लिए मजबूर किया। इतना ही नहीं उससे मराठी भाषा जिंदाबाद के नारे लगवाए गए. फिर एक महिला के पैर छूकर माफी मांगने के लिए मजबूर किया।

### पुलिस ने अभी तक नहीं की कार्रवाई

सोशल मीडिया पर वीडियो के व्यापक रूप से प्रसारित होने के बावजूद पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने वायरल क्लिप देखी है और तथ्यों की पुष्टि कर रहे हैं। हालांकि, इस संबंध में हमे अभी तक कोई भी शिकायत नहीं मिली है। ऐसे में मामला दर्ज नहीं किया जा सका है। बता दें कि राज्य में भाषा को लेकर लगातार ऐसी घटनाएं हो रही है।

### कई दिनों बाद ढूंढकर घेरा और पीटा

रिपोर्ट के अनुसार, विरार रेलवे स्टेशन के पास शिवसेना और एमएनएस कार्यकर्ताओं ने ऑटो रिक्शा चालक को पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट की। इसका वीडियो भी बनाया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं को चालक के थप्पड़ मारते हुए और सार्वजनिक रूप से अपमानित करते हुए देखा जा सकता है। उस पर माफी मांगने का दबाव भी बनाया जाता है। उसके बाद में चालक कहता है, मैं मराठी लोगों से माफी माँगता हूं, मैं महाराष्ट्र से माफी मांगता हूं।

### मराठी भाषा का अपमान करने वालों को मिलेगा ऐसा जवाब

इस घटना को लेकर शिवसेना (यूबीटी) के नेता उदय जाधव का बयान आया है। उन्होंने कहा, 'अगर कोई मराठी भाषा या उसके लोगों का अपमान करेगा तो उसको ऐसा ही जवाब मिलेगा। हम चुप नहीं बैठेंगे। इस ऑटो ड्राइवर ने मराठी भाषा और मराठी मानुष का अपमान करने की हिम्मत दिखाई थी, इसलिए इसको सबक सिखाया।

---

दिल्ली में माहौल बिगाड़ने की कोशिश

# कांवड़ियों के मार्ग पर फैलाए कांच के टुकड़े

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दिल्ली में एक बार फिर एक साजिश के अंतर्गत माहौल बिगाड़ने की कोशिश हुई है। शाहदरा के इलाके में कांवड़ियों के लिए निर्धारित मार्ग पर एक किलोमीटर तक कांच के टुकड़े तोड़े गए हैं। इसकी जानकारी आते ही माहौल गर्म हो गया है। दिल्ली सरकार ने भरोसा जताया है कि कांवड़ियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। दिल्ली के कांवड़ियों ने 11-12 जुलाई को हरिद्वार के हर की पौड़ी जैसे पवित्र स्थानों से गंगा का जल उठाया है। वे आज अलग-अलग समय पर दिल्ली पहुंचेंगे। दिल्ली के कई शिवालयों में 14 जुलाई को सावन के पहले सोमवार को गंगा जल अर्पित किया जाएगा लेकिन रविवार सुबह ही सूचना मिली कि कांवड़ियों के आने वाले मार्ग पर कांच के टुकड़े फेंके गए हैं। इससे लोगों में नाराजगी फैल गई।



### पुलिस ने की सफाई, खोजे जा रहे फूटेज

लेकिन दिल्ली पुलिस को इस बात की जानकारी होते ही इस पूरे मार्ग की साफ-सफाई की गई। हर जगह पर सफाई कर्मचारियों को लगाकर कांच के टुकड़े हटाए गए। पुलिस इलाके के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है जिससे इस घटना को अंजाम देने वालों तक पहुंचा जा सके। दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा ने यह मामला सामने आते ही इस पर कार्रवाई करने को कहा।

### 374 कांवड़ शिविर भी बने

कांवड़ियों के आराम करने हेतु दिल्ली में इस बार रिकॉर्ड संख्या में कांवड़ शिविर लगाए गए हैं। इस बार दिल्ली में रिकॉर्ड 374 कांवड़ शिविर बनाए गए हैं। पिछले वर्ष यह संख्या सौ से कुछ ही ज्यादा थी। लेकिन इस बार दिल्ली सरकार ने हर कांवड़ शिविर को मुफ्त बिजली के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई हैं।

---

# सोनम को पनाह देने वाले फ्लैट मालिक व गार्ड को मिली जमानत

एजेंसी ▶▶| शिलांग

इंदौर के चर्चित व्यापारी राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां इस हत्याकांड से जुड़े दो सह-आरोपियों लोकेन्द्र सिंह तोमर और बलबीर अहिरवार को स्थानीय अदालत ने जमानत दे दी है। लोकेन्द्र सिंह तोमर वही व्यक्ति हैं जिनके फ्लैट में सोनम ने हत्या के बाद कुछ समय के लिए शरण ली थी। वहीं बलबीर अहिरवार उस फ्लैट का सुरक्षा गार्ड है।

दोनों पर आरोप था कि इन्होंने मामले में सबूतों से छेड़छाड़ की और जांच में बाधा डाली। लेकिन उनके वकील ने बताया कि दोनों ने पुलिस जांच में पूरा सहयोग किया और उन पर सिर्फ जमानती धाराएं लगी थीं। इसी आधार पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने शुक्रवार को उन्हें जमानत दे दी।

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**



### प्रेमी के साथ मिलकर दिया वारदात को अंजाम

जांच में सामने आया कि सोनम और उसके कथित प्रेमी राज कुशवाहा ने मिलकर राजा की हत्या की साजिश रची थी। उन्होंने इसके लिए तीन सुपारी किलर आकाश राजपूत, विशाल सिंह चौहान और आनंद कुर्मी को भी साथ मिलाया। हत्या के बाद सोनम और राज कुशवाहा इंदौर लौटे और तोमर के फ्लैट में रुके थे। यहीं पर फ्लैट मालिक लोकेन्द्र और गार्ड बलबीर की भूमिका सामने आई।

### समझिए क्या है पूरा मामला?

बीते कुछ दिनों से देशभर में राजा रघुवंशी हत्याकांड का मामला चर्चा में है। कारण है कि इस हत्याकांड मामले ने इंसानियत पर कई सारे सवाल खड़े कर दिए। मामला कुछ ऐसा है कि इंदौर के व्यापारी राजा रघुवंशी की शादी 11 मई 2024 को सोनम से हुई थी। शादी के बाद वे हनीमून पर मेघालय गए थे। लेकिन 23 मई को राजा लापता हो गए। इसके बाद पुलिस को दो जून को मेघालय के सोहरा (चेरापूंजी) क्षेत्र की एक गहरी खाई से उनका क्षत-विक्षत शव मिला।

---

### मानव तस्करी गिरोह का सरगना मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**गोरखपुर**। गोरखपुर जिले में पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय मानव तस्करी गिरोह के कथित सरगना को रविवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तर) जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह मुठभेड़ पिपराइच इलाके में तड़के करीब चार बजे हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी मोहर्रम उर्फ राहुल एक पुलिस अधिकारी की पिस्तौल लेकर हिरासत से भागने की कोशिश कर रहा था तभी उसे रोकने की कोशिश में चलायी गयी गोली उसके पैर में लग गई और इसके बाद उसे हिरासत में लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्रीवास्तव ने बताया कि मोहर्रम हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों से युवतियों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का मुख्य सदस्य है और वह न केवल लड़कियों को राज्य की सीमाओं के पार बेचता था।

---

'दृश्यम' से प्रेरित खौफनाक साजिश

# 60 लाख के बीमा के लिए दामाद ने की सास की हत्या

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

तेलंगाना के सिद्दीपेट जिले से एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। जहां एक दामाद ने बीमा राशि पाने के लिए अपनी ही 60 वर्षीय सास की हत्या कर दी। मामले में पुलिस का दावा है कि इस पूरी साजिश को अंजाम देने के पीछे आरोपी ने मशहूर क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दृश्यम' से प्रेरित होकर उसने हादसे का नाटक रचा, लेकिन पुलिस की जांच और सीसीटीवी फुटेज ने साजिश का पर्दाफाश कर दिया।

बता दें कि घटना सिद्दीपेट के पेड्डामासनपल्ली गांव की है। आरोपी की पहचान वेंकटेश के रूप में हुई है, जिसने अपनी सास रामव्वा के नाम पर पोस्ट ऑफिस और एसबीआई में करीब 60 लाख रुपये के बीमा कराए थे। ये पॉलिसियां इस साल मार्च में ही करवाई गई थीं। फिल्म 'दृश्यम' से प्रेरित होकर उसने हादसे का नाटक रचा, लेकिन पुलिस की जांच और सीसीटीवी फुटेज ने साजिश का पर्दाफाश कर दिया।

**पुलिस ने किया पर्दाफाश**



### सीसीटीवी ने खोली पोल

मामले में पुलिस ने बताया कि वेंकटेश ने बड़ी ही चालाकी से हत्या की योजना बनाई। वह रामव्वा को खेत में काम के बहाने ले गया और रात में उसे अकेले पैदल घर भेज दिया। पहले से तैयार उसके साथी ने रास्ते में कार से रामव्वा को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। वेंकटेश ने इसे सड़क हादसा दिखाने की कोशिश की ताकि बीमा की रकम मिल सके। पुलिस को शुरू से ही मामला संदिग्ध लगा। जांच के दौरान इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें कई विरोधाभास नजर आए। इससे पुलिस को वेंकटेश पर शक हुआ।

### वेंकटेश ने कबूला अपना जुर्म

इसके बाद कड़ाई से पूछताछ करने पर वेंकटेश ने आखिरकार जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि उसने सिर्फ बीमा की रकम पाने के लिए अपनी सास की हत्या करवाई थी। पुलिस ने यह भी खुलासा किया कि वेंकटेश ने अपने भाई को भी इस साजिश में शामिल किया था और उसे आधा पैसा देने का वादा किया था।

---

मणिपुर हिंसा : दूर से हमले की तैयारी कर रहे उग्रवादी समूह, जब्त हुए कुछ हथियार

# पुलिस से लूटे हथियारों को स्नाइपर राइफल में किया मॉडिफाई

एजेंसी ▶▶| इंफाल

मणिपुर में मैतेई और कुकी उग्रवादी समूह 2023 में पुलिस से लूटे गए हथियारों को मॉडिफाई कर दूर से निशाना लगाने वाली स्नाइपर राइफल में बदल रहे हैं। जातीय हिंसा के दौरान इन समुदायों ने परंपरागत हथियारों के साथ-साथ बिजली के खंभों और पाइप से बने हथियार भी बनाए हैं, जिनका इस्तेमाल गुरिल्ला युद्ध तकनीकों में किया जाता है। विरोधी समुदायों को निशाना बनाने के लिए दूर तक मार करने वाले हथियारों को तैयार किया जा रहा है। पुलिस शस्त्रागार से छह हजार से अधिक हथियार लूटे गए थे, जिनमें .303 राइफल, एके-सीरीज की हमला करने वाली राइफल, आईएनएसएएस राइफल और छोटे आकार की कार्बाइन बंदूकें शामिल थीं। जांच दल ने इंफाल घाटी और पहाड़ी इलाकों से कई हथियार बरामद किए हैं, जिनमें आईएनएसएएस, एके-सीरीज की राइफलें और देसी पिस्तौल शामिल हैं।



### खंभों और लोहे के पाइप से भी हथियार बनाए

राज्य में 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 260 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। शुरुआत में सुरक्षा एजेंसियों ने ऐसे हथियार जब्त किए थे, जो बिजली के खंभों या लोहे की पानी की पाइप से बनाए गए थे। हिंसा जून 2023 में और भी ज्यादा खौफनाक हो गई थी, जब पहाड़ी इलाकों के लोगों ने बिजली के खंभों और पानी की पाइप को उखाड़कर उसने हथियार बनाए।

### पुलिस ने दोनों गुटों से जब्त किए 500 से ज्यादा हथियार

मणिपुर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने जून में इंफाल घाटी के पांच जिलों में 13 और 14 जून की रात को संयुक्त कार्रवाई में 328 हथियार बरामद किए थे। ये हथियार जुलाई के पहले हफ्ते में चार पहाड़ी जिलों से 203 और हथियार बरामद किए गए थे। दोनों विद्रोही गुटों से छापेमारी में आईएनएसएएस राइफल, एक-सीरीज की राइफल, सेल्फ लोडिंग राइफल, मॉडिफाई की गई स्नाइपर राइफल, ग्रेनेड फेंकने वाला लॉन्चर, पिस्तौल और देसी .22 बोर की राइफल बरामद की गईं।

### हथियारों की मारक क्षमता बढ़ाई

अधिकारियों ने बताया कि .303 राइफल आमतौर पर करीब 500 मीटर तक सही निशाना लगा सकती है। लेकिन अगर इसकी बट (जिसे कंधे पर टिकाया जाता है) में बदलाव किया जाय और उस पर विशेष दूरबीन व अन्य उपकरण लगाए जाएं, तो उसी राइफल से निकली गोली अब और दूर और अधिक सटीक तरीके से मार कर सकती है। वहीं, एकके-47 की प्रभावी रेंज करीब 300-400 मीटर तक ही होती है।

### दूर से हमला करने की तैयारी

इन हथियारों में किए गए बदलाव से यह साफ होता है कि विद्रोही गुट अब दूर से हमला करने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, इससे पहले कि वे सुरक्षा बलों के लिए कोई बड़ी चुनौती बन पाते, पुलिस ने असम राइफल्स और दूसरे अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर इंफाल घाटी और पहाड़ी इलाकों से ये हथियार बरामद कर लिए हैं।

---

के. कविता पर टिप्पणी को लेकर

# कांग्रेस एमएलसी कार्यालय पर हमला

एजेंसी ▶▶| मलकाजगिरी



तेलंगाना में कांग्रेस एमएलसी चिंतापंडु नवीन के कार्यालय में रविवार को उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की। इस हमले में 10-15 कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन पर लाठियों से हमला किया गया। चिंतापंडु नवीन को लोग तीनमार मल्लन्ना के नाम से भी जानते हैं। तेलंगाना जागृति कार्यकर्ताओं पर कार्यालय पर धावा बोलने और तोड़फोड़ करने का आरोप है। बताया जा रहा है कि कार्यकर्ता तीनमार मल्लन्ना की ओर से बीआरएस एमएलसी के. कविता पर की गई टिप्पणी को लेकर नाराज थे। मामले में मलकाजगिरी के एसीपी ने कहा कि हमें अभी सूचना मिली है और हम बाद में और जानकारी देंगे।

भारतीय वायुसेना को मिली एक ओर बड़ी सफलता

# डीआरडीओ और वायुसेना ने किया 'अस्त्र' मिसाइल का सफल परीक्षण

*'अस्त्र' मिसाइल का सफल परीक्षण न केवल भारतीय वायुसेना की लड़ाकू क्षमता को बढ़ाएगा, बल्कि यह भारत की रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भरता और स्वदेशी नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित होगा। यह मिसाइल भविष्य में देश की हवाई सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डीआरडीओ और भारतीय वायुसेना ने ओडिशा के तट पर स्वदेशी बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल 'अस्त्र' का सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल में स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर लगा हुआ है और इसे सुखोई -30 एमके-आई फाइटर जेट से दागा गया। परीक्षण के दौरान दो मिसाइलें अलग-अलग दूरी, दिशा और हालात में उड़ रहे तेज रफ्तार ड्रोन टारगेट्स पर दागी गईं। दोनों ही बार मिसाइलों ने अपने टारगेट को बेहद सटीकता से मार गिराया।

**खास बातें**

- दोनों ही बार मिसाइलों ने अपने टारगेट को बेहद सटीकता से मार गिराया
- भविष्य में देश हवाई सुरक्षा को मिलेगी मजबूती



## अस्त्र मिसाइल और आरएफ सीकर की खासियत

अस्त्र एक 'बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल' (वीवीआरएएम ) है, जिसे दुश्मन के विमान को लॉन्चिंग विमान से काफी दूर मार गिराने के लिए बनाया गया है। इस बार जो संस्करण परीक्षण में इस्तेमाल हुआ, उसमें देश में विकसित किया गया रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) सीकर लगा था। यह आरएफ सीकर लक्ष्य पर लॉक करने और उड़ान के दौरान मार्गदर्शन देने में मदद करता है। इसका स्वदेशी विकास 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत भारत की रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भरता को दर्शाता है।

### ओडिशा तट पर सफल परीक्षण

बंगाल की खाड़ी में भारत ने एक और बड़ी सैन्य उपलब्धि हासिल की। सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से दो बार अस्त्र मिसाइल का परीक्षण किया गया। ये परीक्षण अलग-अलग दूरी और दिशाओं में उड़ रहे तेज रफ्तार मानव रहित हवाई लक्ष्यों पर किए गए।



### आत्मनिर्भर रक्षा निर्माण के लक्ष्य

*यह परीक्षण भारत की रक्षा तैयारियों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इससे भारतीय वायुसेना के लिए पूरी तरह से स्वदेशी एयर-टू-एयर मिसाइलों के उपयोग का मार्ग प्रशस्त हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे सफल परीक्षणों से भारत की विदेशी मिसाइल प्रणालियों पर निर्भरता कम होगी और आत्मनिर्भर रक्षा निर्माण के लक्ष्य को बल मिलेगा। मिसाइल को नियमित रूप से वायुसेना के बेड़े में शामिल करने से पहले और भी परीक्षण किए जाएंगे।*

विदेशमंत्री ने टेमासेक प्रमुख से भारत में चल रहे आर्थिक सुधारों और निवेश के अवसरों पर चर्चा की

# सिंगापुर में समकक्ष से जयशंकर ने की मुलाकात कहा- ये देश भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का केंद्र

*भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर अपने तीन दिवसीय चीन-सिंगापुर दौरे के पहले चरण में सिंगापुर पहुंचे। यहां उन्होंने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन और टेमासेक होल्डिंग्स के अध्यक्ष-निर्वाचित टीओ ची हीन से मुलाकात की। जयशंकर ने टेमासेक प्रमुख से भारत में चल रहे आर्थिक सुधारों और निवेश के अवसरों पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने सिंगापुर को भारत की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' का केंद्र बताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच विचार-विमर्श हमेशा लाभकारी रहता है।*

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर रविवार को अपने तीन दिवसीय चीन-सिंगापुर के दौरे के पहले चरण में सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन से मुलाकात की। इस मुलाकात के बारे में जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी।

विदेश मंत्री ने लिखा कि सिंगापुर हमारी एक्ट ईस्ट पॉलिसी का केंद्र है। वहां विचारों का आदान-प्रदान हमेशा महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि रविवार सुबह सिंगापुर में एफएम विवियन बालकृष्णन से मिलकर अच्छा लगा। बता दें कि 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' भारत की विदेश नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें भारत का फोकस पूर्वी एशिया और दक्षिण-पूर्वी एशिया देशों के साथ रिश्तों को और बढ़ावा देने पर है। यह मुलाकात भारत और सिंगापुर के बीच बढ़ते राजनीतिक और आर्थिक संबंधों का प्रतीक मानी जा रही है।



### एस जयशंकर चीन के दौरे पर भारत और चीन के बीच इन मुद्दों पर हो सकती है बात

*चीन के बयान में कहा गया है कि मंत्री विभिन्न क्षेत्रों में एससीओ सहयोग और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया, ऑटोमोबाइल सहित कई उत्पादों के निर्माण के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण धातुओं पर चीन की रोक सहित कई मुद्दों पर बातचीत होने की उम्मीद है। जयशंकर की यह यात्रा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारअजीत डोभाल की हालिया चीन यात्राओं के बाद हो रही है।*

### 15 जुलाई को विदेश मंत्रियों के बैठक में लेगें हिस्सा

चीन के तियानजिन में 15 जुलाई से शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ की विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि इस बैठक में विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और प्रमुख वैश्विक व क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार विमर्श होगा। परिषद की बैठक 15 जुलाई को तियानजिन में होगी।

### भारत में हो रहे परिवर्तन और उसके निवेश के अवसरों पर चर्चा हुई: जयशंकर

वही जयशंकर ने टेमासेक होल्डिंग्स के अध्यक्ष-निर्वाचित टीओ ची हीन से मुलाकात की। जयशंकर ने इस मुलाकात के बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि आज टेमासेक होल्डिंग्स के चेयरमैन-डिजिग्नेट टीओ ची हीन से मिलकर खुशी हुई। हमने इस दौरान भारत में हो रहे परिवर्तन और उसके निवेश के अवसरों पर चर्चा की। इस दौरान भारत में आर्थिक सुधारों और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के साथ-साथ नए व्यापारिक अवसरों के बारे में चर्चा की गई। देखा जाए तो यह मुलाकात भारत और सिंगापुर के बीच बढ़ते व्यापारिक संबंधों और निवेश के नए रास्तों की ओर इशारा करती है।



### दुर्लभ धातुओं सहित कई मुद्दों पर चर्चा की उम्मीद

चीन के बयान में कहा गया है कि भारत और चीन के विदेश मंत्री इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया, ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न उत्पादों के विनिर्माण के लिए आवश्यक दुर्लभ धातुओं पर बातचीत होने की संभावना है।

*प्रवर्तन निदेशालय ने 'काली कमाई' पर की कार्रवाई*

# ईडी ने सहारा समूह के खिलाफ धन शोधन के मामले में 2 लोगों को कर लिया गिरफ्तार

## राशि को ठिकाने लगाया और गबन भी किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने सहारा समूह और उससे जुड़ी इकाइयों के खिलाफ धन शोधन मामले के तहत 2लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें सहारा समूह के चेयरमैन की मुख्य प्रबंधन टीम के एक कार्यकारी निदेशक और समूह के एक लंबे समय से सहयोगी सह संपत्ति ब्रोकर शामिल हैं। आरोपियों की पहचान वैलापरम्पिल अब्राहम और जितेंद्र प्रसाद वर्मा के रूप में हुई है। अब्राहम ने संपत्तियों की बिक्री के समन्वय और उसे सुगम बनाने में 'महत्वपूर्ण भूमिका' निभाई, जिनमें से कई में 'बेहिसाब' नकदी शामिल थी, जिसका गबन कर लिया गया था। वर्मा ने बिक्री लेनदेन से प्राप्त बड़ी 'नकदी' आय को ठिकाने लगाने में मदद की।

### नई विशेष पीएमएलए अदालतें धनशोधन के मुकदमों में तेजी लाएं

ईडी ने कहा कि विभिन्न राज्यों में विशेष पीएमएलए अदालतों की हालिया अधिसूचना से धनशोधन के मामलों की सुनवाई में 'काफी तेजी'आएगी। ईडी ने एक बयान में कहा कि तेलंगाना में अब कुल 16 विशेष अदालतें अधिसूचित की गई हैं, जिनमें विशाखापत्तनम के लिए दो अदालतें शामिल हैं। राजस्थान में ऐसी अदालतों की संख्या एक (पहले केवल जयपुर में थी) से बढ़ाकर पांच कर दी गई है।

## यूक्रेन ने दो रूसी एजेंट को मारने का दावा किया

**कीव।** यूक्रेन की सुरक्षा एजेंसी ने रविवार को कहा कि उसने राजधानी कीव में उसके एक वरिष्ठ अधिकारी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में संदिग्ध दो रूसी एजेंट का पता लगाकर उन्हें मार गिराया है।

एजेंसी ने एक बयान में कहा कि गिरफ्तारी से बचने का प्रयास करने पर संदिग्ध रूसी एजेंट को कीव क्षेत्र में मार गिराया गया। एजेंसी द्वारा जारी एक वीडियो में दो शव जमीन पर पड़े दिखाई दे रहे हैं। एजेंसी ने पहले कहा था कि एक पुरुष और एक महिला पर सुरक्षा एजेंसी के कर्नल इवान वोरोनिच की गुरुवार को हुई हत्या में शामिल होने का संदेह है। इवान की हत्या की घटना एक निगरानी कैमरे में दर्ज हो गई थी। खबरों में दावा किया गया है कि वोरोनिच रूस के नियंत्रण वाले यूक्रेनी क्षेत्रों में गुप्त अभियानों में शामिल थे और उन्होंने पिछले वर्ष रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन द्वारा अचानक किए गए भीषण हमले को अंजाम देने में कथित तौर पर मदद की थी।

# दो दिन में दूसरे टीएमसी नेता की हत्या, घर से बुलाकर सिर में मारी गोली

एजेंसी ▶▶ कोलकाता


पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में शनिवार को एक और राजनीतिक हत्या ने माहौल को तनावपूर्ण बना दिया है। टीएमसी के सैंथिया पंचायत समिति में कृषि अधिकारी और श्रीनिधिपुर इलाके के अध्यक्ष पियूष घोष की देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना कोमारपुर गांव में सैंथिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह तीन दिनों में टीएमसी नेता की दूसरी हत्या है, जिससे राज्य में राजनीतिक हिंसा को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है जानकारी के मुताबिक, पियूष घोष को देर रात करीब 2 बजे एक फोन कॉल आया, जिसके बाद वह घर से बाहर निकले। जैसे ही वह कोमारपुर चौराहे पर पहुंचे, बदमाशों ने उन्हें सिर में गोली मार दी। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। उनका शव खून से लथपथ हालत में बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बोलपुर उप-जिला अस्पताल भेजा। टीएमसी के लवपुर से विधायक अभिजीत सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घोष के परिजनों से मुलाकात की और घटना की कड़ी निंदा की।

### तीन गिरफ्तार, दो महिलाएं भी शामिल

बीरभूम के पुलिस अधीक्षक अमनदीप सिंह ने जानकारी दी कि पुलिस ने घटनास्थल पर समय रहते कार्रवाई की और तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है। हालांकि पुलिस ने फिलहाल ज्यादा जानकारी साझा करने से इनकार किया है और कहा है कि जांच जारी है।

कांग्रेस विधायक ने कहा

# सही च्वॉयस... मोदी रिटायर हों तो गडकरी बनें प्रधानमंत्री



एजेंसी ▶▶ बेलूर

कांग्रेस के एक विधायक बेलूर गोपालकृष्णा ने नितिन गडकरी को प्रधानमंत्री बनाने की मांग की है। उन्होंने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के रिटायरमेंट वाले बयान का हवाला दिया है। कांग्रेस विधायक ने आरएसएस प्रमुख के बयान का स्वागत करते हुए कहाकि अगर इसके हिसाब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद से रिटायर होते हैं तो गडकरी को पीएम बनना चाहिए। वे इस पद के लिए सही च्वॉयस होंगे। डॉ.भागवत ने कहा था कि 75 साल की उम्र पूरी होने के बाद नेताओं को सत्ता से इस्तीफा दे देना चाहिए। गोपालकृष्णा कर्नाटक की सागर से विधायक हैं। गोपालकृष्णा ने कहा है कि अगर भागवत के रिटायरमेंट वाली बात के हिसाब से पीएम मोदी हटते हैं तो नितिन गडकरी को अगला पीएम बनाना चाहिए।

# बिल बकाया भले हो, शव को 2 घंटे से अधिक नहीं रख सकेंगे अस्पताल

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने कैबिनेट बैठक में तमाम बड़े फैसले लिए। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि अब राज्य का कोई भी नर्सिंग होम या अस्पताल बिल बकाया होने पर शव को बंधक नहीं बना सकेगा। अस्पताल को मृत्यु होने के दो घंटे के भीतर शव को परिजनों को सौंपना होगा।कैबिनेट बैठक के बाद सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि निजी अस्पतालों द्वारा शवों को रोककर नहीं रखा जाएगा। उन्हें बकाया बिलों की परवाह किए बिना मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने के दो घंटे के भीतर शव परिजनों को सौंपना होगा। इससे अधिक देरी होने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

- असम कैबिनेट का अस्पतालों को निर्देश

# एफबीआई ने अमेरिका में भारतीय मूल के 8 गैंगस्टरों को पकड़ा

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

कनाडा के बाद अब अमेरिका भारत विरोधी गैंगस्टर्स का नया अड्डा बन चुका है। यहां भारी संख्या में खालिस्तानी अपना नया ठिकाना बना रहे हैं और वह भारत विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। अमेरिका के फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने ऐसे ही 8 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह सभी गैंगस्टर्स भारत की राष्ट्रीय खुफिया जांच एजेंसी (एनआईए) की हिट लिस्ट में थे। एफबीआई ने इन गैंगस्टर्स को तब पकड़ा है, जब एनआईए ने अमेरिकी जांच एजेंसी को वांटेड अपराधियों की लिस्ट देकर उनकी गिरफ्तारी का अनुरोध किया था। एनआईए के अनुरोध पर एफबीआई ने भारतीय मूल के 8 अपराधियों को पकड़ा है। जो अमेरिका में बैठकर भारत में बड़ी वारदातों को अंजाम दे रहे थे। यह गैंग अमेरिका में रह कर किडनैपिंग और वसूली का काम भी कर रहा था। एफबीआई ने जिन भारतीय मूल के जिन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वह सभी खालिस्तानी हैं और एनआईए की हिट लिस्ट में थे।

- अमेरिका बना भारत विरोधी गैंगस्टर्स का अड्डा



*नियम व शर्तें लागू। रचनात्मक दृश्यीकरण। दिखाए गए एक्सेसरीज और विशेषताएं मानक फिटमेंट का हिस्सा नहीं हो सकती हैं। कागज पर प्रिंटिंग के कारण कार का रंग भिन्न हो सकता है। चित्र उदाहरण के उद्देश्य से उपयोग किए जाते हैं। मारुति सुजूकी को बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय ऑफर वापस लेने का अधिकार है। ऑफर स्टॉक समाप्त होने तक वैध है। ऑफर केवल चुनिंदा मॉडल्स और चुनिंदा राज्यों में वैध है। शहर मॉडल और वेरिएंट के आधार पर ऑफर भिन्न हो सकते हैं। फाइनेंस करना पूरी तरह फाइनेंसर के शर्तों पर होगा।
**RAIPUR: SPARSH AUTOMOBILES:** 9926003332 | **AVANTI VIHAR**: SKY AUTOMOBILES: 9584333066, 9584465304 | **MAHOBA BAZAR, G.E. ROAD**: SKY AUTOMOBILE: 9584433005, 9584465304 | **BHILAI: POWER HOUSE, G.E. ROAD:** SPARSH AUTOMOBILES: 9926761100 | **DURG BYPASS:** CHOUHAN AUTOMOBILES: 7222910050, 7222910057, 7222910042| **DURG: PULGAON CHOWK:** SPARSH AUTOMOBILES: 7987561390 | **JAGDALPUR:** SKY AUTOMOBILES: 8889998607, 9584465304 | **BHATAGAON:** HDN MOTORS: 7909800009. **SARONA:** VISHWABHARTI AUTOMOBILES: 6262620018 | **DUMERTARAI, DHAMTARI ROAD:** SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332, 9111011381.

चिंतन

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण से अवैध वोटरों की होगी पहचान

भारत अवैध प्रवासियों की समस्या से जूझता रहा है। ऐसे में एक नियमित अंतराल पर मतदाता पहचान पत्र की जांच-पड़ताल होते रहनी चाहिए। अभी चुनाव आयोग बिहार में मतदाता सूचियों की जांच के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान चला रहा है। इस अभियान में बिहार की मतदाता सूची में बड़ी संख्या में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमा के लोग मिले हैं। इसके अलावा भी कई तरह की अनियमितताएं मिल रही हैं, जिन्हें सुधारा जा रहा है। बिहार में वर्ष 2003 के बाद अब 22 वर्ष पश्चात मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है। हालांकि इस पर विपक्ष जमकर राजनीति कर रहा है और सरकार को इसकी टाइमिंग को लेकर घेर रहा है। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो शीर्ष अदालत ने भी इसकी टाइमिंग पर सवाल उठाया, लेकिन इस कवायद को गलत नहीं कहा। केंद्रीय चुनाव आयोग ने ऐलान किया है कि अब समूचे देश में मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण होगा। चुनाव आयोग 28 जुलाई के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जरूर इंतजार करेगा। आयोग ने राज्यों को जो तैयारी का निर्देश दिया है, उसके मुताबिक अगस्त से देशभर में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान शुरू हो जाएगा। यह जरूरी कदम है और इसका स्वागत होना चाहिए। इससे देश के अंदर दोहरी मतदाताओं की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी। देश में मतदाताओं की एक्चुअल संख्या का पता चलेगा। मतदाता सूची का आधार से लिंक किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आधार कार्ड, राशन कार्ड व वोटर लिस्ट को पहचान पत्र के दायरे में शामिल करने का निर्देश दिया है, जिसे चुनाव आयोग ने शामिल किया है। सरकार को चाहिए कि हर नागरिकों के लिए बायो आधारित एकीकृत राष्ट्रीय पहचानपत्र सिस्टम लागू हो। इसे आधार को ही विस्तारित रूप देकर किया जा सकता है। फिंगर प्रिंट और आई चित्र के साथ एकीकृत राष्ट्रीय पहचान पत्र में आधार की व्यक्तिगत सूचना से लेकर ब्लड ग्रुप, मतदाता सूची, राशन कार्ड, बीपीएल व एपीएल और पासपोर्ट संबंधी जानकारी आदि को समाहित किया जा सकता है। इससे हर नागरिक को केवल एक पहचानपत्र संभालना होगा, सरकारी कामकाज में भी आसानी होगी। सरकार के पास अपने सभी नागरिकों का वृहद जानकारी से लैस डेटा होगा। बिग डेटा सिस्टम से यह सब डिजिटल रखने में आसानी होगी। चुनाव आयोग ने बिहार में फैसला किया है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान उचित जांच के बाद 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग अंततः पूरे भारत में मतदाता सूचियों का एक विशेष गहन पुनरीक्षण करेगा ताकि विदेशी अवैध प्रवासियों के जन्मस्थान की जांच करके उन्हें बाहर निकाला जा सके। बिहार में इसी साल चुनाव होने वाले हैं, जबकि अन्य पांच राज्यों असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। हाल में विभिन्न राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमा सहित अवैध विदेशी प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के बाद यह कदम खास महत्व रखता है। अधिकांश राज्यों ने 2002 और 2004 के बीच मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण किया था, उत्तराखंड ने 2006 में तो दिल्ली ने 2008 में किया था। इतने कालखंड में मतदाताओं की स्थिति बदल जाती है, कुछ की मौत हो जाती है, कुछ नए जुड़ जाते हैं। आगे जनगणना होनी है और परिसीमन होना है, ऐसे में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण काफी मायने रखता है।



पुरातत्व सर्वेक्षण
प्रमोद भार्गव

राजस्थान के डीग जिले के बहज गांव में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण जस्थान के डीग जिले के बहज गांव में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा जारी उत्खनन में 5500 से भी ज्यादा साल पुरानी प्राचीन भारतीय सभ्यता के अनेक अवशेष मिले हैं। इनमें सबसे प्रमुख ऋग्वेद में वर्णित सबसे प्रसिद्ध सरस्वती नदी प्रणाली के ठोस प्रमाण एक बार फिर मिले हैं। अवशेषीय अध्ययन के बाद ओएनजीसी ने राजस्थान के जैसलमेर से सात किलोमीटर दूर जमीन में करीब 550 मीटर तक गहरा छेद किया। यहां 7600 लीटर प्रति घंटे की दर से स्वच्छ जल निकला। अध्ययन में पता चला कि हरियाणा व राजस्थान में करीब 200 स्थलों पर सरस्वती के पानी के निशान हैं।

# भूगर्भ में अंगड़ाई लेती सरस्वती के प्रमाण

राजस्थान के डीग जिले के बहज गांव में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा जारी उत्खनन में 5500 से भी ज्यादा साल पुरानी प्राचीन भारतीय सभ्यता के अनेक अवशेष मिले हैं। इनमें सबसे प्रमुख ऋग्वेद में वर्णित सबसे प्रसिद्ध सरस्वती नदी प्रणाली के ठोस प्रमाण एक बार फिर मिले हैं। इस खुदाई में ब्राह्मी लिपि की मोहरों, मूर्तियों, हड्डी के औजार, शंख, मोती, चूड़ियां और सिक्कों के साथ मिट्टी के खंभों से बने भवन, ईंटों की परतदार दीवारों वाली खंदकें, भठियां एवं यज्ञवेदियां भी मिली हैं। इन साक्ष्यों से प्रमाणित होता है कि उस समय के लोग वास्तुकला के साथ धातु विज्ञान और हथियार बनाने में दक्ष थे।

ऋग्वेद में वर्णित सिंधु-सारस्वत सभ्यता में इन सब वस्तुओं और सरस्वती नदी से जुड़े अनेक मंत्र मिलते हैं। इन्हीं मंत्रों से प्राचीन आर्यावर्त का भूगोल, समाज, जीवनशैली और आर्य व अनार्यों के संघर्ष से जुड़ी अनेक गाथाओं का जीवंत चित्रण है। इन अवशेषों और नदी-तंत्र को 3500 ईसा पूर्व से 1000 ईसा पूर्व तक की सभ्यता के प्रमाण माना जा रहा है। वैदिक कालीन नदी सरस्वती के अस्तित्व और उसकी भूगर्भ में अंगड़ाई ले रही जलधारा को लेकर भूगर्भशास्त्री, पुरातत्ववेत्ता और इतिहासकारों में लंबे समय से मतभेद बना रहा है। यह मतभेद सैटेलाइट मैंपिग के बावजूद कायम रहा। अब न केवल हरियाणा के यमुनानगर जिले के आदिबद्री में सरस्वती का उद्गम स्थल खोज लिया गया है, बल्कि मुगलवाली गांव में धरातल से सात फीट नीचे तक खुदाई करके नदी की जलधारा भी खोज निकाली है। इस धारा का रेखामय प्रवाह तीन किमी की लंबाई में नदी के रूप में सामने आया था। एक मृत पड़ी नदी के इस पुनर्जीवन से उन सब अटकलों पर विराम लगा है,जो वेद-पुराणों में वार्णित इस नदी को या तो मिथकीय ठहराते थे या इसका अस्तित्व अफगानिस्तान की 'हेलमंद' नदी के रूप में मानते थे।

सरस्वती की भौगोलिक स्थिति का बखान ऋग्वेद, शतपथ ब्राह्मण महाभारत, ऐतरेय ब्राह्मण, भागवत और विष्णु पुराणों में है। ऋग्वेद में सप्तसिंधु क्षेत्र की महिमा को प्रस्तुत करते हुए जिन सात नदियों का वर्णन किया गया है, उनमें से एक सरस्वती है। अन्य छह शतद्रु;सतलुज, विपासा;व्यास, असिकिनी;चिनाव, पुरुष्णी;रावी वितस्ता;झेलम द्ध और सिंधु नदियां हैं। इनमें सरस्वती और सिंधु बड़ी नदियां थीं। सतलुज और यमुना सरस्वती की सहायक नदियां रही हैं। सरस्वती का प्रवाह पूरब से पश्चिम की ओर था, लेकिन हजारों साल पहले आए भयंकर भूकंप के कारण यमुना और सतलुज सरस्वती से अलग हो गईं। इन दोनों नदियों के मार्ग बदलने के बाद सरस्वती धीरे-धीरे अस्तित्व खोती हुई भूगर्भ में विलीन हो गई। कुछ भूगर्भशास्त्रियों का ऐसा मानना है कि 12 हजार साल पहले तक नदी स्वच्छ जलधारा के रूप में प्रवाहमान थी। लेकिन ऋग्वेद और अन्य प्राचीन ग्रंथों में सरस्वती की महिमा का गुणगान है, उससे लगता है पांच से सात हजार साल पहले तक यह नदी धरा पर बहती थी, क्योंकि नदी के धरती की कोख में समा जाने का वर्णन ऋग्वेद में नहीं है। जबकि ऋग्वेद की 60 ऋचाओं में सरस्वती का उल्लेख है। इनमें कहा गया है, सरस्वती हिमालयी पर्वतों से निकलकर, सप्तसिंधु क्षेत्र में बहती हुई कच्छ के रण में जाकर समुद्र में गिरती है। यह क्षेत्र वर्तमान में पाकिस्तान और भारत के पंजाब



व हरियाणा में है। किंतु सरस्वती का जो वर्णन महाभारत में है, उसमें इस नदी के विलोप होने के संकेत मिलते हैं। महाभारत के अनुसार सरस्वती समुद्र में समाने से पहले राजस्थान के रेगिस्तान विनसन में ही लुप्त हो जाती है। कॉर्बन डेटिंग भी इस तथ्य की पुष्टि करती है कि 2000 से 1800 वर्ष ईसा पूर्व यह नदी विलुप्त हुई। महाभारत, विष्णु पुराण,भागवत पुराण और ऐतरेय ब्राह्मण ग्रंथों की रचना लगभग इसी समय हुई बताई जाती है। साफ है, प्राचीन संस्कृत ग्रंथों में सरस्वती का जो वर्णन है, वह कपोल कल्पित न होते हुए,वास्तविक है। नदी के सूखने के बाद हड़प्पा-मोहन जोदड़ो संस्कृति के उपासक गंगा यमुना के मैदानों की ओर पलायन कर गए। चूंकि इन लोगों की स्मृति में सरस्वती जीवंत थी, इसलिए इन्होंने प्रयाग में त्रिवेणी स्थल पर गंगा और यमुना के साथ सरस्वती के अंतःसलिला होने की कथा गढ़ ली। सिंधु घाटी सभ्यता का नाम, हालांकि सिंधु नदी के नाम पर पड़ा था। इसे ही सरस्वती संस्कृति, सरस्वती सभ्यता और सिंधु सरस्वती सभ्यता के नामों से जाना जाता है। इसी सभ्यता में हड़प्पा संस्कृति फली-फूली थी। ऋग्वेद में हड़प्पा दुर्ग की गाथा हरियूपिया नाम से मंत्रों में कही गई है। प्राचीन ग्रंथों में दर्ज सरस्वती के अस्तित्व को लेकर देशी-विदेशी भूविज्ञानी और भारतीय संस्कृति के अध्येता इसकी शोध और जमीनी खोज में जुटे रहे हैं। फ्रांस के भूविज्ञानी विवियेन सेंट मार्टिन ने 'वैदिक भूगोल' की रचना की थी। 1860 में लिखी इस पुस्तक में सरस्वती के साथ घग्गर और हकरा की भी पहचान की थी। इसके बाद 1886 में अंगेजी हुकूमत ने भारत का भौगोलिक सर्वेक्षण कराया था। इसके अधीक्षक आरडी ओल्ढ़म की रिपोर्ट बगांल के एशियाटिक सोसायटी जर्नल में छपी थी। इस रिपोर्ट में सरस्वती के नदी तल और इसकी सहायक नदियों, सतुलज व यमुना के पथ रेखांकित किए गए हैं। 1893 में इस रिपोर्ट ने प्रसिद्ध भूवैज्ञानिक सीएफ ओल्ढ़म को प्रभावित किया। ओल्ढ़म ने इसी जर्नल में सरस्वती के भूगर्भ में उपस्थित होने की पुष्टि की है। साथ ही घग्गर और हकरा के सूखे पथों का भी ब्यौरा दिया है। ये नदियां पंजाब में बहती थीं। पंजाब की लोकश्रुतियों में आज भी ये नदियां विद्यमान हैं। इन्हीं नदियों के पथ पर एक समय सरस्वती बहती थी।

इसके बाद 1918 में टैसीटोरी, 1940-41 में औरेल स्टाइन और 1951-53 में अमलानंद घोष ने सरस्वती की खोज में अहम भूमिका निभाई। इन सब विद्वानों ने अपने निष्कर्षों में सिद्ध किया कि सरस्वती के विलोपन का मुख्य कारण सतलुज और यमुना की धार बदलना था। सतलुज की धार सरस्वती से अलग होकर सिंधु में जा मिली। लगभग इसी समय यमुना ने भी अपनी धारा का प्रवाह बदल दिया और वह पश्चिम में अपने बहने का रुख बदलकर पूर्व में बहकर गंगा में जा मिली। नतीजतन सरस्वती सूखती चली गई। हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के काला अंब के पास सरस्वती टियर फाल्ट का अध्ययन किया गया। अध्ययन के परिणाम में पाया कि हजारों साल पहले आए भूकंप के कारण यमुना और सतलुज ने अपने मार्ग बदल दिए थे। यमुना पूरब में बहती हुई दिल्ली पहुंच गई और सतलुज पश्चिम होते हुए सिंधु नदी में जा मिली। जबकि पहले इन दोनों नदियों का पानी सरस्वती में मिलकर हरियाणा, राजस्थान व गुजरात होते हुए कच्छ में मिलता था। अवशेषीय अध्ययन के बाद ओएनजीसी ने राजस्थान के जैसलमेर से सात किलोमीटर दूर जमीन में करीब 550 मीटर तक गहरा छेद किया। यहां 7600 लीटर प्रति घंटे की दर से स्वच्छ जल निकला। अध्ययन में पता चला कि हरियाणा व राजस्थान में करीब 200 स्थलों पर सरस्वती के पानी के निशान हैं। डीग में एक बार फिर सरस्वती के नए प्रमाण मिलने से इसके ऋग्वैदिक अस्तित्व को प्रामाणिकता मिली है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।




पाखंड और विज्ञान
सोनम लववंशी

# दो विरोधाभासी ध्रुवों पर खड़ा दिखाई दे रहा हमारा समाज

हम 21वीं सदी में विज्ञान, तकनीक, शिक्षा और वैश्विक उपलब्धियों के नए कीर्तिमान गढ़ते जा रहे हैं। मंगल तक मानव ने कदम बढ़ा दिए हैं, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और जेनेटिक इंजीनियरिंग जैसी क्रांतिकारी खोजें मानवीय सभ्यता के विकास की मिसाल बन चुकी हैं। लेकिन इसी विज्ञान युग में जब यह खबर आती है कि एक गांव में डायन के शक में पांच लोगों को मार डाला गया, या किसी युवक की बलि तांत्रिक अनुष्ठान में दी गई, तो सवाल खड़ा होता है कि क्या हम वाकई 21वीं सदी में जी रहे हैं? भारत आज भी दो विरोधाभासी ध्रुवों पर खड़ा दिखाई देता है। एक ओर तकनीकी दक्षता का वैश्विक दावा, दूसरी ओर सामाजिक चेतना का अंधकार। इन खबरों ने यह साफ कर दिया है कि अंधविश्वास की जड़ें कितनी गहरी हैं जिसे केवल कानून या शिक्षा से उखाड़ पाना कठिन है। विडंबना यह है कि पढ़ा-लिखा तबका भी अंधविश्वास के दलदल में लिथड़ा हुआ है। विज्ञान को 'बेबुनियाद' और 'धर्म विरोधी' कहने वाले लोग आज भी जादू-टोने, तंत्र-मंत्र, ग्रह-नक्षत्रों और बाबाओं के पास समाधान खोजते नजर आते हैं। यह कोई नई बात नहीं कि अंधविश्वास भारत में केवल ग्रामीण या अशिक्षित क्षेत्रों तक सीमित रहा है। शहरी और शिक्षित समाज भी इस मानसिक गुलामी से मुक्त नहीं है। टीवी चैनलों पर प्रसारित होने वाले 'भूत-प्रेत' और 'तांत्रिक' धारावाहिकों से लेकर बड़े-बड़े बाबाओं के विशाल साम्राज्य तक, सब इस प्रवृत्ति को खाद-पानी दे रहे हैं। अनुयायी यह मानते हैं कि उनके बाबा के पास ऐसी 'अलौकिक शक्तियां' हैं जो उनके हर संकट को दूर कर सकती हैं, जबकि सच यह है कि बाबा स्वयं अपने संकट तक नहीं दूर कर पाते। यदि उनके पास ऐसी शक्तियां होतीं तो वे वर्षों तक जेल में न होते, या अपने 'चमत्कारों' से वहां से बाहर निकल आते। बीते दिनों मध्यप्रदेश के एक शांत से दिखने वाले गांव में एक युवक का सिर एक चबूतरे पर रखा मिला। धड़ थोड़ी दूरी पर पड़ी थी। पुलिस पहुंची, जांच की, और पाया कि वहां तांत्रिक क्रियाओं में प्रयुक्त सामग्री बिखरी पड़ी थी। वहां मौजूद हर वस्तु चीख-चीख कर कह रही थी कि यह हत्या नहीं, नरबलि थी। इक्कीसवीं सदी के भारत में नरबलि! कल्पना कीजिए उस मां की जो बेटे के लिए रात भर प्रतीक्षा कर रही होगी। कल्पना कीजिए उस बहन की जो राखी का धागा लिए अपने भाई की कलाई ढूंढ़ रही होगी। यह आज के भारत की वह चुभती हुई सच्चाई है जिसे देखकर रूह भी कांप जाती हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि 2000 से 2021 के बीच करीब 3000 से अधिक हत्याएं डायन के शक में कर दी गईं। इनमें अकेले झारखंड में 593 मामले दर्ज हुए। मध्यप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार और असम, इन सभी राज्यों में हर साल दर्जनों महिलाओं को समाज की क्रूरता निगल जाती है, क्योंकि उन्होंने विरोध किया, संपत्ति रखी, या फिर बस इसलिए क्योंकि वे अकेली थीं। हर बार एक जैसी कहानी गांव में कोई बीमार हुआ, फसल नष्ट हुई, या किसी की मौत हो गई। और कोई 'बुजुर्ग' पुरुष बोल उठा, "यह सब उसकी वजह से हुआ है।" फिर क्या भीड़ ने तय कर लिया कि वह डायन है। उसे घसीटा गया, पीटा गया, सिर मुंडवा दिया गया, नंगा किया गया, पत्थरों से मारा गया। ऐसा नहीं है कि सरकार ने इन घटनाओं के खिलाफ कदम नहीं उठाए। कानून बने। झारखंड में 'डायन प्रथा उन्मूलन अधिनियम', ओडिशा में 'द ओडिशा प्रिवेंशन ऑफ विच-हंटिंग एक्ट', असम में भी 2015 में एक कठोर कानून पारित हुआ। लेकिन क्या कानून उस औरत को बचा पाएगा जिसे गांव वालों ने अपने घर से जिंदा खींच लिया था? क्या कानून उस बच्चे की जान लौटा पाएगा जिसे बलि की बेदी चढ़ा दिया गया? 2010 में महाराष्ट्र के अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के संस्थापक डॉ. नरेंद्र दाभोलकर ने लिखा था "अंधविश्वास सिर्फ अज्ञानता नहीं, यह हिंसा है।" और वे खुद इसी अंधविश्वास के खिलाफ आवाज उठाने की सजा के रूप में 2013 में पुणे की सड़क पर गोली से छलनी कर दिए गए। भारत का भविष्य इस पर निर्भर करता है कि हम इस पाखंड से कब उबरेंगे। हमें तय करना होगा कि क्या हम भविष्य को तर्क और संवेदना की राह पर ले जाएंगे, या उसे पाखंड और क्रूरता की गुफा में धकेल देंगे? यह वही भारत है, जहां विज्ञान का जन्म हुआ, जहां गणना के सूत्र बने, जहां शून्य का आविष्कार हुआ, जहां आकाश के रहस्यों को ऋषियों ने अपनी खुली आंखों से पढ़ा। लेकिन आज इसी धरती पर तंत्र-मंत्र, झाड़-फूंक, बलि, और अंधविश्वास के नाम पर इंसानियत का गला घोंटा जा रहा है। तो ऐसे में हमें और हमारे समाज को सामूहिक रूप से शर्मिंदगी महसूस करने की आवश्यकता है।

(लेखिका शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## कुसंगति त्यागे, धर्मबुद्धि जागे



संकलित
दर्शन

आम और नीम दोनों की मूल जमीन में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग में आम भी नीमपन को प्राप्त करता है। अर्थात दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। आम भी कड़वा क्यों होता है? नीम मीठा क्यों होता नहीं ? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का हृदय बहुत कोमल होता है, जबकि दुर्जन कठोर हृदय का होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए। मनुष्य का अहित जितना दुश्मन नहीं करता उतना उसका अविवेक कर बैठता है। महान उपन्यासकार बाबू बंकिमचन्द्र ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते है। विवेकहीन माता-पिता धर्म भावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना रखते हैं मगर धर्मवान बनाने की ओर उनका ध्यान नहीं जाता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की ओर और ध्यान नहीं दे पाते। जिसमें स्वयं संस्कारो का अभाव होता है ,वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं।

## पति-पत्नी के बीच अविश्वास नहीं होना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

शिव जी और सती को रास्ते में श्रीराम दिखाई दिए। श्रीराम सीता के वियोग में रो रहे थे। शिव जी ने श्रीराम को दूर से ही प्रणाम किया और देवी सती से कहा कि तुम भी भगवान को प्रणाम करो। सती ने सोचा कि जो व्यक्ति रो रहा है, वह भगवान कैसे हो सकता है। शिव जी ने समझाया कि आप श्रीराम पर संदेह न करें, वे भगवान ही हैं। शिव जी तो वहां से चले गए, लेकिन देवी सती ने सोचा कि वे श्रीराम की परीक्षा लेंगी। ऐसा सोचकर वे सीता का रूप धारण करके श्रीराम के सामने पहुंच गईं। श्रीराम ने उन्हें पहचान लिया, प्रणाम किया और पूछा कि देवी आप अकेली आई हैं, भगवान शिव कहां हैं। श्रीराम की बात सुनकर सती लज्जित हो गईं और चुपचाप शिव जी के पास लौट आईं। इसके बाद शिव जी ने देवी सती का मानसिक त्याग कर दिया था। इस घटना के कुछ समय बाद देवी सती के पिता ने एक यज्ञ का आयोजन किया था। यज्ञ में दक्ष ने शिव-सती को छोड़कर सभी देवी-देवताओं को बुलाया था। जब ये बात सती को मालूम हुई तो उन्होंने शिव जी से पिता के यहां जाने की अनुमति मांगी। शिव जी ने सती को समझाया कि हमें ऐसे आयोजन में बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए, लेकिन सती ने शिव जी की बात नहीं मानी और पिता के यहां यज्ञ में चली गईं। सती जब यज्ञ स्थल पर पहुंची तो दक्ष ने सती के सामने ही शिव जी का अपमान करना शुरू कर दिया। सती ये सहन नहीं सकीं और यज्ञ कुंड में कूदकर देह त्याग दी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### नशे से निपटने के लिए कारगर योजना बने

कौन परिवार चाहेगा कि हमारा बच्चा नशे से ग्रसित हो और नशा बेचने जैसी गतिविधियों में संलिप्त हो। तो हम यह कैसे मान सकते हैं कि उनके परिवारों को इस मानसिक प्रताड़ना के साथ-साथ उनको सरकारी योजनाओं से वंचित कर देंगे और साथ में उनका सामाजिक बहिष्कार कर देंगे। हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। हम यह भी नहीं कह सकते है कि सभी परिवार इसमें संलिप्त नहीं हैं, परंतु इसकी प्रतिशतता बहुत कम है। कुछ संस्थाएं अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के चक्कर में आए दिन समाचारपत्रों में खबर लगवा देती हैं कि यदि कोई भी ऐसे कार्य में संलिप्त पाया जाता है तो हम ऐसे परिवारों के सदस्यों को सभी सुविधाओं से वंचित कर देंगे। क्या हमने सोचा है कि जो परिवार पहले ही अपने परिवार के सदस्य के बर्बाद होने का दंश झेल रहा हो, वो सामाजिक बहिष्कार को भी झेल पाएगा?

– मदन कश्यप, बेमेतरा

## करंट अफेयर

### पाकिस्तान में इमरान खान की रिहाई के लिए आंदोलन शुरू

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री की रिहाई की मांग को लेकर 'इमरान खान को आजाद करो' आंदोलन शुरू किया है। पार्टी ने रविवार को यह जानकारी दी। हालांकि, पुलिस ने अनौपचारिक रूप से शुरू किए गए इस आंदोलन में पार्टी कार्यकर्ताओं को शामिल होने से रोकने के लिए कई गिरफ्तारियां की हैं। आंदोलन की यह अनौपचारिक शुरुआत पार्टी की पूर्व घोषित तिथि पांच अगस्त से एक महीने से भी कम समय पहले हुई है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री और पार्टी के प्रमुख नेता अली अमीन गंडापुर पार्टी नेताओं के साथ शनिवार देर रात लाहौर पहुंचे और खान को रिहा करने के लिए आंदोलन शुरू करने की घोषणा की। क्रिकेटर से राजनीतिक नेता बने 72 वर्षीय इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में हैं, क्योंकि उन पर कई मामलों में मुकदमा दर्ज किया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री की पार्टी पांच अगस्त से देश भर में एक बड़े अभियान की शुरुआत करने की तैयारी कर रही है ताकि शहबाज शरीफ सरकार और सेना पर खान को रिहा करने का दबाव बनाया जा सके। अली अमीन और पार्टी के अन्य प्रमुख नेता अपने विरोध अभियान को अंतिम रूप देने के लिए लाहौर के रायविंड इलाके में एक फार्महाउस में डेरा डाले हुए हैं।



## ऑफ बीट

### एआई वाकई उत्पादकता बढ़ाता है? सबूत अस्पष्ट

सरल शब्दों में कहें तो उत्पादकता यह है कि हम एक निश्चित मात्रा में सामग्रियों से कितना उत्पादन कर सकते हैं। यह इसलिए महत्वपूर्ण है कि उच्च उत्पादकता आमतौर पर उच्च जीवन स्तर में परिवर्तित होती है। पिछले तीन दशकों में उत्पादकता वृद्धि ऑस्ट्रेलिया की आय वृद्धि का 80 प्रतिशत हिस्सा रही है। उत्पादकता को व्यक्तिगत, संगठनात्मक या राष्ट्रीय स्तर पर देखा जा सकता है। आपकी व्यक्तिगत उत्पादकता इस बात पर निर्भर करती है कि आप कार्यों को पूरा करने के लिए अपने समय और संसाधनों का कितनी कुशलता से प्रबंधन करते हैं। आप एक घंटे में कितने ईमेल का जवाब दे सकते हैं? आप एक दिन में कितने उत्पादों में खराबी की जांच कर सकते हैं? संगठनात्मक उत्पादकता यह है कि कोई संगठन अपने लक्ष्यों को कितनी अच्छी तरह हासिल करता है। उदाहरण के लिए, किसी शोध संगठन में कितने उच्च-गुणवत्ता वाले शोध पत्र तैयार किए जाते हैं? राष्ट्रीय उत्पादकता किसी राष्ट्र की आर्थिक दक्षता है, जिसे प्राय: प्रति घंटे काम किए गए सकल घरेलू उत्पाद के रूप में मापा जाता है। यह प्रभावी रूप से अन्य रूपों का एक समूह है। लेकिन यह पता लगाना बेहद मुश्किल है कि व्यक्तिगत या संगठनात्मक उत्पादकता में बदलाव प्रति घंटे काम करने पर राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में कैसे परिवर्तित होता है।



## ट्रेंड

### योजनाओं का असर

यह हमारी सरकार की योजनाओं का असर ही है कि आज हर वर्ग के लोगों के पास आय का जरिया है और इसी के परिणामस्वरूप बीते 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### नीमराणा का विकास

आज बावड़ी के पास नीमराणा से हरियाणा सीमा तक बनाई जाने वाली सड़क का शिलान्यास कार्यक्रम विधिवत तरीके से नारियल फोड़कर किया। बिजली, पानी और सड़क की बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित कर हम नीमराणा के विकास को गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

-भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री



### अभिनेता राव को श्रद्धांजलि

पद्मश्री पुरस्कार विजेता और अपनी अभिनय प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले दिग्गज तेलुगु अभिनेता कोटा श्रीनिवास राव को मेरी श्रद्धांजलि। मैं उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश



### बारिश को गंभीरता से लें

सरकार से आग्रह है कि वो बारिश को गंभीरता से ले। सही शासनिक-प्रशासनिक प्रयासों से हादसों को टाला जा सकता है। ये किसी की ज़िंदगी का सवाल भी हो सकता है। सरकार की बदइंतज़ामी का ख़ामियाज़ा जनता को भुगतना पड़ रहा है।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा



### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।



# सुपरमैन के मुंह से अपनी फिल्म का नाम सुन टाइगर श्रॉफ गदगद

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे टाइगर श्रॉफ ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट किया है। यह वीडियो हालिया रिलीज हॉलीवुड फिल्म सुपरमैन की हिंदी डबिंग का है। इस क्लिपिंग में सुपरमैन और हीरोइन के बीच बातचीत चल रही है। हिंदी डबिंग में हीरोइन कहती है, 'मैं नुक्कड़ नाटक करने वाली बागी लड़की हूं और तुम सुपरमैन हो।' इस पर सुपरमैन कहता है, मैं भी बागी हूं। इस पर हीरोइन कहती है, तुम बागी नहीं हो? इसके जवाब में सुपरमैन कहता है, मुझे 90 की बागी से लेकर बागी 1 से लेकर बागी 4 तक सब पसंद है। सुपरमैन के मुंह से अपनी फिल्म के डायलॉग और नाम सुनकर टाइगर श्रॉफ की खुशी का भी ठिकाना नहीं है।

लाइफ Style

# तृप्ति

## मधुबाला-मीना की करना चाहती हैं बायोपिक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तृप्ति डिमरी जल्द ही सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ 'धड़क 2' में नजर आएंगी। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वो मधुबाला या मीना कुमारी जैसी आइकॉनिक शख्सियतों की बायोपिक करना चाहती हैं।

अभिनेत्री ने यह भी बताया कि लैला मजनू की असफलता ने उन्हें निराश किया था, लेकिन बुलबुल की सफलता ने उनका आत्मविश्वास दोबारा लौटा दिया। मैं बहुत उत्साहित हूं, क्योंकि यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। सीक्वल में काम करना अपने आप में एक अलग अनुभव होता है, लेकिन मेरे हिसाब से प्रेशर लेना या न लेना, ये पूरी तरह व्यक्ति पर निर्भर करता है। मैं दबाव नहीं लेती। मेरा मानना है कि जब आप दबाव में काम करते हैं, तो चीजें बिगड़ने लगती हैं। असली जादू तब होता है जब आप बिना किसी दबाव के पूरी ईमानदारी से और अपने डायरेक्टर व टीम पर भरोसा रखते हुए काम करें। शूटिंग के दौरान हमने हर दिन को सहजता से लिया, एक-दूसरे पर भरोसा रखा और दिल से काम किया। शायद इसी वजह से स्क्रीन पर भी सब कुछ दिल से जुड़ा हुआ लगता है। करण जौहर सर का कॉल आया और उन्होंने कहा कि एक बेहद टैलेंटेड डायरेक्टर हैं शाजिया इकबाल। इन्होंने बेबाक नाम की शानदार शॉर्ट फिल्म बनाई है। उन्होंने मुझसे कहा कि पहले वो फिल्म देखो, फिर शाजिया तुमसे मिलेंगी। फिल्म देखने के बाद मैं बहुत इंप्रेस हुई और अगले दिन ही शाजिया और राइटर राहुल से मिली।



हॉलीवुड मसाला



# दूसरी बार मां बनने वाली हैं वेनेसा

**लॉस एंजिल्स।** वेनेसा हजेंस ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह अपना बेबी बंप दिखाती नजर आईं। इन तस्वीरों में उनके साथ पति कोल टकर भी नजर आ रहे हैं। दोनों ने मैचिंग व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी है। अपनी तस्वीरों के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन- 'राउंड टू।' वह तस्वीरों में काफी खुश नजर आ रही हैं। साल 2024 में जुलाई माह में वेनेसा ने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया था। अब वह दूसरी बार प्रेग्नेंट हुईं।



# सेंसर बोर्ड ने काट दिया सुपरमैन के किसिंग सीन

**मुंबई।** हालीवुड फिल्म सुपरमैन को जेम्स गन ने डायरेक्ट किया है। भारत में इस फिल्म में से 33 सेकंड का किसिंग सीन हटा दिया गया। यह सीन लीड कैरेक्टर सुपरमैन (डेविड कोरेंसवेट) और लोइस लेन (रेचल ब्रोसनाहन) पर फिल्माया गया है। फिल्म में इनके बीच रोमांटिक रिलेशन दिखाया जाता है। भारतीय सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट दिया और इसके किसिंग सीन को हटा दिया। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर सेंसर बोर्ड को ट्रोल किया जाने लगा। लोगों ने सेंसर बोर्ड के नियमों पर सवाल उठाए। जहां तक सेंसर बोर्ड का सवाल है तो उन्होंने फिल्म को यू/ए 13+ रेटिंग दी है। पैरेंट्स के गाइडेंस में इस फिल्म को 13 साल के बच्चे भी देख रहे हैं। यही कारण है कि फिल्म से किसिंग सीन हटाया गया है।



# विलेन की भूमिका निभाएंगी तब्बू

**मुंबई।** तब्बू की गिनती बॉलीवुड की उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में होती है, जिन्होंने अपने करियर में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। वो एक रोमांटिक रोल से लेकर फिल्मों में ग्रे और निगेटिव कैरेक्टर्स में भी नजर आई हैं। अब तब्बू के अगले रोल को लेकर भी एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। एक बार फिर तब्बू पर्दे पर एक अलग अंदाज में नजर आ सकती हैं। कुछ दिनों पहले मेकर्स ने ये जानकारी साझा की थी कि तब्बू पुरी जगन्नाथ द्वारा निर्देशित फिल्म में विजय सेतुपति के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। अब ऐसी रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं कि तब्बू इस फिल्म में एक निगेटिव किरदार में नजर आएंगी। तब्बू पुरी जगन्नाथ की इस फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आ सकती हैं। हालांकि, अभी तक मेकर्स की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है।



# डॉन-3 में विक्रांत ही होंगे रणवीर के दुश्मन

**मुंबई।** 12वीं फेल जैसी फिल्मों से ऑडियंस का दिल जीतने वाले एक्टर विक्रांत मैसी इन दिनों अपनी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां से खबरों में बने हुए हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाए कर पाने में फेल होती दिख रही है। लेकिन, एक्टर्स की परफॉर्मेंस की तारीफ हो रही है। वहीं, डॉन 3 से विक्रांत को रिप्लेस कर विजय देवरकोंडा को कास्ट किया गया है। फिल्म की शुरुआत से ही रणवीर और विक्रांत को कास्ट किया गया है। विजय देवरकोंडा को लेकर चल रही अफवाहें बिल्कुल बेबुनियाद हैं। कास्ट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इससे ये कन्फर्म हो गया है कि डॉन 3 का सबसे बड़ा विलेन का किरदार विक्रांत ही निभा रहे हैं। हालांकि, अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक विक्रांत इस फिल्म में एक स्मार्ट और चालाक स्कैमर के किरदार में नजर आएंगे।

टीवी मसाला




# 19 साल की लड़की से रोमांस कर रहे 46 साल के शरद

**नई दिल्ली।** शरद केलकर को बतौर अभिनेता पहचान टीवी सीरियल्स के जरिए मिली। इसके बाद वह फिल्मों में सक्रिय हुए और अपने उम्दा अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। एक बार फिर से टीवी सीरियल 'तुम से तुम तक' में अपने किरदार को लेकर चर्चा में हैं। शो में उनका किरदार 46 साल के एक बिजनेस मैन का है, जो 19 साल की लड़की (निहारिका चौकसे) से प्यार करता है। इस 27 साल की उम्र के फासले को लेकर उनकी सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हो रही है। शरद केलकर ने नए सीरियल को लेकर हो रही आलोचना, विवाद पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'आजकल सोशल मीडिया ऐसा प्लेटफॉर्म बन गया है जहां हर कोई अपनी राय थोपता है। किसी को कुछ पसंद आता है, किसी को नहीं, इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता।' मैं एक एक्टर हूं और मुझे जो रोल मिला है, मैं उसे निभा रहा हूं। अगर यही चीज रियल लाइफ में होती, तब भी शायद मुझे फर्क नहीं पड़ता। ये सिर्फ एक किरदार है, कोई असल जिंदगी की कहानी नहीं।' आपके परिवार ने मुश्किल से आपको मोबाइल फोन दिलाया है, तो उसका सही इस्तेमाल कीजिए। कुछ अच्छा कीजिए, पॉजिटिव सोचिए। सोशल मीडिया पर निगेटिव बातें फैलाने से किसी का भला नहीं होता। शरद केलकर के अनुसार, 'ये इंसान की फितरत है कि वह पहले नेगेटिव चीजों की तरफ आकर्षित होता है।

## मां की जगह कोई नहीं ले सकता : रितु

नई दिल्ली। कुछ कहानियां कभी पुरानी नहीं होतीं। कुछ रिश्ते कभी फीके नहीं पड़ते। और कुछ चेहरे हमेशा हमारी यादों में बसे रहते हैं। जब यह खबर आई कि 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' एक बार फिर लौट रहा है, तो सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई। शो के नाम से जुड़ी कई पुरानी यादें लोगों के जेहन में ताजा हो गईं।



लेकिन, एक सवाल सबसे ज़्यादा पूछा गया - 'बा कहां हैं?' 'मां की जगह कोई नहीं ले सकता' ये शब्द हैं सुधा शिवपुरी यानी बा की बेटी रितु शिवपुरी के, जो इस शो की वापसी को मां के नाम की एक श्रद्धांजलि मानती हैं। रितु ने कहा, मां इस शो का हिस्सा थीं और हम सब उन्हें उस दुनिया में जीते हुए देखते थे। अब जब शो दोबारा लौट रहा है, तो ऐसा लगता है जैसे वक्त ने कोई भूली-बिसरी किताब फिर से खोल दी है। 'क्योंकि...' का सेट उनके लिए सिर्फ एक काम की जगह नहीं था। वहां उन्होंने एक और घर बसाया था। वो हंसी, वो कहकहे, वो किसी के सिर पर हाथ फेर देना, ऐसा लगता था जैसे मां अपने दिल का टुकड़ा हर कोने में छोड़ आती थीं।' सिर्फ इतना ही नहीं, रितु ने मां की एक खूबसूरत आदत को भी याद किया।

# मालिक और आंखों की गुस्ताखियां पर हावी रही सुपरमैन

*मुंबई। इन दिनों सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुई हैं। कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कर रही हैं तो कुछ फिल्में औसत से भी कम कमाई कर रही हैं। देखा जाए तो हॉलीवुड की फिल्में बॉलीवुड फिल्मों पर भारी पड़ रही हैं।*

**मालिक** : दर्शक अक्सर राजकुमार राव की फिल्मों को प्यार देते हैं लेकिन उनकी नई फिल्म मालिक बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं कर पा रही है। ओपनिंग डे पर औसत से कम शुरुआत करते हुए फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 3.75 करोड़ रुपए का कारोबार किया। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 5.25 करोड़ रुपए कमाए। इस तरह से मालिक का अब तक टोटल कलेक्शन नौ करोड़ रुपए हो गया है। 11 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म में मानुषी छिल्लर अहम किरदार में हैं।

**आंखों की गुस्ताखियां** : शनाया कपूर की डेब्यू फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। ओपनिंग डे पर फिल्म की शुरुआत काफी खराब रही। पहले दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर महज 30 लाख का कारोबार किया। दूसरे दिन फिल्म वीकएंड का फायदा नहीं उठा सकी। दूसरे दिन फिल्म की कमाई 43 लाख रुपए रही। इस तरह से फिल्म ने अब तक



टोटल 73 लाख रुपए का कारोबार कर लिया है। फिल्म में विक्रांत मैसी अहम किरदार में हैं।

**सुपरमैन** : पिछले कई दिनों से भारत में बॉलीवुड फिल्मों के मुकाबले हॉलीवुड फिल्में ज्यादा चल रही हैं। ऐसा ही फिल्म सुपरमैन के साथ भी हुआ है। फिल्म ने पहले दिन भारत में सात करोड़ रुपये से अपना खाता खोला। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 9.35 करोड़ रुपए का कारोबार किया। इस तरह से फिल्म ने अब तक 16.35 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म भी 11 जुलाई को रिलीज हुई थी।

***मेट्रो इन दिनों*** *: मल्टी स्टारर फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' ने वीकएंड पर एक बार फिर रफ्तार पकड़ी है। फिल्म ने ओपनिंग डे पर 3.5 करोड़ रुपए का कारोबार किया। पहले हफ्ते में फिल्म ने 26.85 करोड़ रुपए कमा लिए। दूसरे शुक्रवार को फिल्म की कमाई 2.35 करोड़ रुपए रही। दूसरे शनिवार को फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 4.65 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया। इस तरह से फिल्म ने अब तक 33.85 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म चार जुलाई को रिलीज हुई थी।*

***जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ*** *: हॉलीवुड फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए हुए है। भारत में 4 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 9.25 करोड़ रुपए का कारोबार किया। पहले हफ्ते में फिल्म ने 55 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने 2.9 करोड़ का कारोबार किया। इसके बाद शनिवार को फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 7.25 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया। इस तरह से फिल्म ने 65.15 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।*

# कुली के 'मोनिका' में पूजा का दिखा जबरदस्त अंदाज

**मुंबई।** थलाइवा रजनीकांत की आगामी फिल्म कुली का दूसरा सिंगल सॉन्ग मोनिका रविवार को रिलीज हुआ। इस गाने में पूजा ने अपने जबरदस्त डांस से फैंस का दिल जीत लिया है। इस गाने में पूजा रेट्रो अवतार में नजर आईं। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म कुली से पूजा हेगड़े का दूसरा सिंगल सॉन्ग मोनिका शेयर किया। इस लुक में पूजा रेड थाई स्लिट ड्रेस में बेहद ही खूबसूरत दिख रही हैं। पूजा का स्टाइल और डांस दोनों ही फैंस को पसंद आ रहा है। निर्माताओं ने पूजा के इस गाने का वीडियो शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'मोनिका, मेरी प्यारी मोनिका! लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित 'कुली' में रजनीकांत मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रजनीकांत के अलावा फिल्म में कई स्टार कलाकार और आमिर खान का कैमियो है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कलानिधि मारन की सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में रजनीकांत, नागार्जुन, उपेन्द्र, सौबिन शाहिर, सत्यराज, श्रुति हासन, रेबा मोनिका जॉन, जूनियर एमजीआर, मोनिशा ब्लेसी और काली वेंकट शामिल हैं।



## कोटा श्रीनिवास राव का फिल्मी और राजनीतिक सफर किसी प्रेरणास्रोत से कम नहीं

# सरकार से लेकर बागी तक बॉलीवुड फिल्मों में भी आए नजर

*मुंबई। दक्षिण भारतीय सिनेमा के चमकते सितारों में से एक नाम था कोटा श्रीनिवास राव, जिनका फिल्मी और राजनीतिक सफर किसी प्रेरणास्रोत से कम नहीं। एक ऐसे कलाकार जिन्होंने सिर्फ पर्दे पर नहीं, बल्कि थिएटर, राजनीति और निजी जीवन में भी संघर्षों को गले लगाते हुए एक मिसाल कायम की। बीते दिनों जब फिल्म प्रोड्यूसर बंदला गणेश ने उनके साथ एक तस्वीर शेयर की थी तो उसमें कोटा श्रीनिवास काफी कमजोर लग रहे थे। कोटा की सेहत देखकर उनके फैंस काफी चिंतित हो गए थे। लंबे समय से बीमार चल रहे कोटा श्रीनिवास राव ने रविवार सुबह अंतिम सांस ली।*



### डॉक्टर बनना चाहते थे

कोटा श्रीनिवास राव का जन्म 10 जुलाई 1942 को आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव कांकीपाडु में हुआ था। एक मध्यमवर्गीय परिवार में पले-बढ़े कोटा के पिता एक डॉक्टर थे और घर का माहौल शिक्षा-सेवा पर आधारित था। बचपन में कोटा का सपना भी डॉक्टर बनने का था, लेकिन किस्मत उन्हें एक अलग दिशा में ले गई। कॉलेज के दिनों में ही उन्हें नाटकों में अभिनय का चस्का लगा और यहीं से उनके सफर की शुरुआत हुई।

### हर रोल में छा गए

चाहे खलनायक का रोल हो या एक संवेदनशील पिता का, कोटा हर किरदार में पूरी तरह से ढल जाते थे। 'अतरिंटिकी डेरेडी', 'छत्रपति', 'बोम्मारिलु', 'शिवा' और 'गायम' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी को आज भी सराहा जाता है। उनकी भूमिका ने हमेशा यह साबित किया कि साइड रोल करने वाले अभिनेता भी मुख्यधारा की चमक को मात दे सकते हैं। अपने लंबे करियर में श्रीनिवास राव ने साउथ के कई बड़े एक्टर्स के साथ काम किया था। महेश बाबू, जूनियर एनटीआर, प्रभाव और अल्लू अर्जुन जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ कोटा श्रीनिवास काम कर चुके हैं।

### कब हुई कॅरियर की शुरुआत?

कोटा श्रीनिवास राव ने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की और फिर धीरे-धीरे फिल्मों की ओर कदम बढ़ाया। 1978 में आई तेलुगु फिल्म 'प्रणम खरीदू' से उन्होंने बड़े पर्दे पर एंट्री की। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और 750 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। उनका अभिनय सिर्फ संख्या तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हर किरदार में उन्होंने अपने अभिनय की गहराई से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई।

### विधायक के तौर पर भी काम किया

फिल्मों के साथ-साथ कोटा श्रीनिवास राव ने राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने 1999 से 2004 तक आंध्र प्रदेश विधानसभा में विजयवाड़ा ईस्ट से विधायक के रूप में जनसेवा की। एक अभिनेता और जनप्रतिनिधि के रूप में उन्होंने समाज के अलग-अलग पहलुओं को समझा और उन्हें अपनी कला के जरिए इसे पेश भी किया।

***हिंदी फिल्मों में भी किया काम*** *: कोटा श्रीनिवास राव ने कई हिंदी फिल्मों में काम किया था। उनकी प्रमुख हिंदी फिल्मों में 'सरकार', 'डार्लिंग', 'बागी' और 'लक' जैसी फिल्में शामिल हैं।*

***कोटा श्रीनिवास राव के अवॉर्ड्स*** *: कोटा राव को उनके अभिनय के लिए नौ बार राज्य नंदी पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। 2012 में उन्हें फिल्म 'कृष्णम वंदे जगद्गुरुम' के लिए सीमा पुरस्कार भी मिला। तमिल सिनेमा में भी उन्होंने 2003 में 'सैमी' फिल्म के जरिए खास पहचान बनाई। इसके अलावा उन्हें राष्ट्रपति द्वारा साल 2015 में पद्म श्री अवॉर्ड भी मिल चुका है।*

***किन फिल्मों के लिए मिला अवॉर्ड?*** *: अभिनय की दुनिया में महारत रखने वाले कोटा श्रीनिवास राव को नंदी अवॉर्ड्स के तहत प्रतिघातना (1985) के लिए स्पेशल जूरी अवॉर्ड, गायम (1993), तीरपू (1994), गणेश (1998), चिन्ना (2001) जैसी फिल्मों में विलेन की भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ खलनायक का पुरस्कार और लिटिल सोल्जर्स (1996), आ नालुगुरु (2004), पेलैना कोथालो (2006) के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के रूप में सम्मान मिला।*

## खबर संक्षेप

### ट्रक की ठोकर से दो छात्रा समेत महिला हुई घायल

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत माहुद के पास तेज रफ्तार ट्रक ने महिला समेत मोपेड में सवार दो छात्रा को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में एक छात्रा की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जिसे रायुपर के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पदमा जैन पति महेंद्र कुमार जैन ने पुलिस को बताया कि 27 जून को घर से अपनी बेटी रेणु जैन और मेरी जेठ की बेटी तुसिका जैन जो दोनो पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल चारामा में पढ़ाई करते है, जिसे लेने गई थी। अपनी बेटी व जेठ की बेटी दोनो को अपनी गाड़ी में बैठा कर स्कूल से अपने घर ला रही थी। दोपहर 12 बजे के लगभग माहुद पुल के पास पहुँची थी। तभी कांकेर के तरफ आ रही ट्रक वहान क्रमांक एएच 40 सीडी 6490 का चालक वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरे वाहन को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरी बेटी व जेठ कि बेटी और वह तीनों गाड़ी से जमीन पर गिर गए। गिरने से मेरे हाथ, दाहिने आँख, रेणु जैन को गंभीर चोट लगने से बेहोश हो गई।

### पिता-पुत्र घायल

**महासमुंद।** चंडी मंदिर रोड के पास पिकअप की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि लोकेश साहू निवासी वार्ड नं एक भानपुर 9 जुलाई की रात करीब अपने लड़के नरेंद्र साहू को लेने अपनी मोटर सायकल क्र सीजी 06 एचसी 0219 से रेलवे स्टेशन गया था। रात करीबन 9.55 बजे ट्रेन आने के पश्चात अपने लड़के के साथ वापस घर भानपुर जा रहा था, चंडी मंदिर मोड एनएच 353 रोड के पास पहुंचने पर पीछे से आ रही पिकअप वाहन क्र सीजी 04 एचक्यू 7533 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते बाइक को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

# मुड़खुसरा व कठिया में पैरा फुटू खाने से महिला व युवक समेत 13 बच्चे बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक मुख्यालय के ग्राम मुड़ख़ुसरा के एक ही परिवार के बच्चे बड़े मिलाकर कुल 13 लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए। घटना रविवार के सुबह दस बजे की है जब परिवार में पैरा में होने वाले मशरूम फुटू की सब्जी बनी व फूड पाइजनिंग के शिकार सभी लोगों ने थोड़ा थोड़ा मशरूम फुटू की सब्जी खाई। खाने के लगभग दो घण्टे बाद घर के सदस्यों को उल्टी की शिकायत होने लगी। फुटू सब्जी खाने वाले सभी को उल्टी की शिकायत के बाद सभी को नगर के शा अस्पताल में लाया गया जहां सभी का इलाज चल रहा है। उल्टी की शिकायत के बाद अस्पताल आई रेवती बाई ने बताया कि सभी रिश्तेदार मृतक कार्यक्रम में एकत्रित हुए थे जो कि ग्राम के एक ब्यारा मे पैरा में मशरूम फुटू लगा हुआ था। जिसे तोड़कर घर लाया गया व घर की महिलाओं ने उसे पकाया।चूंकि फुटू कम मात्रा में ही था इसलिए घर मे उपस्थित बच्चे व बड़ो ने उसे थोड़े थोड़े मात्रा में खाया।खाने के बाद उल्टी की शिकायत शुरू हो गई।चूंकि बड़े पुरुष सदस्य काम के सिलसिले में ग्राम में ही अन्यत्र गए हुए थे इसलिए उन्होंने मशरूम फुटू नही खाया व वे उल्टी के शिकार नही हुए वही पुरूष सदस्यों में एकमात्र 15 वर्षीय युवक लीमेश ही शामिल था।

#### पीड़ितों की हालत नियंत्रण में

बी एम ओ डॉ विनोद चौरका ने बताया कि मशरूम फुटू संभवतः जहरीले प्रजाति का रहा होगा इसलिए फूड पाइजनिंग की शिकायत हो गई। सभी को ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। पीड़तिों को ड्रिप इंजेक्शन आदि से ट्रीटमेंट किया जा रहा है। सभी की स्थिति नियंत्रण में है।



#### इन लोगों को किया गया अस्पताल में एडमिट-

रमलाबाई 60 ,दुकाला बाई 65,,दुर्गेश 20,साक्षी 16 गीतिका 11, संगीता 32,बैसाखिन बाई 65,दशमत बाई 60, रेवती बाई 60,पुसई बाई 55 वर्ष सभी मुड़खुसरा, रमशीला बाई 60 वर्ष उरेटा, रुसिया बाई 35 एकमात्र युवक लीमेश 15 ग्राम कठिया शामिल हैं।

दबंगई : ग्राम पंचायत सचिव कई बार दे चुका है नोटिस, नहीं किया जा रहा है काम

# दुर्गूकोंदल जनपद की पूर्व अध्यक्ष ने पुलिया बनाने 16 लाख में लिया था ठेका, 6 माह से बंद है काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/दुर्गूकोंदल

दमकसा ग्राम पंचायत के अंतर्गत आमागुहान ठाकुरदई मार्ग पर 16 लाख रूपए की पुलिया निर्माण के लिए स्वीकृत हुआ था। ग्राम पंचायत को यह काम करना था और 6 माह पहले पुलिया के लिए गड्ढे खोद दिए गए, परंतु आज तक पुलिया नहीं बन पाई। सचिव की मानें तो इसे पूर्व जनपद अध्यक्ष ने बनाने का ठेका लिया और उनको 7 लाख रुपए भी जारी कर दिया, परंतु कई माह से काम करना बंद कर दिया है।

- सचिव ने बताया कि अध्यक्ष ने कहा था, काम स्वीकृत कराया है, मैं ही करूंगी

जानकारी के अनुसार दुर्गूकोंदल विकासखंड के दमकसा ग्राम पंचायत के अंतर्गत आमागुहान ठाकुरदई मार्ग पर पुलिया बनाने के लिए 16 लाख रूपएं स्वीकृत हुआ था। इस पुलिया की स्वीकृत पंचायत चुनाव के लगभग एक से दो माह पहले मिली थी। तत्कालीन जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल की अध्यक्ष ने इस पुलिया की स्वीकृत करवाया था। चुनाव के पहले वोटरों को आकर्षित करने के लिए काम भी शुरू कर दिया गया था, परंतु गड्ढे खोदकर प्लिंथ लेबल तक काम किया गया, उसके बाद काम रूक गया। कई माह से काम रूका हुआ है। पुलिया नहीं बन पाने से आमजन को इस मार्ग में आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया निर्माण कार्य की एजेंसी ग्राम पंचायत दमकसा है, परंतु ग्राम पंचायत द्वारा काम नहीं किया जा रहा है। पुलिया निर्माण कार्य 6 महीने से बंद पड़ा है। पुलिया निर्माण कार्य अधूरा होने से ग्रामीणों को आवागमन करने के लिए बाधा उत्पन्न हो रही है। पुलिया निर्माण कार्य अधूरा होने के बाद भी जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के अधिकारी मानिटिंरिंग नहीं कर रहे हैं। इस कारण 16 लाख रूपये राशि स्वीकृत होने के बाद भी लोगों का कोई काम नहीं आ रहा है। नई टीम का कहना है कि यह पुराने जनप्रतिनिधियों के समय का है, उसके बाद भी अधिकारियों को जल्द पुलिया बनवाने की माँग कर रहे है।



#### पूर्व जनपद अध्यक्ष करवा रही काम

दमकसा ग्राम पंचायत के सचिव विषम पटेल से हरिभूमि ने उनके मोबाईल पर संपर्क किया तो उन्होने बताया कि मुझे नहीं मालूम कि यह किस मद से पुलिया स्वीकृत हुआ है। पंचायत चुनाव के पहले पूर्व जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा ने कहा था कि इसे मैं स्वीकृत करवाकर लाई हूँ और काम मैं करूंगी। उनको उसी समय 7 लाख रूपएं निकालकर दे दिया था। मैने कई बार जल्द काम करने का नोटिस भी दिया हूँ। निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर अधिकारी हम पर दबाव बना रहे हैं।

#### पंचायत के नाम पर चल रहा भ्रष्टाचार

ग्राम पंचायत में 20 लाख का काम के लिए बिना निविदा के पंचायत काम कर सकती है। चुने हुए जनप्रतिनिधि ग्राम पंचायत को 20 लाख के आसपास की राशि किसी भी कार्य के लिए स्वीकृत कराकर देते है, उसके बाद वे स्वंय या उनके ठेकेदार काम करते है। इसी के चलते ग्राम पंचायत के सचिव को नहीं मालूम होता है कि यह किस मद की राशि स्वीकृत हुई है, उसका कारण यह होता है कि उसको स्वीकृति कागज मिलता ही नहीं है। ग्राम पंचायत के नाम पर 20 लाख के आसपास दिए जाने वाले काम में इसी तरह का भ्रष्टाचार धड़ल्ले से जिले में चल रहा है।

#### सीईओ और पूर्व अध्यक्ष ने काल नहीं किया रिसीव

पुलिया की हकीकत को जानने के लिए जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सीईओ सुरेंद्र बंजारे से इस विषय पर बात करने के लिए उनके मोबाईल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु काँल रिसीव नहीं हुआ। इसके अलावा जनपद पंचायत की पूर्व अध्यक्ष संतो दुग्गा के मोबाईल नंबर पर भी काल किया गया, मोबाईल की घंटी बजती रही और काल रिसीव नहीं हुआ। काँल रिसीव नहीं होने से जिम्मेदारों के द्वारा हकीकत की जानकारी नहीं मिल पाई।

### बारनवापारा अभयारण्य में फिर भालू का हमला, पीड़ित की हालत गंभीर, आईसीयू में भर्ती

**गिधौरी।** बारनवापारा अभयारण्य क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कौहाबारहा में भालू के हमले की एक और दर्दनाक घटना सामने आई है। शनिवार दोपहर लगभग 11 से 12 बजे के बीच हुए इस हमले में ग्रामवासी इंदल ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए।



हमले के बाद उन्हें तात्कालिक रूप से महासमुंद के सोहम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें आईसीयू में रखा गया है।स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इंदल ठाकुर अपने दैनिक कार्य से जंगल की ओर गए थे, तभी अचानक जंगली भालू ने उन पर हमला कर दिया। हमले में इंदल के सिर और शरीर पर गहरी चोटें आई हैं। ग्रामवासियों द्वारा तत्काल रेस्क्यू कर उन्हें कसडोल होते हुए महासमुंद अस्पताल पहुंचाया गया।

#### जंगली जानवरों की घुसपैठ हुई आम


यह कोई पहली घटना नहीं है। बारनवापारा के जंगलों से सटे गांवों में भालू, तेंदुआ जैसे जंगली जानवरों का मानवीय क्षेत्रों में घुसपैठ अब आम बात हो चुकी है। वन विभाग की लापरवाही और सुरक्षा उपायों की घोर कमी के चलते ग्रामीणों की जान आए दिन खतरे में पड़ रही है।स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने वन विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि विभाग सिर्फ कागजी कार्रवाई करता है, जबकि गांवों में न तो पर्याप्त निगरानी है, न चेतावनी बोर्ड, न ही कोई आपातकालीन सहायता की व्यवस्था।

### करोड़ों की धोखाधड़ी मामले में फरार सह आरोपी गिरफ्तार



**कांकेर।** पैसा दोगुना करने का लालच देकर डॉक्टर को झांसा देकर कंपनी में पैसा जमा करने के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने सरगना के सहायक आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण का मुख्य आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। ठेलकाबोड़ आरईएस कॉलोनी कांकेर निवासी 26 वर्षीय अपर्णा रामटेके पिता देवेन्द्र रामटेके ने 14 मई को शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया था कि संजय नगर कांकेर के आलीम खान मेरे पापा के क्लीनिक में अपनी पत्नि के इलाज के लिए हमेशा आता जाता था। तब उनकी जान पहचान होने के कारण से वर्ष 2018 के नवम्बर माह से आरोपी ने मेरे पापा को कलकत्ता के किसी कम्पनी में स्वयं को काम करना बताकर जमा राशि का दोगुना रुपए मिलने की बात बोला।करोड़ों रुपए दिलाने की बात बोलकर मेरे पापा को अपने झांसा लिया और पैसा जमा करवाया। मेरे पापा अपने पैसों के बारे में पूछने लगा तो कहता था कि अभी और राशि डालने की जरुरत है। आरोपी द्वारा और भी पैसा जमा करने कि बात कहा तो उसके खाते में हमने पैसा जमा कर दिया। आलीम खान के द्वारा पैसा दोगुना करने का लालच देकर अपने झासे मे लेकर करीबन एक करोड़ रूपएं का धोखाधडी किया।

### ट्रक के गुप्त चैंबर से 120 किलो गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



**कवर्धा/चिल्फीघाटी।** चिल्फीघाटी पुलिस ने मादक पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध एक और बड़ी कार्यवाही करते हुए ट्रक में विशेष गुप्त चैंबर बनाकर गांजा तस्करी करते दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के पास से कुल 120 किलो गांजा बरामद किया है। जिसका बाजार मूल्य लाखों में आंका जा रहा है। वहीं पुलिस ने गांजा तस्करी के लिए प्रयुक्त ट्रक को भी जप्त कर लिया है। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपियों के विरुद्ध नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिल्फी पुलिस को गुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि ट्रक क्रमांक आरजे 14 सीसी 9595 में उड़ीसा से कोटा (राजस्थान) की ओर भारी मात्रा में गांजा तस्करी की जा रही है। इस सूचना के बाद हरकत में आई चिल्फी पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर ट्रक को रोका और बारीकी से जांच की। जांच के दौरान पुलिस को ट्रक के केबिन और ट्रॉली के बीच अत्यंत पेशेवर तरीके से तैयार किए गए विशेष गुप्त चैंबर से कुल 115 पैकेट में रखा गया करीब 120 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। जिसका बाजार मूल्य लाखों में बताया जा रहा है। गांजा तस्करी के इस मामले में पुलिस ने अकरम खान पिता बशीट खान, आयु 37 वर्ष, निवासी – हरनावदा पिया, थाना पिड़ावा, जिला झालावाड़ राजस्थान तथा पप्पु सिंग पिता हरी सिंग, आयु 32 वर्ष, निवासी हरनावदा पिया, थाना पिड़ावा, जिला झालावाड़ राजस्थान को गिरफ्तार किया है।


epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- कंप्यूटर ऑपरेटर 3 वेतन योग्यतनुसार (आवास फ्री PF +ESIC) संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक सिलतरा रायपुर, छत्तीसगढ. 7747000019, 7746000016, (RO-074)

**आवश्यकता है-** बंगलो एवं ऑफिस में कार्य हेतु अनुभवी सिक्योरिटी गार्ड की तत्काल आवश्यकता है। अनुभवः- 5 से 10 वर्ष योग्यताः- 10वी पास वेतनः- 15000 से 20000 केवल अनुभवी उम्मीदवार ही संपर्क करें:- 9109972720. (RO-177)

**ड्रायवर**

**आवश्यकता है-** अनुभवी घरेलू ऑटोमेटिक कार ड्राइवर की, गायत्री नगर / शंकर नगर रायपुर के पास रहने वाले को प्राथमिकता । आवेदन करें, लायसेंस व आधारकार्ड के साथ । सम्पर्क मोबाइल 9977703216.(RO-324)

**आवश्यकता है-** घर कार चलने हेतु अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता है न्यू शांति नगर के आसपास वालों को प्राथमिकता संपर्क श्री मेडिकल एजेंसी 27, पुराना मेडिकल काम्पलेक्स रजबंधा मैदान रायपुर छत्तीसगढ़ संपर्क 9300227050. (RO-6828)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**शिक्षक**

**आवश्यकता है-** रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल अश्वनीनगर एवं सत्तीबाजार में- लेडी प्रिंसीपल (अनुभवीं), अंग्रेजी माध्यम- 6वीं से 12वीं- साइंस, हिंदी, इंगलिश हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं, चपरासी, आयादीदी, ड्राईवर की आवश्यकता। साक्षात्कार 16.07.2025, प्रातः 10 बजे अश्वनीनगरः 0771-2241548. (RO-6986)

**कुक/गार्डनर**

**आवश्यकता है-** भाठागांव, रायपुर में बगीचे का काम करने और खाना बनाने आदि के लिए दसवीं पढ़े छोटे परिवार की । रहने, खाने पीने की व्यवस्था उपलब्ध । वेतन 10000/ योग्यतानुसार । 7974100341. (RO-162)

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है-** दवा कंपनी में कार्य करने हेतु दसवीं एवं बारहवीं पढ़े लिखे लड़कियों की आवश्यकता है। मिलने का समय 5से 7बजे । संपर्कः- स्टेशन रोड स्वरूप टॉकिज के सामने बजाज गोल्ड फायनेंस के पीछे दुर्ग,डॉ.एच.सी.अग्रवाल मो.-94255-55659, 96177-89223. (आरो नं.-7190)

**मेडिकल स्टाफ**

**आवश्यकता है -** मेडिकल होलसेल डिपो में निम्न पदों की आवश्यकता है (1) बिलिंग कार्य हेतु अनुभवी कंप्यूटर ऑपरेटर (2) अकाउंटेंट (3) गोडाउन कार्य हेतु मेहनती युवक / युवतियों की। औषधि वाटिका, डूमरतराई 9770099119 , 9669426111 (RO-421)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यकता है-** मेडिकल में कार्य करने हेतु लड़की स्टाफ की आवश्यकता है योग्यता डी. फार्मा। अनुभवी को प्राथमिकता। संपर्क करें:- दुर्ग मो.- 9340109886. (आरो न.-784)

**दुकान कार्य**

**आवश्यकता है-** होलसेल खिलौना दुकान बंजारी चौक गोल बाजार के पास कार्य हेतु मेहनती लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क रायपुर 8349712577, 9981390074. (RO-173)

**अकाउन्टेंट**

**आवश्यकता है-** अकाउंटेंट योग्यता- बी.कॉम + अकाउंटिंग टैली अनिवार्य अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार + पांच अंकों में संपर्क- जय महामाया ट्रैवल्स, उपरवारा, नवा रायपुर मो. 8109045594, 8889620232. (RO-6829)

**नर्सिंग स्टाफ**

**आवश्यकता है-** GNM/ ANM/ Nursing Staff वेतन 8000 to 10000 समय 11:00AM -7:30PM रिसेप्शनिस्ट की आवश्यकता है अनुभवी टेलीकॉलर एवं पब्लिक फेसिंग वेतन 6000 से 10000 मो. 8860658659 (RO-3886)

**गोडाऊन कार्य**

**आवश्यकता है-** डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लडको की एवं टाटा एस के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर मो 9827168307. (RO-161)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**मार्केटिंग**

**आवश्यकता है-** मार्केटिंग हेतु स्मार्ट एवं मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन + कमीशन (कोई टारगेट नहीं ) संपर्क मसंद बिल्डकॉम - मोबाइल 9039827355, 8871648263.(RO-168)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

**आवश्यकता है-** पार्ट टाईम के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है, पता- बोरियाखुर्द संतोषी नगर रायपुर Mob. 9893115061.(RO-172)

**ऑफिस कार्य**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित उत्साही लड़को की आवश्यकता है, उम्र 18-28, वेतन 10,000 +कमीशन +बोनस, ट्रेनिंग के पश्चात कमाये 15-20 हजार प्रतिमाह, रहना फ्री संपर्क करें:- 7796880121, 8889257623.(RO-165)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 5 युवक 5 युवतियों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार (भिलाई दुर्ग वालों को प्राथमिकता) संपर्क करें:- मो.- 91093-93552, 82694-65640. (आरो न.-785)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन +बोनस +प्रमोशन + रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना 8770508791, 7225815090. (RO-502)

**गार्ड/वेल्डर**

**आवश्यकता है-** अहिरवारा रोड स्थित कमपनी में कार्य हेतु वेल्डर एवं गार्ड की आवश्यकता है. संपर्क ९९७७४५४९०९ समय सुबह ९ बजे के बाद (RO-14178)

**घरेलू कार्य**

**आवश्यकता है-** एक प्रतिष्ठित बंगले में 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी घरेलू नौकर (पुरुष) की तत्काल आवश्यकता है। अनुभवः 5 से 10 वर्ष योग्यताः न्यूनतम 10वीं पास वेतन 20,000– 30,000 प्रतिमाह रहना व खाना- निःशुल्क सुविधा उपलब्ध केवल अनुभवी और जिम्मेदार उम्मीदवार ही संपर्क करें:- 9109972720. (RO-175)

**सफाई कर्मी**

**आवश्यकता है-** एक प्रतिष्ठित कॉरपोरेट ऑफिस में कार्य हेतु अनुभवी स्वीपर (सफाई कर्मचारी) की तत्काल आवश्यकता है। अनुभवः 3 से 5 वर्ष कार्यः ऑफिस परिसर की साफ-सफाई, डस्टिंग, टॉयलेट सफाई आदि वेतनः 10,000– 13,000 प्रतिमाह (अनुभव अनुसार) कार्य समयः सुबह 9:00 से शाम 8:00 बजे केवल अनुशासित और जिम्मेदार उम्मीदवार ही संपर्क करें:- 9109972720. (RO-176)

**टेलीकॉलिंग**

**आवश्यकता है-** टेली कॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु लड़की और महिलाओं की आवश्यकता है, योग्यता 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट सैलरीः 7000 कमीशन + बोनस से कमाएं 15000 से 20000/- पता:- शंकर नगर, रायपुर मो. 9179348439. (RO-178)

**अन्य**

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-950 वनरक्षक फील्डऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (23500+42500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (धीरेंद्र कुमार)- 8957118102. (RO-1025)

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 9798472261.(RO-1024)

**Astrology ज्योतिष**

**छत्तीसगढ़िया ज्योतिष -** काली माता की शक्तिशाली चमत्कारी पुजा अवइया चार महिना (चौमास) भारी कष्टदायक हे आर्थिक मानसिक शारीरिक आदि समाधान बर निःशुल्क संपर्क करव मो. 8461886239 (RO-6825)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**CLASSIFIED RATE CARD** — हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — 01 अप्रैल 2025 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

# जिसे कभी देखा नहीं, वहीं जापान के नाकामोती निकले अंबानी-अदाणी से अमीर!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आपने मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी का नाम तो खूब सुना होगा, लेकिन क्या आप किसी ऐसे अरबपति के बारे में सोच सकते हैं जिसे आज तक किसी ने देखा तक नहीं? जी हां, बात हो रही है बिटकॉइन के गुप्त फाउंडर सतोशी नाकामोतो की।

- वे अब दुनिया के 12वें सबसे अमीर इंसान बन चुके

नाकामोतो कौन है, ये आज तक किसी को नहीं पता न चेहरा, न देश, न पहचान. लेकिन ताज़ा आंकड़ों के मुताबिक, ये रहस्यमयी शख्स अब दुनिया के 12वें सबसे अमीर इंसान बन चुका है और संपत्ति के मामले में उसने अंबानी और अदाणी जैसे एशिया के दिग्गज बिज़नेस टायकून को भी पीछे छोड़ दिया है।

## सतोशी नाकामोती बिटकॉइन के गुप्त फाउंडर रहे

### कभी देखा नहीं गया ये अरबपति

नाकामोतो ने अक्टूबर 2008 में बिटकॉइन का पहला डॉक्यूमेंट (वाइटपेपर) पब्लिश किया था। फिर 3 जनवरी 2009 को पहला बिटकॉइन ब्लॉक माइन किया गया। यहीं से बिटकॉइन और ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी की शुरुआत मानी जाती है। 2010 में रिसर्चर सर्जियो लर्नर ने दावा किया था कि नाकामोतो ने शुरुआती समय में ही 10 लाख बिटकॉइन माइन किए थे, जो आज तक कभी खर्च नहीं हुए- यानी वो अब भी उनके पास हैं।



### अंबानी-अदाणी से भी आगे निकले

नाकामोतो अब दुनिया के 12वें सबसे अमीर इंसान बन गए हैं। उनकी नेटवर्थ भारत के दो सबसे अमीर कारोबारियों से भी ज्यादा है। मुकेश अंबानी के पास 109 अरब डॉलर और गौतम अदाणी के पास 84.2 अरब डॉलर की दौलत है। यहां तक कि उनकी संपत्ति बिल गेट्स से भी ज्यादा है, जिनकी नेटवर्थ 123 अरब डॉलर है।

### बिटकॉइन क्या है?

बिटकॉइन एक डिजिटल करेंसी है जिसे छू नहीं सकते, बस ऑनलाइन ट्रांसफर या होल्ड कर सकते हैं। इसका कोई सेंट्रल बैंक नहीं है, ये पूरी तरह डिजिटल और गुप्त (क्रिप्टोग्राफी आधारित) सिस्टम पर चलता है। अब अमेरिका समेत कई देश इसके समर्थन में सामने आए हैं।

### बिटकॉइन बना रॉकेट

दुनिया की सबसे पुरानी और चर्चित क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत अब आसमान छू रही है। अभी इसका रेट 1,18,000 डॉलर (करीब 98 लाख रुपए) तक पहुंच चुका है। इस साल अब तक इसकी कीमत में 55 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। इस तेजी का सबसे बड़ा फायदा हुआ है बिटकॉइन बनाने वाले रहस्यमयी इंसान सतोशी नाकामोतो को। भले ही आज तक कोई नहीं जानता कि नाकामोतो असल में कौन है-एक इंसान, एक टीम या कोई ग्रुप लेकिन उनके पास करीब 10 लाख बिटकॉइन हैं। मौजूदा कीमत पर देखें तो नाकामोतो की कुल संपत्ति 129 अरब डॉलर (लगभग 10.7 लाख करोड़ रुपए) हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### मांग से तेल-तिलहन की कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में खाद्य तेल कीमतों में सुधार और सावन के मौसम की मांग बढ़ने से घरेलू तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सरसों, मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल तथा बिनौला तेल के दाम में सुधार दर्ज हुआ। सोयाबीन तिलहन की कीमतें नुकसान के साथ बंद हुईं।

### वॉकहार्ट अमेरिकी जेनेरिक कारोबार से बाहर निकलेगी



**नई दिल्ली।** दवा कंपनी वॉकहार्ट ने कहा कि वह घाटे में चल रही अमेरिकी जेनेरिक कारोबार से बाहर निकलेगी और मधुमेह के लिए एंटीबायोटिक्स और जैविक दवाओं के क्षेत्र में नई दवाओं की खोज पर ध्यान केंद्रित करेगी। संचालित दवा उद्यम बनाने के अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप अमेरिकी कारोबार का महत्वपूर्ण रणनीतिक पुनर्गठन कर रही है।

### शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 1.34% घटकर 5.63 लाख करोड़



**नई दिल्ली।** शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में 10 जुलाई तक 1.34 प्रतिशत घटकर लगभग 5.63 लाख करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से अधिक 'रिफंड' के कारण कर संग्रह कम हुआ है। शुद्ध कंपनी कर संग्रह लगभग दो लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि गैर-कंपनी कर (जिसमें व्यक्तिगत, एचयूएफ और फर्म शामिल हैं) 3.45 लाख करोड़ रुपये रहा।

## बाजार विशेषज्ञों का कहना, कीमत के स्तर पर सही मूल्यांकन जरूरी

# बेहतर कंपनियों के चयन से छोटी, मझोली इकाइयों के शेयर भी देते हैं अच्छा रिटर्न

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाल में छोटी (स्मॉल कैप) और मझोली कंपनियों (मिडकैप) के शेयरों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव के बीच बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि 'स्मॉलकैप' और 'मिडकैप' फंड भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं लेकिन उपयुक्त कंपनियों और कीमत के स्तर पर सही मूल्यांकन का चुनाव करना जरूरी है।

विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि किसी शेयर की अस्थिरता या जोखिम को मापने वाला मिड और स्मॉल कैप का 'बीटा' प्रमुख सूचकांक निफ्टी 50 के मुकाबले एक से भी कम है, जो बताता है कि ये उतने अस्थिर नहीं हैं जितना माना जाता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के मानदंडों के अनुसार, बाजार पूंजीकरण के लिहाज से शीर्ष 100 कंपनियों को लार्जकैप, 101 से 250 कंपनियों को मिडकैप 251 से ऊपर की सूची वाली इकाइयों को स्मॉलकैप की श्रेणी में रखा जाता है।

**मिडकैप के शेयरों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव बना है**

**वहीं स्मॉल-कैप शेयर में वृद्धि की उच्च संभावना होती है**

**लार्जकैप कंपनियों का पूंजीकरण 20,000 करोड़ से अधिक होता है**

### लार्ज कैप के शेयर में स्थिरता अधिक

लार्ज-कैप यानी बड़ी कंपनियों के शेयर अपनी स्थिरता, मजबूत वित्तीय स्थिति और आर्थिक उतार-चढ़ाव में बेहतर तरीके से प्रबंधित करने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। ये निवेशक के निवेश पर जोखिम को कम करने के साथ स्थिर वृद्धि प्रदान करने के लिए आदर्श हैं।



*जोखिम निवेश के लिए चुनी कंपनियों में बाजार में नहीं*

*कई विशेषज्ञों ने लोगों को ऐसी कंपनियों से दूर रहने की भी सलाह दी है। इस बारे में वाइट ओक कैपिटल एएमसी के निदेशक और बिक्री प्रमुख वैभव चुघ ने कहा, जोखिम निवेश के लिए चुनी गयी कंपनियों में है, बाजार में नहीं। जब निवेशक हाल में अच्छा प्रदर्शन करने वाली कंपनियों में भारी निवेश करने के लिए पहले के रिटर्न के पीछे भागते हैं और यह मान लेते हैं कि भविष्य में भी रिटर्न ऐसा ही होगा, तो निराशा हाथ लगती है।*

*बाजार अपने हिसाब से व्यवहार करता है*

*महत्वपूर्ण बात यह है कि बाजार तो अपने हिसाब से व्यवहार करेगा, लेकिन निवेश पोर्टफोलियो की अस्थिरता को कम करने के लिए खुद को तैयार करने की जरूरत है।"*

### निवेशकों के पोर्टफोलियों में हो सभी श्रेणी

यह पूछे जाने पर कि शेयर बाजार के निवेशकों के लिए बड़ी (लार्ज कैप) मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में से किसमें निवेश करना बेहतर है, आनंद राठी वेल्थ लि. के कार्यकारी निदेशक और प्रमुख (उत्पाद और शोध) चेतन शेनॉय ने कहा, निवेशकों को पता होना चाहिए कि प्रत्येक श्रेणी की उनके पोर्टफोलियो में एक अलग भूमिका है।

### स्मॉल कैप गिरावट में तेजी से गिरते हैं

शेनाय ने कहा, "वहीं मिड-कैप शेयर वृद्धि और जोखिम का अच्छा मिश्रण प्रदान करते हैं। ये अक्सर बाजार में तेजी के समय अच्छा प्रदर्शन करते हैं, लेकिन गिरावट के दौरान थोड़े अस्थिर हो सकते हैं। वहीं स्मॉल-कैप शेयर में वृद्धि की उच्च संभावना होती है, लेकिन बाजार में गिरावट के दौरान ये तेजी से गिर सकते हैं।"

### स्माल कैप में अधिक वृद्धि हुई

शेनॉय के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में हालात बेहतर दिख रहे हैं। लार्ज कैप में लगभग 10 प्रतिशत, मिड कैप में करीब 14 प्रतिशत और स्मॉल कैप में अब तक 17.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले साल, वैश्विक स्तर पर तनाव और कंपनियों की कमजोर आय के कारण शेयर बाजार का प्रदर्शन हल्का रहा। इस साल कंपनियों की आय में सुधार दिख रहा है, जिससे बाजार को सहारा मिल रहा है।

# जून में भारत की रूस से कच्चे तेल की खरीद उच्चस्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- कच्चे तेल का आयात 11 महीने के उच्चस्तर पर
- इजराइल-ईरान युद्ध के कारण रिफाइनरियों ने भंडारण बढ़ाया

इज़राइल-ईरान युद्ध के बीच रिफाइनरियों द्वारा भंडारण बढ़ाने के कारण जून में रूस से भारत का कच्चे तेल का आयात 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। विश्लेषकों ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

वैश्विक जिंस बाज़ार विश्लेषक कंपनी केप्लर के तेल जहाज की निगरानी पर आधारित आंकड़ों के अनुसार, भारत ने जून में 20.8 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) रूसी कच्चे तेल का आयात किया, जो जुलाई, 2024 के बाद से सर्वाधिक है। यूरोपीय शोध संस्थान सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने कहा, "जून में भारत के कच्चे तेल के वैश्विक आयात में छह प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि रूस से आयात में मासिक आधार पर आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो जुलाई, 2024 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।" शोध संस्थान ने कहा, "रूस से किए गए इन आयात में से आधे से अधिक की हिस्सेदारी भारत की तीन रिफाइनरियों की रही, जो जी7 प्लस देशों को भी शोधन वाले उत्पादों का निर्यात करती हैं।" भारत अपनी ज़रूरत का 85 प्रतिशत से ज़्यादा कच्चा तेल आयात करता है, जिसे रिफ़ाइनरियों में पेट्रोल और डीज़ल जैसे ईंधन में बदला जाता है। पिछले लगभग तीन वर्षों से रूस इसका मुख्य आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। जून में, भारत ने अपने दूसरे सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता इराक से लगभग 8,93,000 बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल आयात किया।

### अमेरिका पांचवां सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता

केप्लर के अनुसार, अमेरिका भारत का पांचवां सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है, जिसकी आयात मात्रा लगभग 3,03,000 बैरल प्रतिदिन और बाजार हिस्सेदारी 6.3 प्रतिशत है।

# लिथियम के लिए रूस की कंपनी से बातचीत

एजेंसी ▶▶| गुवाहटी

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएलसी इंडिया अफ्रीका स्थित खदान से लिथियम प्राप्त करने के लिए रूस की एक सरकारी कंपनी के साथ बातचीत के अग्रिम चरण में है।

यह घटनाक्रम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि देश स्वच्छ ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिए लिथियम की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करने के उपाय कर रहा है। एनएलसी इंडिया, अफ्रीका के माली में एक लिथियम ब्लॉक में इक्विटी भागीदारी के लिए रूस की एक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी के साथ बातचीत कर रही है।भारत घरेलू और विदेशी बाज़ारों में लिथियम ब्लॉक की खोज और विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इस महत्वपूर्ण खनिज की मांग बढ़ रही है, विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी विनिर्माताओं की ओर से।एनएलसी इंडिया के मुख्य कारोबार में कोयला और लिग्नाइट के खनन के साथ-साथ बिजली उत्पादन भी शामिल है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ने भारत और विदेशों में नवीकरणीय ऊर्जा और कोयला खनन कारोबार में विविधीकरण किया है।



- एनएलसी इंडिया रूस की सरकारी कंपनी से कर रही बातचीत

### कंपनी ने छत्तीसगढ़ में दो ब्लाक जीते

कंपनी ने नीलामी के पांचवें दौर में दो महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉक हासिल किए थे। इसने छत्तीसगढ़ राज्य में दो फॉस्फोराइट और चूना पत्थर ब्लॉक जीते थे। एनएलसी इंडिया लिमिटेड का मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ चार गुना होकर 468.46 करोड़ रुपये रहा है।

## आयकर रिफंड में 2013-14 से 474 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली** । आयकर रिफंड पिछले 11 वर्षों में 474 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 में 4.77 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो सकल कर संग्रह में 274 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। साथ ही, आयकर रिफंड जारी करने में लगने वाले दिनों की संख्या में भी 81 प्रतिशत की कमी आई है। यह 2013 में 93 दिनों से घटकर 2024 में केवल 17 दिन रह गई है। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन के अंतिम वर्ष 2013-14 तक, आयकर विभाग द्वारा जारी रिफंड 83,008 करोड़ रुपये था। जबकि, वर्तमान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासन के 11वें वर्ष 2024-25 के अंत तक, आयकर रिफंड 4.77 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो इस अवधि के दौरान 474 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।



असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

### मर्सिडीज की सितंबर से दाम डेढ़ फीसदी बढ़ाने की योजना

**नई दिल्ली।** यूरो के मुकाबले रुपये के कमजोर होने की वजह से लक्जरी कार कंपनी मर्सिडीज बेंज इंडिया सितंबर से अपने वाहन के दाम एक से डेढ़ प्रतिशत तक बढ़ाने पर विचार कर रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने यह बात कही है। मर्सिडीज इस साल पहले ही जनवरी और जुलाई में अपने वाहन के दाम बढ़ा चुकी है। अय्यर ने बातचीत में कहा, 'सितंबर में यूरो के कारण कीमतों में एक और बढ़ोतरी होने वाली है। अगर आप देखें, तो पिछले एक महीने में यूरो 100 रुपए के स्तर पर बना हुआ है, और इसमें कोई बदलाव नहीं आया है।

## दुग्ध उत्पादकों की आय वृद्धि और उपभोक्ताओं को शुद्धता की सौगात



- एनडीडीबी चेयरमैन डॉ. मीनेश शाह ने किया उद्घाटन

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित के मुख्य प्लांट, उरला (दुर्ग) में रविवार को एक विशेष अवसर पर राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के चेयरमैन डॉ. मीनेश शाह एवं एनडीडीबी के क्षेत्रीय प्रमुख सब्यसाची राय ने संयुक्त रूप से दौरा किया। इस अवसर पर महासंघ के प्रबंध संचालक डॉ. सैकत सामंत द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में डॉ. मीनेश शाह के कर-कमलों द्वारा महासंघ के नवीन उत्पाद देवभोग गोरस-मलाईयुक्त गाय का दूध (500 मि.ली.) का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह उत्पाद राज्य के उपभोक्ताओं को शुद्ध, मलाईयुक्त एवं उच्च गुणवत्ता वाला गाय का दूध उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। डॉ. शाह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि, दुग्ध महासंघ का यह प्रयास राज्य के डेयरी सेक्टर को सशक्त करने एवं दुग्ध उत्पादकों की आय में वृद्धि की दिशा में प्रभावी कदम है।

एनडीडीबी की ओर से इस कार्य में हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर महासंघ के अधिकारी-कर्मचारीगण, तकनीकी विशेषज्ञ एवं स्थानीय डेयरी प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888, 7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं: पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑंकोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सज्जन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001
फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

शाश्वत हॉस्पिटल
Dr. Vikas Mishra Ophthalmologist & Phasco Surgon M.B.B.S., M.S. (Ophthalmology)
चश्मे से आजादी
मोतियाबिंद का ऑपरेशन (बिना टांके) फेको पद्धति द्वारा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन बिना इंजेक्शन (टॉपीकल फेको)। अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर। अत्याधुनिक तकनीक द्वारा चश्मे की जांच।
टिम्बर भवन के सामने, मेन रोड, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.), फोन : 0771-4060303, मो. 9753119900, www.shashwthospital.com

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

# विंबलडन: यानिक सिनर ने जीता खिताब, दो बार के चैंपियन अल्काराज को हराया



एजेंसी ▶▶| लंदन

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर रविवार को यहां विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पुरुष एकल के फाइनल में पिछले दो बार के विजेता कार्लोस अल्काराज को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर ऑल इंग्लैंड क्लब में पहली बार चैंपियन बने। 23 वर्षीय सिनर1968 के बाद से सेंटर कोर्ट पर ट्रॉफी उठाने वाले 23वें खिलाड़ी बन गए हैं।

इससे पहले फ्रेंच ओपन के फाइनल में अल्काराज ने पांच घंटे 29 मिनट तक चले मुकाबले में सिनर के खिलाफ जीत हासिल की थी। कार्लोस अल्काराज ने विंबलडन के शुक्रवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराकर लगातार तीसरी विंबलडन चैंपियनशिप में जगह बनाई थी। वहीं सिनर ने नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर पहली बार ऑल इंग्लैंड क्लब में फाइनल में प्रवेश किया।अल्काराज 22 साल की उम्र में लगातार तीसरा विंबलडन खिताब और कुल मिलाकर छठा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से चूक गए।

## कुदेरमेटोवा और मेर्टेंस की जोड़ी बनीं महिला युगल चैंपियन, सु-वेई-ओस्टापेंको को दी शिकस्त

वेरोनिका कुदेरमेटोवा और एलिस मेर्टेंस की जोड़ी ने रविवार को विम्बलडन महिला युगल के फाइनल में हसीह सु-वेई और येलेना ओस्टापेंको को 3-6, 6-2, 6-4 से शिकस्त दी। कुदेरमेटोवा पहली बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनीं है जबकि मेर्टेंस का यह पांचवां ग्रैंड स्लैम और दूसरा विंबलडन युगल खिताब है। कुदेरमेटोवा और मेर्टेंस 2021 के फाइनल में एक-दूसरे के खिलाफ थीं, लेकिन इस साल विंबलडन में पहली बार एक साथ खेल रही थीं। यह जोड़ी



तीसरे सेट में 2-4 से पीछे थी लेकिन फिर शानदार वापसी करते हुए अंतिम चार गेम को भुना कर खिताब जीतने में सफल रही। कुदेरमेटोवा ने कहा, 'मैं वह (2021) फाइनल हार गई थी और वह बहुत निराशाजनक था। आज मैंने खुद से कहा था कि मुझे यह खिताब चाहिए। और अब यह मेरा है।' हसीह ने तीन अलग-अलग जोड़ीदारों के साथ विंबलडन युगल का खिताब चार बार जीता है।

## इवानोव ने जीता जूनियर खिताब

बुल्गारिया के इवान इवानोव ने रविवार को विंबलडन जूनियर फाइनल में अमेरिका के रोनित कार्की को 6-2, 6-3 से हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। सोलह वर्षीय इवानोव 2008 में ग्रेगर दिमित्रोव के बाद यह खिताब जीतने वाले दूसरे बुल्गेरियाई खिलाड़ी बने। कार्की के खिलाफ उन्हें एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने 22 विनर लगाए जबकि उनके



प्रतिद्वंद्वी ने छह विनर लगाए। कार्की 2014 में नोआ रुबिन के बाद यह खिताब जीतने वाले पहले क्वालीफायर बनने की कोशिश कर रहे थे।

---

## खबर संक्षेप



### मेघालय में शुरू हुआ निशानेबाजी ट्रायल

**शिलांग।** राष्ट्रीय खेल 2027 की मेजबानी करने की तैयारी कर रहे मेघालय के निशानेबाजी संघ ने कहा कि उसने राज्य से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं की पहचान के लिए ट्रायल्स की एक श्रृंखला शुरू की है। मेघालय को पहली बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का अधिकार मिला है। राष्ट्रीय खेलों के 39वें सत्र का मुख्य आयोजन शिलांग में होगा। इसमें देशभर के विभिन्न खेलों के शीर्ष एथलीट भाग लेंगे। अधिकारियों को उम्मीद है कि ट्रायल्स से मिले अनुभव उनके लिए काफी मददगार होगा।

### बीएफआई चुनावों में देरी, पीटी उषा ने गठित की समिति



**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनावों में हो रही देरी के कारणों का पता लगाने और निष्पक्ष तथा समय पर चुनाव सुनिश्चित करने के लिए एक खाके की सिफारिश करने के लिए तीन सदस्यीय 'फेक्ट फाइंडिंग' समिति का गठन किया है। गठित इस समिति की अध्यक्षता आईओए के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव करेंगे जबकि आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा और अधिवक्ता पायल काकरा इसके सदस्य हैं।

### पदक में जगह बनाने से चूकी भारतीय टीम

**लोनाटो।** लक्ष्य श्योराण (22,19,25) और नीरू ढांडा (25,24,25) तीसरी सीरीज में परफेक्ट स्कोर बनाने के बावजूद ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में पदक दौर में जगह बनाने से चूक गए, जिसके साथ भारत का अभियान आईएसएसएफ लोनाटो विश्व कप में समाप्त हो गया। लक्ष्य और नीरू ने क्वालीफाइंग दौर में संभावित 150 में से 140 अंक बनाए और 54 जोड़ियों में 10वें स्थान पर रहे। जोरावर सिंह संधू (21,23,24) और प्रीति रजक (23,24,23) की दूसरी भारतीय जोड़ी 138 अंक के साथ 22वें स्थान पर रही।

### धावक साबले को लगी चोट जल्द हो जाएंगे ठीक : कोच



**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले को दो दिन पहले मोनाको डायमंड लीग के दौरान गिरने के कारण मामूली चोट लगी है लेकिन उनके लंबे समय के कोच अमरीश कुमार ने कहा कि वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे। एशियाई खेलों के चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी साबले शुक्रवार को पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा पूरी नहीं कर पाए क्योंकि दौड़ के शुरुआती दौर में ही पानी में कूदते समय वह गिर गए।

---

### दूसरी पारी में भारत के चार विकेट पर 58 रन, सुंदर ने लिए सर्वाधिक 4 विकेट

# चरम पर पहुंचा लॉर्ड्स टेस्ट का रोमांच, जीत के लिए भारत को 135 रन और इंग्लैंड को 6 विकेट की दरकार

एजेंसी ▶▶| लंदन

आल राउंडर वाशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट झटककर को भारत को रविवार को तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन बेहतरीन स्थिति में पहुंचाया लेकिन 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने मेहमान टीम के स्टंप तक 58 रन तक 4 विकेट चटका दिए। भारत अच्छी शुरूआत नहीं कर सका और दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल खाता खोले बिना आउट हो गए। करूण नायर (14) और कप्तान शुभमन गिल (06) ब्रायडन कार्स का शिकार हुए। रात्रिप्रहरी आकाश दीप को बेन स्टोक्स के आउट करते ही स्टंप हो गया। मैच का पांचवां दिन रोमांचक होगा क्योंकि जीत के लिए भारत को 135 रन और इंग्लैंड को छह विकेट चाहिए। केएल राहुल (47 गेंद पर 33 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

### लॉर्ड्स में 51 साल बाद 4 विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय स्पिनर बने सुंदर

लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान में सुंदर ने अपनी गेंदबाजी प्रदर्शन के साथ एक खास उपलब्धि भी हासिल की है। वह लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर 4 विकेट लेने वाले केवल तीसरे भारतीय स्पिनर बने हैं। उनसे पहले साल 1971 में बी. वेंकटराघवन और 1974 में बिशन सिंह बेदी ने यह कारनामा किया था। ऐसे में सुंदर इस प्रतिष्ठित मैदान पर 51 साल बाद 4 विकेट हॉल लेने वाले पहले भारतीय स्पिनर बने हैं। उन्होंने अपनी गेंदबाजी से इंग्लिश बल्लेबाजों को खासा परेशान किया।



### वॉशिंगटन ने किया इंटरनेशनल क्रिकेट में स्पेशल शतक कंप्लीट

लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ वॉशिंगटन सुंदर ने रविवार को इंग्लैंड की दूसरी पारी में 4 विकेट झटके। सुंदर ने जो रूट (40), कप्तान बेन स्टोक्स (33), जेमी स्मिथ (8) और शोएब बशीर (2) को बोल्ड किया। उन्होंने इसी के साथ इंटरनेशनल क्रिकेट में स्पेशल शतक कंप्लीट किया है। सुंदर ने 100 इंटरनेशनल विकेट का आंकड़ा छू लिया है। सुंदर के खाते में फिलहाल 88 मैचों में 102 विकेट हैं। वह अभी तक 11 टेस्ट में 29 विकेट ले चुके हैं। उन्होंने 23 वनडे में 24 शिकार किए। वहीं सुंदर ने 54 टी20 इंटरनेशनल मुकाबलों में 48 विकेट हासिल किए हैं। सुंदर इंटरनेशनल क्रिकेट में 100 या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले 25वें भारतीय स्पिनर बन गए हैं। भारत के लिए सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड स्पिनर अनिल कुंबले के नाम दर्ज है। उन्होंने 401 इंटरनेशनल मैचों 956 विकेट लिए।

### 192 रन पर सिमटी इंग्लैंड की दूसरी पारी

स्पिन आलराउंडर सुंदर के चार झटकों से इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 192 रन पर सिमट गई। चाय तक उसका स्कोर छह विकेट पर 175 रन था लेकिन अंतिम सत्र के शुरू में उसने महज 17 रन के अंदर अपने बचे हुए चार विकेट गंवा दिए। ब्रेक के तुरंत बाद सुंदर ने कप्तान बेन स्टोक्स (33) को आउट किया और फिर आखिरी बल्लेबाज शोएब बशीर (2) को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड दूसरी पारी : | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्रॉली का जायसवाल बो रेड्डी | 22 | 49 | 3 | 0 |
| बेन डकेट का बुमराह बो सिराज | 12 | 12 | 1 | 0 |
| ओली पोप पगबाधा बो सिराज | 04 | 17 | 1 | 0 |
| जो रूट बो सुंदर | 40 | 96 | 1 | 0 |
| हैरी ब्रुक बो आकाशदीप | 23 | 19 | 4 | 1 |
| बेन स्टोक्स को सुंदर | 33 | 96 | 3 | 0 |
| जैमी स्मिथ बो सुंदर | 08 | 14 | 0 | 0 |
| क्रिस वोक्स बो बुमराह | 10 | 33 | 1 | 0 |
| ब्राइडन कार्स बो बुमराह | 01 | 4 | 0 | 0 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 05 | 25 | 1 | 0 |
| शोएब बशीर बो सुंदर | 02 | 9 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 32

कुल योग : 62.1 ओवर में 192 रन पर सभी आउट

गेंदबाजी : जसप्रीत बुमराह 16-3-38-2, मोहम्मद सिराज 13-2-31-2, नीतिश कुमार रेड्डी 5-1-20-1, आकाशदीप 8-2-30-1, रविंद्र जडेजा 8-1-20-0, वाशिंगटन सुंदर 12.1-2-22-4

| भारत दूसरी पारी : | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का स्मिथ बो आर्चर | 00 | 7 | 0 | 0 |
| केएल राहुल नाट आउट | 33 | 47 | 6 | 0 |
| करुण नायर पगबाधा बो कार्स | 14 | 33 | 1 | 0 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो कार्स | 06 | 9 | 1 | 0 |
| आकाशदीप बो स्टोक्स | 01 | 11 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 04

कुल योग : 17.4 ओवर में चार विकेट पर 58 रन

गेंदबाजी : क्रिस वोक्स 5-2-11-0, जोफ्रा आर्चर 4-0-18-1, बेन स्टोक्स 4.4-0-15-1, ब्राइडन कार्स 4-1-11-2

---

## शतरंज

# भारत के 87वें ग्रैंडमास्टर बने शतरंज खिलाड़ी हरिकृष्णन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ फ्रांस के ला प्लेन अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में तीसरा ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया

हरिकृष्णन ए रा 2022 में चेन्नई में जब ग्रैंडमास्टर श्याम सुंदर मोहनराज की अकादमी से जुड़े तो उनके बारे में इस कोच ने, जो सबसे पहली चीज देखी वह उनका गणना करने का कौशल था।

चौबीस साल के हरिकृष्णन ने फ्रांस के ला प्लेन अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में अपना तीसरा ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया और देश के 87वें ग्रैंडमास्टन बने, जिससे मोहनराज की खुशी का ठिकाना नहीं रहा क्योंकि कुछ महीनों के भीतर उनकी अकादमी के दो खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर बने। चेन्नई के हरिकृष्णन ने अपना पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म कुछ साल पहले हासिल किया था और फिर स्पेन में आंदुजार ओपन में दूसरा नॉर्म हासिल किया। श्रीहरि एलआर भारत के 86वें ग्रैंडमास्टर थे और अब हरिकृष्णन ने यह उपलब्धि हासिल की है। हरिकृष्णन आने वाले शुरुआती लोगों में से एक थे। फिर धीरे-धीरे लगभग 10-15 उनके जैसे स्तर के और लोग भी जुड़ गए।' मोहनराज ने कहा, 'मैं कहूंगा कि उसकी सबसे बड़ी खूबी उसका गणना करने का कौशल है। लेकिन जब मैं उसे प्रशिक्षण दे रहा था तो मैंने सुनिश्चित किया कि वह 'डाइनैमिक्स' में भी अच्छा हो। फिर धीरे-धीरे वह रणनीति में भी अच्छा हो गया।' मोहनराज का मानना है कि हरिकृष्णन को अब 2550-2600 की रेटिंग का लक्ष्य रखना चाहिए।

### दो महीने में अकादमी ने किए दो ग्रैंडमास्टर तैयार

मोहनराज ने उस समय को याद किया जब वह एक साल से अधिक समय तक कोई ग्रैंडमास्टर तैयार नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा, 'दो महीने में ही अकादमी ने दो ग्रैंडमास्टर तैयार कर दिए हैं। पिछले दो-तीन वर्षों से जिन ग्रैंडमास्टर्स को मैं लगातार प्रशिक्षित कर रहा हूं, उनकी वजह से यह बहुत अच्छा लग रहा है।' उन्होंने कहा, 'यह मेरे और हरिकृष्णन, दोनों के लिए बड़ी राहत की बात है क्योंकि उन्होंने लगातार दो ग्रैंडमास्टर नॉर्म गंवा दिए थे।' मोहनराज को वह समय याद है जब अंतरराष्ट्रीय मास्टर बन चुके हरिकृष्णन ग्रैंडमास्टर बनने के लिए मार्गदर्शन लेने उनकी अकादमी में आए थे।

---

## ट्राई सीरीज

# महिला यूरोपीय चैंपियनशिप : पोलैंड ने डेनमार्क को हराकर दर्ज की पहली जीत



एजेंसी ▶▶| लुसर्ने (स्विट्जरलैंड)

नतालिया पेडिला ने एक गोल दागा जबकि एक गोल करने में मदद की, जिससे पोलैंड ने अपने अंतिम ग्रुप मैच में डेनमार्क को 3-2 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप में पहली जीत दर्ज की।

पहली बार टूर्नामेंट में खेल रही पोलैंड के लिए स्पेन में जन्मीं पेडिला ने 13वें मिनट में प्रतियोगिता का पहला गोल दागा जबकि पांच मिनट बाद कप्तान पर्निले हार्डर ने स्कोर 2-0 कर दिया। डेनमार्क के लिए जेनी थॉमसेन ने पहले हाफ में गोल दागा लेकिन पोलैंड की टीम मध्यांतर तक 2-1 से आगे थी। मार्टिना वियानकोवस्का ने 76वें मिनट में स्कोर 3-1 किया।

सिग्ने ब्रून ने इसके बाद 83वें मिनट में डेनमार्क की ओर से एक और गोल दागा लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाईं। दोनों ही टीम पहले ही ग्रुप सी से नॉकआउट में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकीं थी। स्वीडन ने ग्रुप के एक अन्य मैच में जर्मनी को 4-1 से हराया।

## वेस्टइंडीज की तूफानी गेंदबाजी, ऑस्ट्रेलिया को 225 रन पर समेटा

**किंगस्टन (जमैका)।** शमार जोसेफ की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 225 रन पर समेटने के बाद 1 विकेट पर 16 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने एकमात्र विकेट केवलोन एंडरसन (03) का गंवाया, जिन्हें अपना 100वां टेस्ट खेल रहे मिचेल स्टार्क ने बोल्ड किया। स्टार्क यह उपलब्धि हासिल करने वाले 16वें ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं। दिन का खेल खत्म होने पर सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग 8 जबकि कप्तान रोस्टन चेज 3 रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज की टीम अभी ऑस्ट्रेलिया से 209 रन से पीछे है। ऑस्ट्रेलिया की टीम इससे पहले शमार जोसेफ (33 रन पर 4 विकेट), जस्टिन ग्रीव्स (56 रन पर 3 विकेट) और जेडन सील्स (59 उन पर 3 विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने 70.3 ओवर में 225 रन पर सिमट गई।

## फुटबॉल...



**फ्लोरिडा।** इंटर मियामी फॉरवर्ड लियोनेल मेस्सी (दाएं), लुइस सुआरेज (बाएं) के साथ नैशविले एससी के खिलाफ एमएलएस फुटबॉल मैच के दूसरे हाफ के दौरान गोल करने के बाद जश्न मनाते हुए।

## टी20 : बांग्लादेश ने श्रीलंका को 83 रन से हराया, सीरीज में 1-1 की बराबरी



**दांबुला।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में श्रीलंका क्रिकेट टीम को 83 रनों से हरा दिया। इसके साथ ही उसने 3 मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल कर ली। दांबुला में हुए मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के बाद 177/7 का स्कोर बनाया था। जवाब में श्रीलंकाई टीम बांग्लादेश की गेंदबाजी के सामने 94 रन बनाकर ही ढेर हो गई। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की शुरुआत बेहद खराब रही। उसने 78 रन तक अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। उसके बाद कप्तान लिटन दास (76) और शमीम हुसैन (48) ने टीम को मजबूती और स्कोर को 177/7 तक पहुंचा दिया। श्रीलंका से बिनुरा फर्नांडो ने सर्वाधिक 3 विकेट चटकाए। जवाब में श्रीलंका का कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया और पूरी टीम 15.2 ओवर में 94 रन पर ढेर हो गई।

---

# फीफा ने की खिलाड़ियों के विश्राम मानकों पर सहमति बनने की घोषणा

एजेंसी ▶▶| ज्यूरिख

फीफा ने कहा कि खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों और खेल की नियामक संस्था के बीच खिलाड़ियों के लिए मैचों के बीच 72 घंटे के आराम की आवश्यकता के साथ प्रत्येक सत्र के अंत में कम से कम 21 दिनों की छुट्टी मिलने पर सहमति बन गई है। फीफा और खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों के बीच यह बातचीत पेरिस सेंट-जर्मेन और चेल्सी के बीच क्लब विश्व कप के फाइनल की पूर्व संध्या पर हुई। यह टूर्नामेंट यूरोप के सत्र के खत्म होने के तुरंत बाद आयोजित किया जा रहा है।

खिलाड़ियों के संघ ने कहा था कि एक महीने तक चलने वाले क्लब विश्व कप से खिलाड़ियों के चोटिल होने और थकान का खतरा बढ़ गया है।


## भारत-इंग्लैंड अंडर 19 टेस्ट मैच

# पहली पारी में टीम इंडिया 540 पर ऑलआउट, बल्लेबाजों ने खेली बेहतरीन पारी

एजेंसी ▶▶| बेकेनहैम

इंग्लैंड अंडर-19 टीम के खिलाफ केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे पहले यूथ टेस्ट मैच में, भारतीय अंडर-19 टीम ने अपनी पहली पारी में 540 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। पहले दिन के खेल खत्म होने तक भारत ने 7 विकेट पर 450 रन बनाए थे। कप्तान आयुष म्हात्रे ने शानदार शतक (102 रन) जड़ा, जबकि अभिज्ञान कुंडू (90), राहुल कुमार (85) और विहान मल्होत्रा (67) ने भी अर्धशतकीय पारियां खेलीं।



### इंग्लैंड की गेंदबाजी

इंग्लैंड अंडर-19 टीम की ओर से एलेक्स ग्रीन और रल्फी एलबर्ट ने 3-3 विकेट लिए, जबकि जैक होम और आर्ची वॉर्न को 2-2 विकेट मिले।

### दूसरे दिन का खेल

दूसरे दिन भारत ने 7 विकेट पर 450 रन से आगे खेलना शुरू किया। आरएस अंब्रीश और हेनिल पटेल ने पारी को आगे बढ़ाया और बेहतरीन प्रदर्शन किया। अंब्रीश ने अपना अर्धशतक पूरा किया और हेनिल पटेल के साथ मिलकर अर्धशतकीय साझेदारी भी की, जिससे भारत 500 रन के आंकड़े को पार कर गया। अंब्रीश 70 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पटेल ने 38 रन का योगदान दिया। दीपेश देवेंद्रन 4 रन बनाकर आउट हुए, वहीं अनमोलजीत सिंह 8 रन बनाकर नाबाद रहे।

### आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद मिली आयुष को कप्तानी

आयुष म्हात्रे घरेलू क्रिकेट में मुंबई क्रिकेट टीम के लिए खेलते हैं और मौजूदा समय में भारत के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ियों में से एक हैं। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें भारत U19 की कप्तानी सौंपी गई थी। आयुष आईपीएल 2025 के बीच सीजन के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स टीम में एक रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के रूप में शामिल हुए थे। उन्होंने सात मैचों में 34.28 की औसत से 240 रन बनाकर अपना आईपीएल 2025 अभियान समाप्त किया, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 94 था।

### वैभव 14 रन बनाकर आउट

यूथ वनडे में शानदार परफॉर्म करने वाले 14 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी पहले दिन मात्र 14 रन ही बना सके। उन्हें ग्रीन ने आउट किया। वैभव ने ऑफ साइड के बाहर शॉर्ट ऑफ लेंथ बॉल को कट किया। लेकिन अल्बर्ट ने थर्ड मैन पर उनका कैच लपक लिया।






# समुद्र से दो हजार साल बाद वापस आ रहा इटली का शहर

**रोम।** इटली का 2,000 साल पहले पानी में डूबकर खत्म हो गया शहर फिर से दुनिया के सामने आ रहा है। एनेरिया नाम के इस शहर को ज्वालामुखी ने तबाह कर दिया था। इटली के इस्चिया द्वीप पर 180 ईस्वी में क्रेटियो ज्वालामुखी फटा था। इससे उठी प्रचंड तरंगों ने रोमन बंदरगाह शहर ऐनारिया को समुद्र में डुबो दिया। अब पानी के नीचे की सैर और चल रही खुदाई इसके आकर्षक इतिहास को फिर से सतह पर ला रही है। इटली के इस्चिया द्वीप के तट पर खोए हुए इस रोमन शहर के खंडहर फिर से दिखने लगे हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, पुरातात्विक उत्खनन और पानी के नीचे पर्यटन के जरिए इस शहर को दुनिया की नजर में वापस लाया जा रहा है। यह कार्टारोमाना की खाड़ी में स्थित खंडहर सतह के ठीक नीचे स्थित हैं।

## ज्वालामुखी ने डुबोया था हंसता-खेलता रोमन नगर

### लंबे समय से चल रही जांच

इस शहर के शुरुआती सुराग 1970 के दशक में उभरे, जब गोताखोरों को इस्चिया तट से मिट्टी के बर्तनों और सिल्लियों के टुकड़े मिले। हालांकि तब इस खोज को रफ्तार नहीं मिल सकी। साल 2011 में स्थानीय नाविकों और इतिहास में दिलचस्पी रखने वालों को बड़ी कामयाबी मिली, जब समुद्र तल के दो मीटर नीचे दबे विशाल रोमन घाट के अवशेषों को सामने आए। इसके बाद एम्फोरा, मोजाइक, सिक्के, समुद्र किनारे विला के अवशेष और लकड़ी का रोमन जहाज यहां मिला। ग्रीक डोमेन माना जाने वाला इस्चिया लंबे समय तक अपने थर्मल स्प्रिंग्स और 750 ईसा पूर्व में शुरुआती ग्रीक उपनिवेशीकरण के लिए प्रसिद्ध रहा। 322 ईसा पूर्व में रोमन नियंत्रण के बाद इस द्वीप का नाम बदलकर एनेरिया कर दिया गया। यह नाम प्लिनी द एल्डर और स्ट्रैबो के शास्त्रीय ग्रंथों में भी मिलता है। हालांकि, अभी तक इस रोमन बस्ती के भौतिक प्रमाण दुर्लभ रहे हैं।



### पुरानी समझ को चुनौती

पुरातत्वविद् डॉक्टर एलेसेंड्रा बेनिनी ने बीबीसी से कहा कि ऐसा माना जाता था कि रोमनों ने इस्चिया पर कभी कोई शहर नहीं बनाया। वास्तविकता इसके विपरीत थी। किसी समकालीन रोमन अभिलेख में इसका वर्णन नहीं होने की वजह सदियों तक इस स्थल के ज्वालामुखीय तलछट के नीचे दबा होना रहा है। खोज से पता चलता है कि ऐनारिया ना केवल एक बंदरगाह था, बल्कि एक आवासीय केंद्र भी था। रोमन सैन्य अभियानों में ऐनारिया की रणनीतिक भूमिका रहने के सबूत खोज से मिलते हैं। साथ ही व्यापारिक साक्ष्य भी मजबूत हैं। इस स्थल पर पाए गए एम्फोरा भूमध्य सागर के पार 12 उत्पादन केंद्रों से हैं।

## रोचक खबरें

### सावन में महिला का हरियाली वाले मेकअप देख लोगों ने काटी मौज!



**नई दिल्ली।** लोग सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए बहुत से प्रयोग करते हैं। कई बार तो हैरानी होती है अलग दिखने का ऐसा भी क्या जुनून, लेकिन अलग तरह से दिखने या अलग ही काम करने के चक्कर में लोग ऐसा भी कर जाते हैं जिसे इंसान सोचना भी पसंद नहीं करे। एक वायरल वीडियो में एक महिला ने अपने मेकअप से लोगों को चौंका दिया है। उसने अपने मेकअप में हरे रंग का इस अंदाज़ में इस्तेमाल किया है कि लोगों ने कमेंट सेक्शन में ऐसे मजेदार कमेंट्स किए हैं कि वे एक- दूसरे की ही तारीफ करते नजर आए।

**मेकअप का मतलब कुछ भी नहीं**


मेकअप करने का मतलब यह नहीं है कि आप दुनिया के दूसरों लोगों से बहुत ही अलग अजर आएं। इसमें हम ऐसे रंग और क्रीमों का इस्तेमाल करते हैं, जिससे हमारे चेहरे की त्वचा चमकीली और रंग निखर कर समान्य लोगों के चेहरों के रंग की तरह नजर आए। मेकअप करने वाले एक्सपर्ट्स जानते हैं कि मेकअप का मकसद खुद पूरी तरह से गोरा दिखना नहीं है। क्योंकि, ऐसा करने पर जरूरी नहीं कि इंसान सुंदर ही दिखे।

#### हरा ही हरा रंग

वीडियो में एक महिला अपने चेहरे पर मेकअप करने के बाद बालों में हरे रंग की क्लिप लगा रही है। आमतौर पर महिलाएं चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए चेहरे पर हलका लाल रंग लगाती हैं। लेकिन. यहां महिला ने लाल रंग की जगह हरे रंग का इस्तेमाल किया है। इतना ही नही, उसने होठों पर हरी लिपिस्टिक भी लगाई है। महिला ने खुद को पूरे हरे रंग से सराबोर ही कर लिया था। उसके सूट का रंग हरा था। उसके गले का हार भी हरे रंग का था। आईशैडो भी हरे रंग का था।

### 16 साल की उम्र से टैटू बनवा रही लड़की ढक गया शरीर का 98 फीसदी हिस्सा

**केनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की महिला के शरीर पर इतने टैटू हैं कि आपको खाली जगह नहीं नजर आएगी। उसने इस जुनून पर करोड़ों रुपये खर्च कर दिए हैं।



एम्बर ल्यूक को टैटू का शौक काफी कम उम्र से लग गया था। महज़ 16 साल की उम्र में जब उन्होंने पहला टैटू बनवाया, तब शायद उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि एक दिन वे ऑस्ट्रेलिया की 'सबसे अधिक टैटू वाली महिला' कहलाएंगी। अब 30 वर्षीय एम्बर के शरीर का लगभग 98% हिस्सा टैटू से ढंका हुआ है। इसमें खूबसूरत कैलीग्राफ़ी, पोर्ट्रेट्स, प्रतीक चिन्ह और कई अनोखे डिज़ाइन्स शामिल हैं। हाल ही में एक इंस्टाग्राम इंटरव्यू में एम्बर ने बताया कि अब तक उन्होंने अपने लुक पर कुल 177,000 (लगभग 1.77 करोड़ रुपए) खर्च किए हैं।

हाइड्रोपोनक खेती आज के समय में होने वाली एक ऐसी आधुनिक खेती की तकनीक है, जिसमें पौधों को बिना मिट्टी के उगाया जाता है।



# बिना खेत और मिट्टी के अब पानी में उगेंगी सब्जियां

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



इसमें पौधें की जड़ें एक पाइप में छेद कर के भरे गए पानी में रहती हैं और इसी पानी में उनके बढ़ने के लिए जरूरी पोषक तत्वों और ऑक्सीजन को मिलाया जाता है। आसान शब्दों में कहें तो, यह तकनीक पानी में खेती करने जैसी है।

### कैसे काम करती है यह तकनीक?

हाइड्रोपोनिक खेती में पौधों को बढ़ने के लिए जितने भी पोषक तत्वों की जरूरत होती है, वह उन्हें पानी में मिक्स किए गए घोल से मिल जाते है। इसमें मिट्टी की जरूरत नहीं पड़ती जैसा की खेती के दौरान की जाती है। इस तकनीक से सारी प्रक्रिया बहुत ही नियंत्रित माहौल में होती है। जैसे, पोषक तत्वों की मात्रा, हवा की नमी या फिर तापमान। इससे पौधों को सही मात्रा में पोषण मिलता है और यह तेजी से बढ़ते है।

### कीटनाशकों से छुटकारा

इसमें मिट्टी का इस्तेमाल ना होने के कारण मिट्टी से होने वाली बीमारियों और कीड़ों का खतरा कम रहता है जिससे कीटनाशकों का इस्तेमाल नहीं करना पड़ता.

**पौधों की क्वालिटी:** इस विधि से उगाई गईफ फसलें पूरी तरह से प्राकृतिक तो होती ही हैं साथ ही अधिक पौष्टिक और अच्छी क्वालिटी की होती है।

हाइड्रोपोनिक खेती भविष्य में या यूं कहिए की आने वाले समय में खेती का अहम हिस्सा बन सकती है, खासकर उन क्षेत्रों के लिए जहां पारंपरिक खेती या तो संभव नहीं है या उन क्षेत्रों में संसाधनो की कमी है।

### हाइड्रोपोनक खेती के फायदे

हाइड्रोपोनिक खेती के कई सारे फायदे हैं, खासकर ऐसे समय और माहौल में जहां खेती करने के लिए जमीन और पानी दोनों की ही कमी है। इन दोनों मुख्य चीजों का कम होना खेती के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है।

**पानी की बचत:** पारंपरिक खेती की तुलना में इसमें 80 से 90 प्रतिशत तक कम पानी इस्तेमाल होता है, क्योंकि इसमें पानी को बार-बार इस्तेमाल किया जा सकता है।

### कम जगह

साथ ही इसे कम जगह में भी किया जा सकता है, हाइड्रोपोनिक खेती के लिए आपको किसी बड़ी जमीन की आवश्यकता नहीं होगी. इसे घर की छत पर भी किया जा सकता है।

### तेजी से विकास

इस प्रक्रिया में पौधों को पोषक तत्व डायरेक्ट मिलते हैं जिससे वह तेजी से बढ़ते हैं और फसल की पैदावार भी ज्यादा होती है।



# 18 लाख में बिकी ये पासपोर्ट साइज फोटो! आखिर क्या है खासियत



**न्यूयार्क।** दुनिया में फैंस की कमी नहीं है। कोई क्रिकेटर्स का फैन है, कोई हीरो-हिरोइनों का फैन है तो कोई किसी और सेलिब्रिटी का। जाहिर है कि जब लोगों को उनके फेवरेट सेलेब्स से जुड़ी कोई चीज मिले, तो वो उसे हर स्थिति में खरीदना चाहेंगे, उनके अंदर एक अलग सा पागलपन देखने को मिलता है। ऐसा ही पागलपन तब देखने को मिला जब एक 2 इंच की फोटो नीलाम होने लगी। ये पासपोर्ट साइज फोटो 18 लाख रुपए में बिकी। पर सवाल ये उठता है कि आखिर इसमें ऐसी क्या खास बात है?

हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस मेरिलिन मुनरो और मशहूर बेसबॉल खिलाड़ी जो डिमैगियो की शादी और हनीमून से जुड़ी एक ऐतिहासिक फोटो इस हफ्ते अमेरिका में एक नीलामी में 21,655 डॉलर (लगभग 18 लाख रुपए) में बिकी। यह फोटो न केवल एक नायाब धरोहर है, बल्कि उस दौर की एक रोमांचक कहानी भी अपने साथ लेकर आई है। यह छोटी-सी पासपोर्ट फोटो मात्र 2.25 x 2.75 इंच का है, जिस पर लाल स्याही में लिखा है- मिस्टर बोल्ड्स को, धन्यवाद और मेरी हार्दिक शुभकामनाएं, मेरिलिन मुनरो डिमैगियो ।

### पासपोर्ट बनवाने नहीं थी फोटो

यह वाकया 29 जनवरी, 1954 का है, जब मेरिलिन मुनरो और जो डिमैगियो ने अपनी शादी के दो हफ्ते बाद सैन फ्रांसिस्को के एक संघीय कार्यालय में जापान में अपने हनीमून और व्यावसायिक दौरे के लिए पासपोर्ट बनवाने का निर्णय लिया। उस वक्त 27 वर्षीय मुनरो (जिनका असली नाम नॉर्मा जीन मोर्टेन्सन था) के पास पासपोर्ट फोटो नहीं थी। ऐसे में 40 वर्षीय जो डिमैगियो पास के एक आर्केड में चले गए और मुनरो की पहले से मौजूद एक तस्वीर से कई प्रतियां बनवाकर लौटे। उनमें से एक पर मुनरो ने हस्ताक्षर करके वह फोटो पासपोर्ट ऑफिसर हैरी ई. बोल्ड्स को दे दी। हालांकि, यह फोटो मुनरो के पासपोर्ट में शामिल नहीं हुई, लेकिन यह उसी दिन बनाई गई कॉपियों में से एक थी जिसे बाद में बोल्ड्स ने संजोकर रखा। अब दशकों बाद यह फोटो नीलामी में सामने आई है।

### दो पैरों वाला बछड़ा हुआ चर्चित, कई लोगों ने माना चमत्कार!

**नई दिल्ली।** वायरल वीडियो में यह बछड़ा खुद के दो पैरों पर खड़ा है। यह बछड़ा जन्मजात ही दो पैरों का है और यह दो पैरों पर ही बिना किसी सहारे के पूरी तरह से संतुलित हो कर चलता दिख रहा है। वही, कुछ लोगों उसकी सेवा भी करते दिख रहे हैं। बछड़ा सामान्य बछड़ों की तुलना में कुछ मुश्किल से चलता दिख रहा है।




दावा

200 लाइट ईयर दूर पहुंचा मैसेज, राष्ट्रीय खगोल विज्ञान बैठक 2025 में हुआ खुलासा

# आर्मी के लोग भेज रहे हैं एलियंस को सिग्नल...

**लंदन।** वैज्ञानिकों की नई रिसर्च में बहुत ही चौंकाने वाला दावा सामने रखा गया है। धरती अनजाने में अपनी लोकेशन किसी दूसरे ग्रह में मौजूद एलियंस को अपना लोकेशन बता रही है।

देश के एयरपोर्ट और मिलिट्री रडार से निकलने वाले रेडियो वेव्स ये काम कर रहे हैं, साथ ही वेव्स अंतरिक्ष में 200 लाइट वर्ष दूर तक जा चुके है। ये चौंकाने वाला खुलासा यूनाइटेड किंगडम के डराम शहर में आयोजित रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी की राष्ट्रीय खगोल विज्ञान बैठक 2025 में हुआ।

### कैसे दिखता है सिग्नल?

वैज्ञानिकों ने बताया कि हवाईअड्डों पर लगे रडार सिस्टम जो विमानों को ट्रैक करने के लिए बनाए गए हैं, इतने पावरफुल सिगनल्स भेजते हैं कि वो दूसरे ग्रहों तक जा सकती है। इससे जुड़ी और जानकारी हासिल करने के लिए वैज्ञानिकों ने ऐसे सितारों पर स्टडी किया जो धरती से बहुत नजदीक हैं, खासकर कि बर्नार्ड्स स्टार और एयू माइक्रोस्कोपी। एयरपोर्ट के रडार से निकलने वाली तरंगें 2×10 वॉट्स की होती है।



### ज्यादा पावरफुल होते हैं मिलिट्री रडार

मिलिट्री द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला रडार ज्यादा ताकतवर होते है। इनसे निकलने वाले सिग्नल की गति 1×10 वॉट्स तक पहुंच सकती है। इतनी पावर अंतरिक्ष में किसी विकसित सभ्यता को यह बताने के लिए काफी है कि उनके ग्रह से दूर कहीं जीवन मौजूद है। इन सिग्नल्स को देख कर आसानी से बताया जा सकता है कि ये किसी मशीन से बने है।

### धरती के लिए खतरा

मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक माइकल गैरेट कहते हैं कि, इस रिसर्च की मदद से हम ये समझ सकते हैं कि हमारी तकनीक का अंतरिक्ष में क्या प्रभाव हो रहा है। साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी है कि हम अब Radio Signals को लेकर सतर्क हों, क्योंकि अगर कोई भी एलियन सभ्यता हमारे सिग्नल को पकड़ रही है और हमारी टेक्नोलॉजी की स्टडी कर रही है तो इससे खतरा पैदा हो सकता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com